CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, बुधवार, 19 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 59 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



तापसी पन्नू की फिल्म 'गांधारी' की शूटिंग पूरी...
पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### न्यूज़ीलैंड के पीएम से मिले राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की तथा दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाने एवं वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की। लक्सन भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीरें अपने व्हाट्सऐप चैनल पर शेयर कीं।

### दस गाय खरीदों, सब्सिडी लोः मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए



हमारी सरकार डेयरी फार्मिंग को प्रोत्साहित कर रही है। जो लोग 10 से अधिक गाय खरीदेंगे, उन्हें सब्सिडी मिलेगी। हमने सभी धार्मिक नगरों में शराब पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, क्योंकि पवित्र स्थानों के पास शराब का सेवन हमारी आस्था और परिवारों को नुकसान पहुंचाता है।

### बेंगलुरूः बिजली पोल गिरने से दो की मौत

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू में बायप्पनहल्ली पुलिस स्टेशन के तहत सोमवार की शाम एक जेसीबी मशीन गलती से खंभे से टकरा गई और खंभा गिर गया। इस दौरान दो महिलाएं सड़क किनारे चल रही थीं। जिससे दोनों महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुमति और सोनी के रूप में हुई है और दोनों की आयु 35 वर्ष है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शेयर बाजार गुलजारः भारी उछाल देखा गया

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में 1.50 प्रतिशत की शानदार रिकवरी देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 1131.31 अंकों (1.53 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 75,301.26 अंकों पर बंद हुआ। जबकि एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 325.55 अंकों की बढ़त लेकर 22,834.30 अंकों पर बंद हुआ।

## बजट सत्र का दूसरा फेज

# पीएम मोदी बोले, महाकुंभ में अनेक अमृत निकले

## एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद

### राहुल बोले, भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज के पांचवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को लेकर संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। पीएम ने कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए और महाकुंभ के उत्साह-उमंग को महसूस किया। देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला। अनेकता में एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें, ये हमारा दायित्व है। इधर, राहुल गांधी ने मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा, मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उस पर भी बोलना चाहिए था।



### महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा

हमारे देश में कई छोटी-बड़ी नदियां हैं, कुछ ऐसी हैं जिन पर संकट आ रहा है। कुंभ से हमें दिखा कि नदी उत्सव को विस्तार देना होगा। पीढ़ी को पानी का महत्व पता चलेगा, साफ-सफाई को बल मिलेगा, नदियों की रक्षा होगी। भरोसा है कि महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना दिखती है

जब अलग क्षेत्र, अलग भाषा के लोग संगम पर उद्घोष करते हैं तो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना दिखती है। वहां छोटे-बड़े का भेद नहीं था। ये दिखाता है कि एकता का अद्भुत तत्व हमारे भीतर रचा-बसा है। एकता की यही भावना भारतीयों का सौभाग्य है। विश्व में जो बिखराव की स्थिति है, उस दौर में एकजुटता का विराट प्रदर्शन हमारी ताकत है। ये हमारी विशेषता है, कहते आए हैं, महसूस किया है, इसी के विराट रूप का अनुभव प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है कि हम इस भावना को समृद्ध करते रहें।

### मॉडर्न युवा पीढ़ी महाकुंभ और दूसरे उत्सवों से जुड़ी रहे

प्रधानमंत्री ने कहा, मॉडर्न युवा पीढ़ी महाकुंभ और दूसरे उत्सवों से जुड़ी रहे। आज भारत का युवा परंपरा, आस्था, श्रद्धा को गर्व के साथ अपना रहा है। जब एक समाज की भावनाओं में अपनी विरासत पर गर्व का भाव बढ़ता है तो हम ऐसी ही भव्य प्रेरक तस्वीरें देखते हैं, जो हमने महाकुंभ के दौरान देखी हैं। इससे आपसी भाईचारा और आत्मविश्वास बढ़ता है कि देश के रूप में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। ये भावना आज के भारत की बहुत बड़ी पूंजी है। महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से हर कोने से आए लोग एक हो गए। अहम त्याग कर वयं के भाव से मैं नहीं, हम की भावना से प्रयाग राज में जुटे, त्रिवेणी का हिस्सा बने।

### त्रिवेणी का जल लेकर मॉरीशस गया था

पीएम मोदी बोले, ये उमंग ये उत्साह सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं था। बीते हफ्ते मैं मॉरीशस में था। त्रिवेणी से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर वहां गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया, तो श्रद्धा-आस्था और उत्सव का माहौल देखते ही बनता था। ये दिखाता है कि आज हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करने की, उत्सव मनाने की भावना कितनी प्रबल हो रही है। मैं ये भी देख रहा हूं कि पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कारों के आगे बढ़ने का क्रम कितनी सहजता से आगे बढ़ रहा है।

### राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा में देखा था कि कैसे देश अगले 1000 साल के लिए तैयार हो रहा है

मोदी बोले, पिछले वर्ष अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में देखा था कि कैसे देश अगले 1000 साल के लिए तैयार हो रहा है। एक साल बाद महाकुंभ के आयोजन ने ये दिखा दिया है। देश की सामूहिक चेतना, देश का सामर्थ्य बताती है। मानव जीवन और देश के लिए कई ऐसे अवसर आते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाते हैं। हमारे लिए भी ऐसे पल आए हैं, जब देश को झकझोर कर एक कर दिया गया।

### महाकुंभ जैसे आयोजन राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्र को नए संकल्पों की तरफ ले जाते हैं

प्रधानमंत्री बोले, महाकुंभ जैसे आयोजन राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्र को नए संकल्पों की तरफ ले जाते हैं, ये उनकी सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने शंकाओं-आशंकाओं का भी जवाब दिया है, जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती हैं।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू लगाया

## 50 अरेस्ट, 33 पुलिसकर्मी घायल, इनमें 3 डीसीपी

## संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग







**नागपुर।** नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है।

### औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ

सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7.30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की। पुलिस पर भी हमला किया गया। डीसीपी निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई।

### सीएम ने घायल डीसीपी से वीडियो कॉल पर बात की

*मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडणवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीसीपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की।*

### मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ी

*हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।*

## उदयपुरः घड़ी के शोरूम में आग लगी

### बिल्डिंग में फंस गया मालिक का परिवार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर के बापू बाजार में मंगलवार को एक घड़ी के शो रूम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि बिल्डिंग में ही शोरूम का मालिक और उसका परिवार फंस गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिल्डिंग में फंसे शोरूम के मालिक और उनके परिवार को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया गया। बाजार के एक हिस्से को भी खाली करा लिया गया है। आग इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल तक फैल गई। इस कारण बचाव दल को शोरूम के मालिक निकेश तक पहुंचने में संघर्ष करना पड़ा। निकेश अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ऊपरी मंजिल पर फंसे हुए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगी होगी। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

## सीएम फडणवीस बोले, नागपुर हिंसा सुनियोजित हमला

### कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं'

### शहर में विहिप-बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन

**मुंबई।** नागपुर में सोमवार की रात हिंसा भड़क गई। इसके बाद कई इलाकों में कर्फ्यू लगाना पड़ा। वहीं इस मुद्दे पर मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बयान दिया। उन्होंने कहा कि नागपुर में विहिप और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। अफवाह फैलाई गई कि धार्मिक सामग्री वाली चीजें जला दी गईं। यह एक सुनियोजित हमला लगता है। किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने की इजाज़त नहीं है। पुलिस पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने जानकारी देते हुए कहा, सुबह 11.30 बजे वीएचपी और बजरंग दल ने प्रदर्शन किया था। उस दौरान घास की प्रतीकात्मक कब्र जलाई गई थी।



पुलिस ने इस पर मामला भी दोपहर में दर्ज किया था। इसके बाद शाम को एक अफवाह फैलाई गई कि जो पुतला जलाया गया, उसमे धार्मिक लिखावट का कुछ जलाया गया है। 11 पुलिस स्टेशनों की हद में संचार बंदी लगाई है। एक ट्रॉली भरकर पत्थर मिलें हैं। पुलिस ने हथियार भी जब्त किए हैं, जिससे यह एक तरह का सुनियोजित हमला दिखाई देता है। महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मैं सभी से अपील करता हूं कि किसी ने भी अगर दंगा करने का प्रयत्न किया तो उसकी जाति-धर्म न देखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# भारत में 'स्टारलिंक' की एंट्री कंफर्म

### ट्राई से अप्रूवल मिलने का इंतजार | जल्द शुरू होगी ब्रॉडबैंड सर्विस | फाइबर से कई गुना तेज होगी इंटरनेट

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं जल्द शुरू कर सकती है। कंपनी को फिलहाल भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से अप्रूवल मिलने का इंतजार है। पिछले दिनों स्टारलिंक ने भारत के लीडिंग टेलीकॉम ऑपरेटर्स जीयो और एयरटेल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की थी।

इन दोनों टेलीकॉम ऑपरेटर्स के आउटलेट्स से स्टारलिंक के डिवाइस खरीदे जा सकेंगे। हालांकि, यह साझेदारी कंपनी को भारत में अप्रूवल मिलने पर निर्भर करता है। जियो और एयरटेल भी स्टारलिंक की तरह ही भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस प्रदान करेंगे। इन दोनों कपनियों को सरकार की तरफ से अप्रूवल मिला हुआ है। सैटेलाइट सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम अलोकेशन के बाद ये दोनों कंपनियां अपनी ब्रॉडबैंड सर्विस शुरू कर देंगी।

सामने आई एक रिपोर्ट की मानें तो स्टारलिंक की सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस में यूजर्स को मौजूदा ब्रॉडबैंड के मुकाबले कई गुना ज्यादा स्पीड से इंटरनेट सर्विस मुहैया कराई जा सकती है, जो कई टैराबाइट प्रति सेकंड यानी टीपीबीएस तक हो सकती है। भारत में स्टारलिंक की कैपेसिटी क्या होगी फिलहाल यह साफ नहीं है।

## पीएम मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट को लिखा पत्र...

# '140 करोड़ देशवासियों को आपको आप पर गर्व है'

### स्पेस से धरती पर लौट रही सुनीता विलियम्स

### पिछले नौ माह से फंसे थे सभी स्पेश यात्री

**नई दिल्ली।** नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती पर लौट रहे हैं। इसके लिए वह रवाना भी हो चुके हैं। इस घटनाक्रम पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं।

करीब नौ महीने से अधिक समय से ये एस्ट्रोनॉट्स इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए थे। वहीं अब इनकी वापसी पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में सुनीता विलियम्स को शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की बेटी की मेजबानी करना खुशी की बात होगी।



### पीएम नरेन्द्र मोदी ने दी शुभकामनाएं

पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने पत्र में लिखा, मैं आपको भारत के लोगों की ओर से शुभकामनाएं देता हूं। आज एक कार्यक्रम में मेरी मुलाकात प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से हुई। हमारी बातचीत के दौरान आपका नाम आया और हमने चर्चा की कि हमें आप पर और आपके काम पर कितना गर्व है। इस बातचीत के बाद, मैं खुद को आपको पत्र लिखने से नहीं रोक पाया। जब मैं संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी यात्राओं के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप या राष्ट्रपति बाइडेन से मिला, तो मैंने आपका कुशलक्षेम पूछा। 1.4 बिलियन भारतीयों ने हमेशा आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व किया है। हाल के घटना मों ने एक बार फिर आपकी प्रेरणादायी दृढ़ता को प्रदर्शित किया है।

### 'अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहे भारतीय'

भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिल के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। बोनी पंड्या आपकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही होंगी और मुझे यकीन है कि स्वर्गीय दीपकभाई का आशीर्वाद भी आपके साथ है। मुझे 2016 में संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान आपके साथ उनसे मुलाकात की याद आती है। आपकी वापसी के बाद, हम भारत में आपसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। मैं माइकल विलियम्स को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आपको और बैरी विल्मोर को सुरक्षित वापसी के लिए शुभकामनाएं।

## हरियाणा सरकार का फैसला

# शुरू होगी 'लाड़ो लक्ष्मी योजना'

### हर माह मिलेंगे 2100 रुपए

### आधार से बैंक खाता लिंक होना जरूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अपने राज्य की महिलाओं के लिए 'लाड़ो लक्ष्मी योजना' की शुरू करने का ऐलान किया है। इस योजना के जरिए सरकार की ओर से हर महीने 2100 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। लेकिन उसके लिए महिलाओं के पास बीपीएल कार्ड होना जरूरी है। जिन महिलाओं के पास बीपीएल कार्ड नहीं होगा।

उन्हें इस योजना में लाभ नहीं मिल पाएगा। कुछ ऐसा ही नियम दिल्ली की महिला समृद्धि योजना



को लेकर के भी है। वहां भी जिन महिलाओं के पास बीपीएल कार्ड नहीं है उन्हें योजना में लाभ नहीं मिलेगा। हरियाणा सरकार की लाड़ो लक्ष्मी योजना में लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र भी होना जरूरी है नहीं तो इस योजना में लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए महिलाएं कॉमन सर्विस सेंटर जाकर या सरल केंद्र जाकर पहले अपना परिवार पहचान पत्र बनवा लें।

इसे बनवाने के लिए आधार कार्ड की जरूरत होगी। महिलाओं के बैंक खाते में आधार कार्ड लिंक होना भी जरूरी है।

# आमजन को वित्तीय साक्षरता के प्रति करें जागरूक: गर्ग

## ■ जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की तृतीय तिमाही बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक गर्ग ने बैंकों की ओर से विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए जागरूकता कैंप आयोजित करने तथा उद्यमिता विकास पर जोर दिया। उन्होंने जिले में बैंकिंग सुविधाओं से वंचित गांवों की पहचान कर बैंक अथवा बी.सी. पॉइंट के माध्यम से लोगों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की बात कही। उन्होंने जालोर जिले की प्रसिद्ध जूतियां एवं जीरे का निर्यात को संगठित तरीके से बढ़ावा देने के साथ ही समस्त बैंकर्स को उद्योग में नवाचार व प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करने के लिए ऋण प्रवाह करने की बात कही।



बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बैंकर्स को सरकार की ओर से प्रायोजित योजनाओं में पात्र लोगों के लंबित प्रकरणों का आगामी 15 दिवस मे निस्तारण कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अग्रणी बैंक अधिकारी रमेश कुमार ने योजनावार प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि बैंकों की जमाएं तिमाही दिसम्बर 2024 में 6972.21 करोड़ ऋण रूपये 7925.88 करोड़ होकर जिले का साखानुपात 113.68 प्रतिशत हैं। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 का 4703.45 करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 तक बैंको ने प्राथमिक क्षेत्र में कुल 4352.72 करोड़ के ऋण वितरित किए जो वार्षिक साख लक्ष्य का 92.54 प्रतिशत है। नाबार्ड के जिला विकास अधिकारी उत्तम डाबी ने आगामी वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक साख लक्ष्य योजना 5901.42 करोड़ जिले की समस्त बैंको को प्राथमिक क्षेत्र में सदन में प्रस्तुत कर अनुमोदन किया। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## शीतला सप्तमी 21 को, बासोड़ा का भोग लगेगा : शास्त्री



**भीनमाल।** शीतला सप्तमी होली के सात दिन बाद चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी को होती है और शीतला सप्तमी को बासी खाने का भोग लगाकर शीतला माता की पूजा की जाती है। इस साल शीतला सप्तमी 21 मार्च को है। श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि यह व्रत माताएं प्रमुख रूप से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उनकी दीर्घायु की कामना के लिए रखती हैं। शीतला सप्तमी पर मां दुर्गा के स्वरूप शीतला माता एवं ओरी माता की पूजा की जाती है। साथ ही उन्हें बासी और ठंडे खाने का भोग लगाया जाता है। इस व्रत को करने आरोग्य का वरदान मिलता है। माता शीतला आपके बच्चों की गंभीर बीमारियों से रक्षा करते हैं। बच्चों की हर बुरी नजर से रक्षा होती है। इस त्योहार को कई स्थानों पर बासोड़ा भी कहते हैं। माताएं इस दिन गुलगुले बनाती हैं और शीतला अष्टमी के दिन इन गुलगुलों को अपने बच्चों के ऊपर से उबारकर कुत्तों को खिला दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से बीमारियां बच्चों से दूर रहती हैं। जोधपुर इत्यादि कुछ स्थानों पर अष्टमी को भोग लगाया जाता है। शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान व मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर इस त्योहार को बासोड़ा कहते हैं। जो कि बासी भोजन का भोग लगाने के कारण कहा जाता है। इस त्योहार को मनाने के लिए लोग षष्ठी को बासी भोजन तैयार कर लेते हैं और अगले दिन देवी को भोग लगाने के बाद ही ग्रहण करते हैं। कहीं पर हलवा पूरी का भोग तैयार किया जाता है तो कुछ स्थानों पर गुलगुले बनाए जाते हैं। गन्ने के रस की बनी खीर का भोग भी लगाया जाता है। शास्त्री ने बताया कि स्कंद पुराण में शीतला माता के स्वरूप का वर्णन किया गया है। इसके अनुसार शीतला माता गधे की सवारी करती है और हाथों में कलश, झाड़ू, सूप धारण किए रहती हैं। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला की पूजा करने से बच्चों को निरोग रहने का आशीर्वाद प्राप्त होता है। बच्चों की बुखार, खसरा, चेचक, आंखों के रोग से रक्षा होती है। मां को बासी खाने का भोग लगाया जाता है, इसके पीछे ऐसा संदेश दिया जाता है कि अब पूरे गर्मियों के मौसम में ताजा ही खाने का प्रयोग करना है।

## न्यूज इन बॉक्स

### दो दिन पोर्टल पर जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन सेवाएं रहेगी बंद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर (बीएसडीसी) पर माइग्रेट करने के लिए 20 व 21 मार्च को जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन संबंधित समस्त सेवाएं पूर्णतया बंद रहेगी। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर (बीएसडीसी) पर 20 व 21 मार्च को माइग्रेट किया जाना है जिसके कारण जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त सेवाएं इन दो दिवसों में पूर्णतया बंद रहेगी तथा जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा सकेंगे।

### मॉडल स्कूल में प्रवेश की अंतिम तिथि कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2025- 26 के नवीन प्रवेश के लिए अंतिम तिथि को 17 से बढ़ाकर 20 मार्च की गई। प्रधानाचार्य रमेश कुमार पंचाल ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के द्वारा जारी निर्देशानुसार मॉडल स्कूल में कक्षा 1 से 9 तक की प्रवेश प्रक्रिया 8 मार्च से प्रारंभ की गई। पूर्व में प्रवेश आवेदन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 17 मार्च निर्धारित की गई थी। अब आवेदन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 मार्च तक बढ़ाई गई है। साथ ही जिन विद्यार्थियो ने कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आवेदन किया गया है उनकी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 19 मार्च को किया जाएगा।

### पावटी से 23 मार्च को रवाना होगा पैदल यात्रा संघ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के निकटवर्ती पावटी गोलुआ से (दसवीं) बार आशापुरा माता मंदिर नाडोल व सोनाणा खेतलाजी मंदिर सारंगवास के दर्शनार्थ के लिए पैदल यात्रा संघ 23 मार्च को रवाना होगा। इससे पूर्व 22 मार्च को विशाल भक्ति संध्या आयोजित की जाएगी। आयोजन को लेकर आशापुरा नवयुवक मंडल तैयारियां में जुटा है उपासक भावाराम प्रजापत के अनुसार पैदल यात्रा संघ पावटी गोलुआ से 23 मार्च को सुबह गाजे बाजे के साथ रवाना होगा। जो पावटी गांव में स्थित आशापुरा माता मंदिर में दर्शन करने के बाद दोपहर में हालीवाड़ा होते हुए कलापुरा के भीमेश्वर महादेव मंदिर पहुंच दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। रात्रि विश्राम व जागरण फैदानी गांव के खेतलाजी मंदिर में होगा। पैदल यात्रा संघ 24 मार्च को रामसीन, 25 को जावाल, 26 को पालड़ी एम, 27 को पेरवा, 28 को मुंडारा, 29 को नवाधाम सारंगवास खेतलाजी मंदिर व 30 मार्च को आशापुरा माता मंदिर नाडोल पहुंचेगा।

### विधिक साक्षरता की जानकारी दी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से उपकारागृह में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को निशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। जिसमें बंदियो के अधिकारों की और लोक अदालत की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता विजयकुमारसिंह राठौड़ ने लोक अदालत की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी के पारिवारिक विवाद हो तो आपसी सहमति से समझोता करके पुराने प्रकरणों का निस्तारण करवाना चाहिए। लोक अदालत में निस्तारण सस्ता सुलभ शीघ्र होता है बंदियों को वाछित चिकित्सा उपचार का अधिकार है। नाश्ता भोजन बिस्तर प्राप्त करने का अधिकार और 15 दिन में एक बार परीजनों से मुलाकात करने का अधिकार है और अपने वकील से सलाह ले सकता है। नशा उन्मूलन की जानकारी दी।

# शाला में विदाई समारोह आयोजित, दी शुभकामनाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के विश्व भारती स्कूल में कक्षा आठवीं का विदाई समारोह संस्था प्रधान ओबसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य' म कि शुरुआत कि गई। सर्वप्रथम विदाई लेने वाले छात्र-छात्राओं को तिलक और माल्यार्पण के साथ गुड़ से मुंह मीठा करवाया गया। संस्थाप्रधान ने बताया कि कठिन मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती हैं। व्यक्ति को निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए। लुमानशा, शिवानी कंवर, रितिका और प्रीति ने भी अपने विद्यालय के बारे में विचार व्यक्त किए। सीमा ने सीनियर विधार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर विधालय स्टाफकिशन लाल अशोक कुमार, शंकर लाल, रेखा कवर, गायत्री राव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्य' म का संचालन दिनेश कुमार देवासी ने किया।

**मुडतरा सिली।** शिव बाल उच्च प्राथमिक विद्यालय में आठवी कक्षा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विदाई लेने वाले विद्यार्थियों के हाथों में श्रीफल और तिलक लगाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के संस्थाप्रधान जयप्रकाश गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को कठिन मेहनत कर परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी। साथ ही विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट फाइल देकर पुरस्कृत किया गया। आठवी कक्षा के विद्यार्थियों ने जहां विद्यालय में प्रिंटर भेंट किया वहीं भामाशाह जगदीश सैन ने विद्यार्थियों को पेन भेंट की। इस मौके पर अशोक गर्ग, उत्तम गर्ग, लीलाराम राणा, हेमंत गर्ग, कोमल मेडम, हेमलता समेत विद्यालय कार्मिक उपस्थित थे।





**बागोड़ा।** उपखंड क्षेत्र के भालनी में कक्षा आठवीं के बच्चो का आशीर्वाद समारोह मनाया गया। उपखंड मुख्यालय से 15 किमी दूर भालनी के विद्या भारती पब्लिक स्कूल में मंगलवार को आयोजित कक्षा आठवीं के बच्चों का आशीर्वाद समारोह में गुड से मुंह मीठा कर और माला पहनाकर आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान संस्था प्रधान पारसमल माली ने छात्रों को कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने की शुभकामना दी। कार्यक्रम में मंच संचालन अध्यापक फूलाराम गावड़ी ने करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से अपने को अच्छी शिक्षा हासिल करनी होगी और उच्च कक्षाओं में अनुशासन बनाए रखना चाहिए। अध्यापक जबराराम ने बताया कि समय का सदुपयोग करना चाहिए। अध्यापक शंकराराम, कैलाश कुमार ने भी बच्चों को आगे की शिक्षा को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों के भोजन की व्यवस्था भामाशाह मूलाराम माली की तरफ से की गई। आठवीं के बच्चों को स्थानीय विद्यालय द्वारा डॉक्यूमेंट फाइल इनाम के रूप में दी गई। इस दौरान सभी छात्र छात्राएं व अध्यापक उपस्थित रहे।

## विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** उपखण्ड क्षेत्र के राउप्रा विद्यालय बडली चौराऊ में मूलभूत सुविधाओं के विकास की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ग्रामीण उम्मेदसिंह चौराऊ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि राउप्रावि बडली चौराऊ में 150 से अधिक बच्चों का नामांकन है। लेकिन सफाई व्यवस्था, पेजयल व्यवस्था समेत मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद रिक्त होने से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। मजबूरन छात्र-छात्राओं को विद्यालय की सफाई करनी पड़ती है। जिससे ना केवल उनके अध्ययन का समय व्यर्थ होता है बल्कि पढाई में रूचि भी कम हो रही है। साथ ही पूर्व में निर्मित शौचालय जर्जर हो चुके है। जिसमें गंदगी पसरी होने से दुर्गन्ध आ रही है। शौचालय में नल टूटे हुए है और पानी भी नही आ रहा है। इसके अलावा विद्यालय सायला-बागोड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित है। लेकिन विद्यालय आने-जाने का रास्ता मुख्य सडक मार्ग से काफी नीचे चला गया है। जहां बारिश के मौसम में पानी का भराव होता है। रास्ते के दोनों साइ ड बबूल की झाड़ियां भी उगी हुई हैं। ऐसे में मार्ग की उंचाई बढ़ाकर डामरीकरण करवाने, बबूल की झाड़ियां कटवाने एवं मुख्य सडक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की।

## बजरी का अवैध खनन, डम्पर जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** पुलिस ने अवैध बजरी से भरे एक डंपर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया। जबकि एमवी एक्ट के तहत दो खाली डंपर को जब्त किए गए। अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व एएसआई नरेंद्र कुमार विश्नोई, कास्टेबल भेराराम,दीपाराम, दिनेश कुमार व राजेश कुमार की टीम ने सोमवार रात्रि को सरहद जुंजाणी में गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त कर चालक पुलिस थाना बागोड़ा अंतर्गत जूनी बाली निवासी लक्ष्मणाराम पुत्र अचलाराम चौधरी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस द्वारा एमवी एक्ट के तहत दो खाली डंपर भी जब्त किए गए।

# लोक संस्कृति से जुड़ी कलाकृतियों व चित्रों का किया अवलोकन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मंगलवार को पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर की दीवारों पर जोधपुर से आए आर्ट कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोक संस्कृति, शिक्षा व खेल जगत से जुड़ी बनाई गई कलाकृतियों एवं चित्रों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान मुख्य सचेतक ने बनाई गई कलाकृतियों एवं चित्रों को प्रशंसनीय बताते हुए कलाकारों के हुनर की सराहना की। गौरतलब है कि नगर परिषद जालोर द्वारा रेलवे स्टेशन व कॉलेज तिराहे के मध्य सौन्दर्यकरण कार्य करवाया जा रहा हैं।

# किसानों की होगी डिजीटल पहचान 11 अंकों की बनेगी यूनिक आइडी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुडतरा सिली।** निकटवर्ती थूर गांव सेवा केन्द्र के सभा भवन में तीन दिवसीय आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में किसानों ने 11 अंकों यूनिक आईडी के लिए केवाईसी करवाने के साथ किसानों ने अन्य सरकारी योजनाओं के लिए रजिस्ट्री करवाई। जिसमें तहसीलदार निरजा कुमारी एवं आरआई चन्द्र प्रकाश सैन ने बताया कि किसानों को डिजीटल पहचान देने के लिए यह रजिस्ट्री की जा रही है। प्रत्येक किसान को फार्मर आईडी बनाना जरूरी है। इससे किसानों को पीएम किसान योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड जैसी सुविधाएं प्राप्त करना आसान होगा। वहीं किसानों को सस्ता ऋण और बेहतर बाजार सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर सरपंच करमीराम राणा, उप सरपंच श्रवण सिंह परमार, पटवारी भंवरी कुमारी, रेखा कुमारी, ग्राम विकास अधिकारी कानाराम, रोजगार सहायक रणजीत सिंह परमार, एलडीसी वचनाराम, ई-मित्र धारक पोपटलाल, मोतीसिंह, मसराराम राणा, माधोसिंह शंभुसिंह राठौड़ भरतसिंह, गंगासिंह वगतसिंह, देवीसिंह भरत राणा, अजाराम मेघवाल, राजू मेघवाल, देवाराम देवासी, वणाराम देवासी, कलाराम देवासी सहित कई जने मौजूद थे।



## जिला बहाली की मांग, धरना जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति के बेनर तले धरना 80 वें दिन जारी रहा। केरियो के ग्रामीणों ने धरने को समर्थन दिया। वहीं उपखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करनारेबाजी की। ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि सरकार ने सांचौर जिले को गलत ढंग से खत्म किया है, जिसका खामियाजा दूर- दराज के गरीब वर्ग के लोगो को भुगतना पड़ रहा है। सांचौर की जालोर से दूरी डेढ सौ किमी है, वहीं साचौर के अंतिम गांव की दूरी ढाई सौ किमी है, ऐसे में सरकार को जिला खत्म करने के निर्णय को वापिस लेकर सांचौर जिला आमजन के हित में बहाल करना चाहिए। इस अवसर पर भीमाराम चौधरी, लादूसिंह किलवा, भोमाराम, रामचन्द्र पारेगी, जेरूपाराम मेघवाल, उकाराम, किशनलाल लोल सहित कई जने मौजूद थे।

# जब अपना स्वार्थ सिद्ध नहीं हुआ तो समझौते का नाटक: देवल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रकरण को लेकर लगातार सुर्खियों में रहा मामला अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने इस मुद्दे पर वर्तमान विधायक रतन देवासी और उनके समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। देवल ने कहा कि पहले विधायक समर्थकों ने ही कोर्ट से स्टे लाया और जब कुछ बनता नहीं दिखा तो अब समझौते का नाटक कर भोले-भाले भील समाज के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएमश्री राउमावि जसवंतपुरा की एसडीएमसी में विधायक की ओर से मनोनीत सदस्यों ने ही एकलव्य विद्यालय की भूमि को लेकर कोर्ट से स्टे लिया। उन्होंने कहा कि विधायक ने स्थानीय अधिकारियों पर आरोप लगाकर, बच्चों से धरना-प्रदर्शन करवा कर राजनीति चमकाने का प्रयास किया, लेकिन जब स्टे खारिज होना तय दिखा, तो वही लोग अब समझौते की बात करने लगे। देवल ने स्पष्ट किया कि एकलव्य विद्यालय आवंटित भूमि पर ही बनेगा, चाहे कोई कितना भी झूठ फैलाने की कोशिश करे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और किसी के बहकावे में आकर राजनीति का हिस्सा न बनें। साथ ही, उन्होंने यह भी घोषणा की कि जब तक नया भवन तैयार नहीं होता, तब तक विद्यालय को जल्द ही किराए के भवन में शुरू करवा दिया जाएगा।



### ईको-टूरिज्म पर गुमराह करने का आरोप

पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने वर्तमान विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू किए गए इको-टूरिज्म के कार्यों का श्रेय ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इस परियोजना से स्थानीय लोगों को लाभ हुआ है, तो इसका सीधा आर्थिक फायदा उन्हें क्यों नहीं मिल रहा।

### रामदेव मंदिर में हुई बैठक

कलापुरा रोड पर स्थित भील समाज के बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार को समाज बंधुओं की बैठक पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा की उपस्थित आयोजित हुई। जिसमें समाज के शिक्षाविद् लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान दलाराम राणा आलड़ी, पीराराम पावली, जेराराम दांतलावास, वेलाराम राजपुरा, दरजाराम शिवगढ़, कानाराम किबल, जोईताराम सूरजवाडा, कलाराम भील कलापुरा, महेंद्र कुमार एडवोकेट, लाखाराम भील जसवंतपुरा, मसराराम दांतलावास, दरगाराम वाडाभोजा, बगदाराम जाविया सहित समाज बंधु मौजूद थे।

## ग्राम विकास अधिकारियों के बंद लिफाफा तथा डेफर प्रकरणों के निस्तारण करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ (पंजी) जयपुर उपशाखा जसवन्तपुरा जिला शाखा के ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की विगत 05 वर्षो से लंबित पदोन्नतियां करवाने एवं लगभग 500 ग्राम विकास अधिकारियों के बंद लिफाफा तथा डेफर प्रकरणों के निस्तारण करवाने बाबत विकास अधिकारी को पंचायतीराज विभाग मंत्री, शासन सचिव एवं आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की समयबद्ध पदोन्नतियां करवाएं अन्यथा संगठन को विवश होकर आंदोलन तेज करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं सरकार की होगी। सोमवार को प्रदेश के समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं विकास अधिकारी को जिला कार्यकारिणी एवं ब्लाक कार्यकारिणी द्वारा ज्ञापन दिया गया। शुक्रवार से समस्त राजकीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट होना एवं 23 मार्च से प्रदेश प्रतिनिधि सभा की बैठक में आंदोलन के आगामी चरणों पर निर्णय का हवाला भी दिया।



# बैठक में अनुपस्थित बैंकर्स के खिलाफ करें कठोर कार्रवाईः जिला कलक्टर

## जिलास्तरीय बैकर्स समीक्षा एवं समन्वय समिति की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आत्मा सभागार में मंगलवार को जिलास्तरीय बैंकर्स समीक्षा एवं समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने जिले के साख अनुपात को भारतीय रिजर्व बैंक के मानक अनुसार 60 फीसदी करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं में लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण कर शीघ्र करने के लिए सभी बैंकर्स को निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित बैंकर्स को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए उनके खिलाफ कठोर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आरबीआई के गौरव धुत ने जिले के साख अनुपात को बढ़ाने के लिए अधिकाधिक ऋण देने की आवश्यकता बताई। इसी के साथ उन्होंने साइबर धोखाधड़ी तथा आईटीआई, कॉलेज एवं मनरेगा इत्यादी में वित्तीय साक्षरता के कार्य कलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना में जिले को आवंटित 119 के लक्ष्यों के विरुद्ध अब तक मात्र 4 इकाई को ही ऋण स्वीकृत करने पर जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए बैकर्स को निर्देश दिए कि वे इसी वित्तीय वर्ष में यानि 31 मार्च 2025 तक लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। एसबीआई के लंबित ऋण आवेदन पत्रों के बारे में सहायक महा प्रबंधक मनीष भारद्वाज ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। जिला कलक्टर ने जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, राजीविका अधिकारी अम्बिका राणावत, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, अनुजा निगम से मंजुलता, सीएफएल से मुमताज, एफएलसी दिनेश खंडेलवाल, नरेन्द्र दाना, एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों की जानकारी लेकर निर्धारित समय में बकाया प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर हितेश राजपुरोहित ने सामाजिक सुरक्षा योजना की चर्चा कर अधिकाधिक लोगो को सामाजिक सुरक्षा योजना में जोड़ने की बात कहीं। डीडीएम नाबार्ड डॉ दिनेश प्रजापति ने संस्थागत जमा को कुल जमा से हटाकर साख अनुपात की गणना के लिए सुझाव दिया। लीड बैंक अधिकारी उम्मेदराम मीणा ने सम्बोधित किया। बैठक में जिले की वार्षिक साख योजना रूपये 2947.81 करोड़ 2025-26 का अनुमोदन किया एवं शहर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की दोनों शाखाओ का विलय व राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक मालगांव शाखा को नागाणी में शिफ्ट करने की अनुमति की बात कहीं।

## हादसाः चलती बस का टायर फटा, डिवाइडर पर चढ़ी







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** फोरलेन पर मंगलवार सवेरे आम्बेश्वर के समीप निजी बस का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। बस जयपुर से आबूरोड जा रही थी। आम्बेश्वर के पास पहुंचते ही बस का टायर फट गया, जिससे अनियंत्रित बस डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के दौरान बस में सवार यात्रियों में एक बार तो खलबली मच गई। बस का टायर फटते ही टायर की डिस्क गलत दिशा में जाकर सिरोही से पाली जा रहे सारणेश्वर निवासी चेतन परबत की बाइक से टकरा गई। इससे वह भी चोटिल हुए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद चेतन बस की ओर गए तथा एक दो चोटिल लोगों को बाहर भी निकाला। हालांकि बस चालक की सूझबूझ से बस डिवाइडर के बीच जाकर रुक गई।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के दुष्परिणामों को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

### » माधव में स्काउट की ओर से कार्यशाला का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में स्काउट की ओर से मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। माधव विवि के रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत ने सभी स्काउट गाइड पदाधिकारियों का सम्मान किया। स्काउट सीओ एमआर वर्मा ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने स्काउट गाइड जिला मुख्यालय की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी दी। इस प्रकार जल सरंक्षण पर मूलसिंह भाटी, पर्यावरण संरक्षण पर कमल किशोर पुरोहित, सौर ऊर्जा पर डॉ महेन्द्रसिंह परमार, स्वच्छता पर डॉ देवेंद्र ने अपनी वार्ता दी। माधव यूनिवर्सिटी के नवीन रोवर को दीक्षा देते हुए माधव विवि के अधिकारियों को स्काउट की ओर से स्वागत किया। इसके बाद माधव के स्पेशल विद्यालय का अवलोकन किया। कार्यशाला में माधव यूनिवर्सिटी के 150 से अधिक रोवर रेंजर एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विष्णु कुमार मोहरेशा, अमृत कुमार जीनगर, रंजीत जीनगर, मोहित अग्रवाल, दृष्टि पाण्डेय ने कार्यशाला में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर तोफिक पठान ने किया।

## सोनोग्राफी की सुविधा नहीं, ग्रामीण परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** प्रदेश सरकार की ओर से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जाता है। लेकिन, धरातल पर काम नहीं होने के कारण मरीजों को लाभ नहीं मिलता है। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं होने से गर्भवती महिला और अन्य मरीजों को जांच के लिए परेशानी होती है। अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को जरूरत पड़ने और गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व डॉक्टर सोनोग्राफी की सलाह देते हैं। इसके चलते अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन होना अनिवार्य है। लेकिन यहां पर यह सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कालंद्री से जिला मुख्यालय सिरोही जाना पड़ता है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कालंद्री के अलावा आसपास के करीब 10 -15 गांवों के मरीज भी कालंद्री के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। लेकिन सोनोग्राफी के लिए उन्हें भी जिला अस्पताल जाना पड़ता है। वहां पर निजी सोनोग्राफी सेंटर्स वाले 700 से 800 तक वसूल करते हैं।

## बैठक में की हिन्दू नववर्ष के सफल आयोजन की चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** शुक्लपक्ष प्रतिपदा को नवर्ष को लेकर 30 मार्च को रिवर फ्रंट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समस्त सनातन धर्म परिवार शिवगंज समेरपुर द्वारा आगोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर रिवरफ्रंट पर सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समारोह को भव्य रुप से मनाने की चर्चा की गई। राजेश अहीर, हिरल कुमारी, जयन्ति वातरिया, राजेश, ललित वैष्णव, राहुल मेवस्सा, मनोज कुमार, हितेश कुमार, नुकल कुमार, मुकेश मीणा, छगन कुमार, रविन्द्र अहीर, दिपीका, कपिल, सुरेन्द्र, पूजा प्रजापत, हर्ष सोनी मौजूद रहे।

## जनता के हक की लडाई लड़ने को हर वक्त है तैयार : कोली

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेवदर की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** सरेसी माता मन्दिर सभाभवन में मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह देवडा की अध्यक्षता, जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी, विधायक मोतीराम कोली, विधानसभा समन्वयक गोविन्द बंजारा की उपस्थिति में किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक कोली ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता वार्ड और बूथ तक पहुंचे। वहां के लोगों की समस्याओं को सुने और जनहित के उन मुद्दों को लेकर कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता आगे आयें। जनहित के मुद्दों को लेकर प्रशासन व सरकार से सड़कों पर आकर जनता के हक की लडाई लडने के लिए तैयार है। आगामी पंचायतीराज व नगर निकाय चुनाव में जनता के मुद्दों को लेकर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी और विजयी भी होगी। जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश नेतृत्व ने बूथ मजबूती को लेकर निर्देश दिए है। वर्तमान में संगठन की मजबूती रहेगी तो निश्चित रूप से नगर निकाय व पंचायतीराज चुनाव में जिले में कांग्रेस का परचम लहरायेगा। विधानसभा समन्वयक गोविन्द बंजारा ने कहा कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय के बाद विधायक कांग्रेस पार्टी का जीता है और विपक्ष की प्रमुख पार्टी होने के नाते कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता मजबूती से क्षेत्र की समस्याओं को उठायें। ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह देवड़ा ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा के सदन में मजबूती से रखा जा रहा है। निचले स्तर पर भी कार्यकर्ता उन मांगों को उठाए। जिससे प्रशासन व सरकार समस्याओं के निराकरण पर मजबूर हो। बैठक को मण्डल अध्यक्ष दलपतसिंह, कानाराम मेघवाल, मफतलाल बुनकर, तखतसिंह देवड़ा, सूरताराम देवासी, देवीदान चारण, जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल, ब्लॉक महासचिव डूंगरसिंह सेरवा, राजेन्द्रसिंह सोलंकी, डायाराम पुरोहित, इम्तियाज खान, करसन पंचाल, कन्हैयालाल कोली, उत्तम चौधरी, पंस सदस्य सूरताराम देवासी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिये।


### यह भी रहे उपस्थित

लखमाराम कोली, पूर्व प्रधान छगनलाल सोलंकी, ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश कोली, बलवन्तसिंह, मानाराम चौधरी, महेन्द्रसिंह देवड़ा, रतन राणा, महिपाल चारण, भैराराम पुरोहित, नारायणसिंह सांगराली, ब्लॉक महासचिव लेहराराम भाट, भरतसिंह, असकर खान, प्रकाश चौधरी, हीरसिंह बीका, हीराराम देवासी, सुरेश प्रजापत, पूराराम गरासिया, ब्लॉक प्रवक्ता हितेश जोशी, हीराराम घांची, प्रकाश कोली, गोविन्दसिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मदन जोशी, ब्लॉक सचिव महिपालसिंह, हमीराराम मेघवाल, परबाराम मेघवाल, अभयसिंह देवडा, सुल्तानसिंह, मुकेश रामपुरा, महिपालसिंह तंवर, मुकेश जोशी, भीखसिंह राव, खेताराम मेघवाल, प्रकाश भारती गोस्वामी, रमेश चौधरी, कमलेश मेघवाल, जयंतीलाल भाट, गोदाराम, तुलसीराम पुरोहित, सरूपाराम देवासी, फकीर मोहम्मद समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## असहाय लोगों को वितरित की चप्पल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** स्वयं शक्ति ऑरगनाइजेशन की ओर से मंगलवार को रिंकोष देवड़ा के नेतृत्व में असहाय लोगों को चप्पल वितरित की गई। देवड़ा ने बताया कि गोयली चौराहा मार्ग पर झुग्गड़ी झोपड़ियो में रहने वाले गरीब लोगों



कुछ वस्तु वितरित की गई। सीमा सेन ने बताया कि लोगों की सहायता के लिए सभी एकत्रित होकर टीमवर्क से काम करे रहे है। आगामी दिनों में इस ग्रुप को रिकोश क्लब के नाम से प्रसारित किया जाएगा। दीपिका माली, तन्वी देवड़ा, आरती कुमारी, मनीषा प्रजापत का सहयोग रहा।

## वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में दी मनमोहक प्रस्तुति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव व कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 8 के बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर विदाई दी। प्रधानाध्यापक नारायण धर्माणी ने कहा कि परीक्षा में बिना मेहनत के अच्छे प्राप्तांक नहीं प्राप्त किए जा सकते हैं। सभी बच्चे अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए पूरी मेहनत से परीक्षाएं दे और बिना भय के परीक्षा देकर अच्छे अंक प्राप्त करने व सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान वार्षिकोत्सव का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र का शुभारंभ, जरुरतमंदों के लिए कपड़े और किताबें दे सकेंगे लोग





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** स्वच्छ भारत अभियान शहरी (2.0) के पालिका पिण्डवाड़ा ने एक अनूठी पहल करते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र की स्थापना की है। पालिका अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र कुमार राजपुरोहित ने बताया कि यहां लोग अपने पुराने कपड़े, किताबें, जूते, खिलौन, फर्नीचर और इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक आदि अनुपयोगी सामान जमा कर सकते हैं। इसके अलावा जरुरतमंद लोग यहां से अपनी जरूरत की वस्तु प्राप्त कर सकता है।

### नीम से टकराई कार, चार घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**करोटी।** डबाणी मोड पर मंगलवार सवेरे बेकाबू कार नीम से टकरा गई। जिससे कार में सवार चार जने घायल हो गई। घायलों को अनादरा अस्पताल लाया यहां से स्थित गंभीर होने पर उनको अन्यत्र रैफर किया। पुलिस ने अनुसार कार चालक को नींद आने से कार रोड़ के साइड में खड़े नीम के पेड़ में जा टकराई। जिससे उसके आगे का हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर अनादरा पुलिस भी मौके पर पहुंची कार में कलोल गुजरात निवासी धनजी भाई पुत्र खोडा भाई पंचाल लोहार, कार चालक चमन भाई पुत्र मावजी भाई लोहार, प्रकाश भाई पुत्र लालजी भाई लोहार तथा कांता बने पत्नी चमनभाई लोहार घायल हो गए। जिनको अनादरा अस्पताल लेकर गए। यहां से उनको गुजरात रैफर किया गया।

### सीएम से की आबूरोड में एयरपोर्ट बनाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी के अतिरिक्त महासचिव बीके मृत्युंजय, वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश तथा पीआरओ बीके कोमल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान कि विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल ने उनसे आबूरोड के मानपुर एयरस्ट्रिप को बढ़ाकर एयरपोर्ट बनाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एयरपोर्ट बनाने का आश्वासन दिया तथा जल्दी ही इस संदर्भ में कार्य आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने माउंट में पर्यटन विकास और बीके में आनो वाले सदस्यों के बारे में भी चर्चा की। इसके बाद सभी ने सीएम का धन्यवाद दिया तथा एयरपोर्ट बनाने के आश्वासन पर बधाई भी दी। इस दौरान जयपुर की बीके जयंती, राजेश असनानी समेत कई लोग थे।

### एग्रीस्टैक योजना के तहत होंगे शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** एग्रीस्टैक योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख हरिसिंह देवल ने बताया कि 17 से 19 मार्च तक सिरोही तहसील के रामुपरा, सिंदरथ, भूतगांव, बरलूट, फूंगणी व सिलदर में फोलोअप शिविर, आबूरोड तहसील के बहादुरपुरा, खडात, मूंगथला व मावल में फोलोअप शिविर, शिवगंज तहसील के पालडी एम, अरठवाडा, नारादरा, मनादर, ध्रुबाणा व आल्पा , पिंडवाड़ा तहसील के नागपुरा, काला महादेव खेडा, आपरीखेडा, वाटेरा व नितोडा और भावरी तथा देलदर तहसील के ओरिया में फोलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 20 से 22 मार्च तक सिरोही तहसील के वराडा, बालदा, मोहब्बतनगर, सरतरा, मनोरा, आमलारी। आबूरोड के सांतपुर, क्यारिया, ओर, गिरवर। शिवगंज तहसील के रूखाडा, ओडा, जोयला, जैतपुरा, छीबागांव व अणदौर तथा पिण्डवाड़ा के नया सानवाडा, जनापुर, बसंतगढ़, काछोली, पेशुआ व भीमाना एवं देलदर के पाबा व दोयतरा में फोलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### डीएमसीएमसी की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** डीएमसीएमसी की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की जनता से अपील

# शांति और संयम के साथ मनाएं धार्मिक त्योहार



■ कानून हाथ में लेने वालों और पुलिस पर हमला करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है, जहां जातिवाद की कोई जगह नहीं है। हालांकि, 17 मार्च को नागपुर में हुई एक घटना ने राज्य की सामाजिक समरसता को प्रभावित किया और शांति भंग कर दी। वर्तमान में विभिन्न धर्मों के त्योहार चल रहे हैं, ऐसे में नागरिकों को संयम बनाए रखते हुए शांति के साथ अपने त्योहार मनाने चाहिए, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर घटना पर विधानसभा में बयान देते हुए कहा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि नागपुर में पुलिस शांति बनाए रखने के लिए गई थी, लेकिन भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। कानून को हाथ में लेने वालों और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी।

### अपराध रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

पुणे शहर में कोयता (फरसा) लेकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की 9 घटनाएं सामने आई हैं। इन मामलों में 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 13 आरोपी नाबालिग (विधि संघर्षित बालक) हैं। हालांकि, पुणे में किसी भी 'कोयता गैंग' का कोई अस्तित्व नहीं है, लेकिन इस तरह के अपराधों में 15-16 साल के नाबालिगों की संलिप्तता पाई गई है। इन विधि संघर्षित बालकों के पुनर्वास के लिए सरकार ने 'दिशा' कार्यक्रम शुरू किया है।

### उद्योगों को लाभ देने के लिए समग्र नीति

राज्य सरकार थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न राख का स्थानीय उद्योगों को लाभ मिले और इससे उद्योगों का विकास हो, इसके लिए समग्र नीति लाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान की। 2016 में राज्य सरकार ने राख वितरण नीति बनाई थी, जिसमें 20% राख स्थानीय उद्योगों के लिए और 80% नीलामी के लिए निर्धारित थी। लेकिन अब केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार 100% राख की नीलामी करना अनिवार्य हो गया है। ऐसे में, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई नीति बनाएगी, जो इस नियम के तहत काम करेगी और उद्योगों को बढ़ने में मदद करेगी।

### फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट होगी स्थापित

राज्य सरकार उन योजनाओं से जमाकर्ताओं को बचाने के लिए एक फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट स्थापित करेगी, जो कानूनी रूप से अनुमत ब्याज दर से दोगुना ब्याज देने का लालच देती हैं। यह इकाई अत्यधिक ब्याज दरों वाली योजनाओं और विज्ञापनों पर नजर रखेगी और जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगी। प्रकाश सोलंके ने ज्ञानराधा मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी में हुई गड़बड़ियों से जुड़ा सवाल उठाया था।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने का मौका : बावनकुले

**मुंबई।** कर्नाटक सीमावर्ती क्षेत्र के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने का अवसर प्रदान कर रही है। यह जानकारी राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने विधान परिषद में दी। सदस्य निरंजन डावखरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री बावनकुळे ने यह बात कही। इस दौरान सदस्य प्रवीण दरेकर ने भी चर्चा में भाग लिया। मंत्री बावनकुले ने बताया कि कर्नाटक सीमावर्ती क्षेत्र के छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षा केंद्र और कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार इन छात्रों के साथ है और उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, कर्नाटक सीमावर्ती क्षेत्र के छात्रों को राज्य में तलाठी भर्ती के लिए आवेदन करने का अवसर दिया गया था। कुल 391 उम्मीदवारों ने तलाठी भर्ती परीक्षा 2023 के लिए आवेदन किया था।

# बच्चों के पोषण को नागरी बाल विकास केंद्र उपयोगी : अदिति

**मुंबई।** शहरी क्षेत्रों के कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए सुपोषित मुंबई अभियान और नागरी बाल विकास केंद्र शुरू किए गए हैं। ये केंद्र गर्भावस्था से लेकर पहले 1,000 दिनों तक बच्चों को उचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगे, ऐसा महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा।





सुपोषित मुंबई अभियान और नागरी बाल विकास केंद्र योजना का शुभारंभ मंत्री अदिति तटकरे के हाथों अंगणवाड़ी क्र. 51, कोलाबा में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने माता और शिशु के उचित पोषण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) आयुक्त कैलास पगारे, दक्षिण मुंबई बाल विकास परियोजना अधिकारी नितिन मस्के, महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारी, आंगनवाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं, माताएं और बच्चे उपस्थित थे।

अदिति तटकरे ने कहा कि 2018 से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों में "ग्राम बाल विकास केंद्र योजना" लागू की गई है, जिसका उद्देश्य कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाना है। इस योजना का बच्चों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और इससे उन्हें सही उम्र में पोषण आहार प्राप्त करने में मदद मिली है। इसी तर्ज पर, अब मुंबई और उपनगरों में कुपोषण की दर को कम करने के लिए "सुपोषित मुंबई अभियान" और "नागरी बाल विकास केंद्र योजना" लागू की जा रही है।



■ **मुंबई।** मलाड में दशा माता की कथा के बाद भेरुजी मंदिर में दर्शन करती महिलाएं।

# सरकार ने किया मजदूरों का भुगतान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य में रोजगार गारंटी योजना के तहत लंबित 216.61 करोड़ की मजदूरी का भुगतान किया गया है। यह जानकारी रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावले ने विधान परिषद में दी। सदस्य उमा खापरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री गोगावले ने यह जानकारी दी। इस चर्चा में सदस्य एकनाथ खडसे ने भी भाग लिया। मंत्री गोगावले ने बताया कि 100 दिनों तक की मजदूरी राज्य सरकार के कोष से दी जाती है, और यह पूरी तरह से अदा कर दी गई है। जबकि 100 दिनों से अधिक की मजदूरी केंद्र सरकार द्वारा दिए गए कोष से दी जाती है। अभी तक केंद्र सरकार से यह निधि प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए विभाग इस विकल्प पर विचार कर रहा है कि राज्य सरकार शेष मजदूरी का भुगतान पहले करे और बाद में केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाली राशि को राज्य कोष में समायोजित किया जाए।



■ **भायंदर।** भायंदर शिरडी नगर पूर्व के साईं संकल्प प्रतिष्ठान मंडल ने छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई। उस समय बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व नगरसेवक राजेश म्हात्रे, शिरडी नगर वार्ड 11 के शाखा प्रमुख अरविंद पाटडे, मार्केटिंग व राजन चेउलकर मौजूद थे। तस्वीर में प्रबंधक के साथ-साथ पत्रकार सुकेश मोरे, अंकुश कडू, वाघधरे और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे हैं।

निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी)

# हाईटेक होंगे राज्य के बस स्टैंड : प्रताप सरनाईक

**मुंबई।** राज्य में बस स्टैंडों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए 'निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी)' मॉडल के तहत विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत, सिंधुदुर्ग जिले के दोडामार्ग, सावंतवाड़ी और अंबोली बस स्टैंडों का विकास किया जाएगा, छत्रपति संभाजीनगर जिले के सिल्लोड बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए सड़क उपलब्ध कराई जाएगी, और जलगांव जिले के चोपडा बस स्टैंड को अत्याधुनिक बसपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाएगी, ऐसा परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा।




विधान भवन में राज्य परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंत्री प्रताप सरनाईक ने संबोधित किया। सरनाईक ने कहा कि शहरों, तालुका और ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए "निर्माण, संचालन और हस्तांतरण" मॉडल पर आधारित बस स्टैंड विकसित किए जाएंगे।

इस योजना के तहत सिंधुदुर्ग जिले के सावंतवाड़ी, दोडामार्ग और अंबोली बस स्टैंडों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। पूर्व मंत्री दीपक केसरकर ने सुझाव दिया कि अंबोली, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, वहां नया बस स्टैंड बनाया जाना चाहिए।

# मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति में अनियमितताओं पर होगी कार्रवाई : रावल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ निदेशक की अयोग्यता के फैसले पर हाईकोर्ट का अस्थायी स्थगन



**मुंबई।** मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति के एक निदेशक की अयोग्यता के फैसले पर उच्च न्यायालय ने अस्थायी स्थगन दिया है। इस बाजार समिति में अनियमितताओं के संबंध में सरकार द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी, विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान विपणन मंत्री जयकुमार रावल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति के लिए चुनाव हुए थे, जिसके बाद नया निदेशक मंडल अस्तित्व में आया। इस निदेशक मंडल के कुछ सदस्य अयोग्य ठहराए गए थे, जिसके चलते उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय द्वारा इस अयोग्यता के निर्णय पर अस्थायी रोक लगने के कारण, ये निदेशक बैठकों में शामिल हुए। हालांकि, मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण ये निदेशक नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते, ऐसा मंत्री रावल ने स्पष्ट किया। सदस्य गोपीचंद पडलकर ने मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति में अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाया था।

श्री गुरू सिंह सभा-सिख नानकशाही कैलेंडर समारोह

# नवी मुंबई मनपा का मलेरिया, डेंगू रोगों को लेकर जनजागृति




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका कार्यक्षेत्र में मलेरिया, डेंगू रोगों के प्रसार को रोकने के लिए मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविरों का आयोजन कर नागरिकों के बीच मलेरिया, डेंगू रोगों एवं मच्छरों के प्रजनन स्थलों के बारे में प्रभावी जनजागृति की जा रही है। इसी के एक भाग के तौर पर 13 से 15 मार्च की अवधि में श्री गुरु सिंह सभा-सिख नानकशाही कैलेंडर समारोह में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए विशेष मलेरिया/डेंगू जनजागृति शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का निरीक्षण मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने 16 मार्च को तथा चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जवादे ने किया और इस अच्छे उपक्रम के आयोजन पर संतोष व्यक्त किया। इन शिविरों में 4311 नागरिकों को मलेरिया, डेंगू रोगों के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके रोकथाम के उपायों पर जनजागृति की गई। इन शिविरों की विशेषता यह रही कि यहां एनोफिलीज एवं एडीस मच्छरों के प्रजनन स्थल प्रत्यक्ष दिखाए गए तथा मच्छरों के लार्वा भी दिखाए गए। साथ ही, घर के आसपास एवं घर के अंदर मच्छरों के उत्पत्ति स्थलों की प्रायोगिक जानकारी दी गई।

# मीरा-भायंदर मनपा में बैठक संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा-भाईंदर मनपा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं की योजना, सड़कों पर अतिक्रमण, अनधिकृत फेरीवाले और यातायात प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए 18 मार्च को मीरा भाईंदर मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में मनपा मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनधिकृत फेरीवालों, सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण, अनधिकृत पार्किंग और परित्यक्त वाहनों के कारण नागरिक सुविधाओं पर पड़ने वाले प्रभाव, यातायात जाम और शहर की स्वच्छता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही, नागरिक सुविधाओं की कार्यक्षमता में सुधार लाने और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। शहर के मुख्य मार्गों, चौकों और बाजार क्षेत्रों में अनधिकृत फेरीवालों के कारण होने वाली यातायात समस्याओं और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत निर्माण, फुटपाथ और सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण को तत्काल हटाने के लिए सभी प्रभाग अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से खड़े परित्यक्त वाहनों की पहचान कर उन्हें तुरंत हटाने के आदेश दिए गए। आयुक्त ने नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने और शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मनपा प्रभाग अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, पुलिस उपायुक्त (परिमंडल 1) प्रकाश गायकवाड़, शहर अभियंता दीपक खांबित, अतिक्रमण विभाग प्रमुख नरेंद्र चव्हाण, प्रभाग समिति क्रमांक 1 से 6 के सहायक आयुक्त, पुलिस निरीक्षक, फेरीवाला पथक प्रमुख, यातायात पुलिस निरीक्षक और अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।





■ **मुंबई।** नवी मुंबई के वाशी में समाजसेवी-भामाशाह मंगल राजपुरोहित के नूतन प्रतिष्ठान मधुबन स्वीट के उद्घाटन समारोह में पधारने हेतु महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निवास ज्ञानेश्वरी पर आमंत्रण पत्र देते सरेमल इटाडा,भेराराम वाली व चित्तलवाना पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा।

# मुंबई के दो मकान मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

▶▶ पुलिस पोर्टल पर नहीं दी किराएदारों की डिटेल

**मुंबई।** पिछले हफ्ते कुर्ला और दादर के दो मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस की वेबसाइट पर किराएदारों की डिटेल अपलोड न करने के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई अपंजीकृत किराएदारों के खिलाफ शहर भर में की गई कार्रवाई का हिस्सा थी, जो पुलिस आयुक्त के 29 जनवरी के आदेश के बाद शुरू हुई थी, जिसमें सभी मकान मालिकों/फ्लैट या संपत्ति मालिकों को अपने किराएदारों का विवरण ऑनलाइन रजिस्टर्ड करना अनिवार्य किया गया था। कुर्ला मामले में, हनीफ अलाउद्दीन शेख (48) ने औपचारिक समझौते या पुलिस अधिसूचना के बिना तीन साल के लिए एक जरी फैक्ट्री कर्मचारी इम्तियाज अहमद अंसारी (38) को एक कमरा किराए पर दिया था। दोनों को नेहरू नगर पुलिस स्टेशन बुलाया गया और उनके बयान दर्ज किए गए। शेख ने कहा कि उन्हें नए आदेश के बारे में जानकारी नहीं है। दादर में, एसआई सतपुते के नेतृत्व में एक अपंजीकृत किरायेदार पर कार्रवाई की। जांच में पता चला कि सब्जी विक्रेता हरिकेश महावीर निषाद (39) अगस्त 2023 से बिना किसी पंजीकृत किरायेदारी समझौते के एक बिल्डिंग के नीचे रह रहा था। पुलिस ने मकान मालिक अशोक बंसराज पांडे (58) से पूछताछ की, जो माटुंगा के सिद्धि कैंप में रहते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की।

# अखंड लोकतंत्र के प्रतीक शिवराय : एकनाथ शिंदे

▶▶ डोंबिवली में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण

▶▶ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की जनता से प्रेरणादायी अपील

▶▶ शिवराय के गुणों में से कम से कम एक गुण अपनाना चाहिए

▶▶ शिवराय का अर्थ है त्याग, शौर्य, धैर्य, समर्पण, युद्धनीति, युगपुरुष

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डोंबिवली।** "प्रत्येक व्यक्ति को शिवराय के गुणों में से कम से कम एक गुण अपनाना चाहिए," तभी उनकी जयंती सच्चे अर्थों में मनाई जाएगी, ऐसा प्रतिपादन महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। डोंबिवली (पूर्व) स्थित घरडा सर्कल में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों संपन्न हुआ, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिवराय अखंड लोकतंत्र के प्रतीक हैं। शिवराय का अर्थ है त्याग, शौर्य, धैर्य, समर्पण, युद्धनीति, युगपुरुष और युगप्रवर्तक-एक सच्चा जननायक। उनकी रणनीति में मानवता की सुगंध थी।



### मूर्तिकार आश्विन और आतिश सम्मानित

इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की इस भव्य मूर्ति को आकार देने वाले मूर्तिकार आश्विन और आतिश पालवणकर को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों सम्मानित किया गया। डोंबिवली का प्रवेश द्वार, जिसे पहले घरडा सर्कल के नाम से जाना जाता था, अब से "छत्रपति शिवाजी महाराज चौक" के रूप में पहचाना जाएगा। इस प्रतिमा के लिए, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान नगर विकास विभाग के माध्यम से निधि प्रदान की थी। यह केवल एक प्रतिमा नहीं है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए गर्व का एक क्षण है।

### सांसद श्रीकांत ने की शिवाजी की स्तुति

■ कल्याण लोकसभा के सांसद डा. श्रीकांत शिंदे ने अपने संबोधन में उक्त उद्‌गार व्यक्त करते हुए वीर रसपूर्ण कविता की पंक्तियों के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज की स्तुति की। महाराष्ट्र की जनता के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा सांस्कृतिक नगरी डोंबिवली के प्रवेश द्वार पर स्थापित हो रही है, जो कल्याण-डोंबिवली के नागरिकों के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस भव्य प्रतिमा के माध्यम से शिवराय के नेतृत्व, दृढ़ संकल्प, शौर्य, साहस, न्याय और कर्तृत्व की यशोगाथा कल्याण-डोंबिवली के नागरिकों के मन में सदैव जीवंत रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं, ऐसा मत मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने अपने प्रस्ताविक भाषण में व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाटील, संग्राम (बापू) भंडारे महाराज, हिंदुराष्ट्र सेना प्रमुख धनंजयभाई देसाई, शिवसेना के राजेश कदम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सोमवार की शाम डोंबिवली में संपन्न हुए इस भव्य समारोह में विधायक राजेश मोरे, शिवसेना नेता गोपाल लांडगे, भाजपा नेता नरेंद्र सूर्यवंशी, शशिकांत कांबले, अन्य गणमान्य व्यक्ति, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे, नगर अभियंता अनिता परदेशी, अन्य अधिकारी वर्ग तथा बड़ी संख्या में कल्याण-डोंबिवली के नागरिक उपस्थित रहे।

# चुनाव के लिए कार्यकर्ता एकजुट हों: डोटासरा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद ।** कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को भिक्षु नीलम परिसर में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। दोनों नेताओं ने जिला एवं मंडलस्तर के कांग्रेस पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर विस्तार से चर्चा की। दोनों नेताओं को पूर्व मंत्री रामलाल जाट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर, अशोक टांक, आदित्य प्रताप सिंह रेलमगरा प्रधान, लेहरुलाल अहीर, मुकेश भार्गव एवं कुलदीप शर्मा ने स्वागत किया। नाथद्वारा महिला कांग्रेस की टीम ने होली के फागण गीतों का गायन किया। डोटासरा ने प्रदेश सरकार को आडे हाथों लेते हुए आने वाले सभी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं से जुट जाने का आह्वान किया। इस मौके पर दोनों नेताओं ने प्रदेश की भजनलाल सरकार को जमकर खरी-खोटी सुनाई। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में एक नए रूप में उबर के सामने आई है। इस अभियान की शुरुआत राजसमंद में होली मिलन समारोह की ओर से की गई है। हमें अभी से जुट जाना है ताकि आने वाले किसी भी चुनाव चाहे पंचायत का हो या लोकसभा का कांग्रेस अपने पूर्ण बहुमत से आगे आए और सरकार बनाकर जनता की सेवा कर सके।

# चौरा ढाणी को करावड़ी में शामिल करने का विरोध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** चौरा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव चौरा ढाणी के लोगों ने ग्राम पंचायत चौरा पृथक गांव में रखने की मांग को लेकर धरना दिया व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत चौरा में से चौरा ढाणी अलग राजस्व गावं हाल ही में बना हैं, जो मूल चौरा राजस्व गाव का ही भाग हैं, और चौरा ढाणी राजस्व गावं के निवासीयों के चौरा गावं में रहवासी मकान व कृषि भूमि स्थित हैं , ऐसे में इसको पंचायत क्षेत्र से अलग किया जाना न्यायोचित नहीं होगा। चौरा ढाणी के निवासियों की चौरा ग्राम पंचायत मुख्यालय से दूरी मात्र 24 किमी है, जबकि कुछ लोग राजनैतिक प्रभाव का गलत उपयोग कर करावडी ग्राम पंचायत में जोड़ना चाह रहे है जो गलत है, ज्ञापन में बताया कि चोरा ढाणी से करावड़ी मुख्यालय से दूरी 6 से 11 किमी है, गाँव चौरा ढाणी से करावडी जाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की कोई सुविधा नहीं हैं, गाँव चौरा ढाणी राजस्व ग्रामवासियों की आधी से अधिक कृषि भूमि चौरा ग्राम में स्थित होने व पंचायत मुख्यालय करावडी होने पर आम निवासियों को दैनिक राजस्व व पंचायत कार्यो के लिए अलग दिशा में होने से बड़ी परेशानी होगी, राज्य सरकार का उदेश्य आम नागरिको को सुविधा देना हैं जबकि इस व्यवस्था से आम नागरिक भारी दुविधा में आ जाएंगे और यदि जबरन अलग किया जाता हैं तो इस क्षेत्र के निवासियों को जबरन मतदान से वंचित किया जाना है तो वह न्यायोचित नहीं होगा। ऐसे में पूरा राजस्व गांव भविष्य में कभी भी मतदान नहीं करेंगे और सामूहिक मतदान का परित्याग करेंगे। ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, जल ग्रहण विकास एवं भू-सरक्षण विभाग राजस्थान सरकार के माध्यम से पंचायत जल ग्रहण कमेठी चौरा अध्यक्ष सरपंच (जल ग्रहण समिती ग्राम पंचायत चौरा) के माध्यम से चल रहा है और उक्त योजना वर्ष 2022-2027 तक चलेगी जिसमे ग्राम पंचायत चौरा ढाणी व चौरा क्लस्टर के रूप में सम्मिलित है। उक्त योजना का लाभ आजादी के बाद चौरा ढाणी के रहवासियों प्रथम बार उपलब्ध हो रहा हैं, यदि चौरा ढाणी के ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत करावडी में सम्मिलित कर दिया जाता है तो चौरा ढाणी के निवासी इस योजना से वंचित हो जाएंगे। इस दौरान सरपंच सुनिल बिश्नोई, वार्ड पंच बलवंत एच सुथार, भजनलाल, राणाराम साहू, भीखाराम माली, देवाराम, अमराराम, शैतान, सुखराम, हनुमान, पुखराज, धीमाराम, साजन , दीपक, अर्जुनराम आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## सरकार ने मांगे नहीं मानी, पूर्व मंत्री का अनशन दूसरे दिन जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** किसानों की लंबित मांगों के समाधान नहीं होने के विरोध में पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई सहित तीन की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही, इस दौरान सुखराम बिश्नोई ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर नाराजगी जताई, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की ओर से भी उक्त समस्या को लेकर कोई खास पहल नहीं होने से लोगों ने नाराजगी जताई। वहीं किसानो की लंबित समस्याओं का समाधान करने की मांग की, वहीं दुसरी ओर पूर्व मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसानों की समस्याओ के प्रति उदासीन है, जिसकी बदौलत भाजपा सरकार में किसान दुखी है, उन्होंने सरकार पर किसानों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है कि तब भूख हड़ताल खत्म नहीं होगी। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें बताया कि वर्ष 2022 के कृषि आदान अनुदान से वंचित की राशि से शेष रहे कास्तकारों की राशि तुरन्त दिलवाई जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ व रबी सीजन 2023 का बीमा रिलायंस कम्पनी द्वारा मनमाने तरीके से तहसील चितलवाना के काफी ग्राम पंचायतों का नहीं दिया गया हैं, जिसमें खासरवी, सुराचन्द, रणोदर, देवड़ा, आकोली, ईटादा, भीमगुड़ा, डावल, परावा, निम्बाऊ, झाब, मेघावा, विरावा, खेजड़ीयाली, टांपी इत्यादी ग्राम पंचायतों का भूगतान अविलम्ब करवाया जाएं, किसानों की बीमा पॉलिसी जो निरस्त की गई हैं, उसे पुनः दूरस्त कर भूगतान करवाया जाए, जिस किसानों ने फसल नुकसान की कम्पनी को सूचना दी हैं उन्हे बीमा क्लेम दिया जाए, रबी व खरीफ फसल की क्रॉप कटिंग सर्वे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपचं व पंचायत समिति सदस्य या जिला परिषद सदस्यों को सम्मिलित किया जाए, जिस किसानों ने अपने स्तर पर व्यक्तिगत बीमा करवाया है उसे सर्वे के आधार पर भुगतान किया जाए, सांचौर के तीनों खण्डों के बिजली के बिल अचानक एक साथ भारी भरकम राशि का दिया जा रह हैं किसान राशि जमा करवाने में असमर्थ हैं बिजली बिलों में लगी पेनेल्टी व अन्य सरचार्ज वगैरा हटाकर किस्तों में राशि ली जाए, आरडीएसएस के तहत विधुत विभाग द्वारा ग्राम गुड़ाहेमा, आम्बा का गोलिया व केरिया में जीएसएस बनकर तैयार हैं जिसको जल्द चालु करवाया जाए, विधानसभा क्षेत्र सांचौर में डब्ल्युबीएम के तहत अपूर्ण डामरीकरण सड़कों जल्द पूर्ण करवाया जाए, विधानसभा क्षेत्र सांचौर में नर्मदा नहर के कारण जहां जमीन खारी हुई हैं नर्मदा नहर के पास स्थित अनकमाण्ड क्षेत्र को कमाण्ड क्षेत्र घोषित किया जाएं इत्यादि मांग शामिल है। धरने में पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई के साथ हिन्दुसिंह चौहान,पोकराराम विश्नोई अनशन पर बैठे।



## वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जीवाणा।** निकटवर्ती आलवाड़ा के स्थानीय विद्यालय रामदेव पब्लिक उ प्रा विद्यालय आलवाड़ा के प्रांगण में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह मनाया गया। कार्य म में मुख्य अतिथि भजन लाल विश्नोई, माना राम परमार व उदाराम विश्नोई की अध्यक्षता में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । स्थानीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। भामाशाह का साफा, माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का बहुमान किया गया। बिश्नोई ने सभी छात्रों को लगन व मेहनत करके आगे बढ़ने की बात कही। वही माना राम ने सभी को मोबाइल से दूर रहकर एकाग्रता से पढ़ाई करने की बात कही। भजन लाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्य म के अंत में विदाई ले रहे कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं के तिलक लगाकर, मुंह मीठा करवाकर,साफा व माला पहनाकर कर विदाई दी गई तथा पुरुस्कार वितरण किया गया। भजनलाल बिश्नोई, मानाराम परमार, उदाराम,मोहन लाल आलासन, सुजाराम चौधरी, भोपाराम देवासी, भेरा राम सोलंकी, कपूराराम, मदाराम, जगमालाराम चौधरी, जगा राम लुम्बा की ढाणी, धुड़ा राम, चेतन सोलंकी, देवा राम, दीपा राम, मंजू देवी, तलसी देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सोरम देवी, भामाशाह गणपत सिंह, तेजाराम चौधरी, मोहन लाल परमार, रामाराम, मेघाराम चौधरी, राणा राम, मोटा राम, गौतम पंचाल आकवा, वाला राम सोलंकी, रावता राम चौधरी, बाबरा राम चौधरी, कसना राम चौधरी, घेवा राम सोलंकी, हट्टा राम परमार, पोला राम परिहार, दिनेश कुमार परमार, चेतन सहित कई जने मौजूद थे।



## जुंजाणी में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** जुंजाणी में आयोजित दिव्यांग शिविर में डेढ़ सौ दिव्यांग लाभांवित हुए। यह आयोजन भारत सरकार के सामाजिक एवं अधिकार मंत्रालय व एडीपी के अंतर्गत भगवान महावीर विकलांग सहायता जयपुर की ओर से जालोर विधि प्राधिकरण जिला विकलांग कल्याण समिति जालोर, हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन व भामाशाहों के सहयोग से किया गया। चार दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद, बीसीएमओ दिनेश कुमार विश्नोई, सीडीपीओ लता आचार्य, जिला परियोजना अधिकारी भंवर कवर, पंचायत समिति सदस्य हिमताराम सेन, भामाशाह कैलाश पुरोहित,भीम सिंह देवड़ा,मानाराम पुरोहित, राजेश सोनी, हीरालाल सोनी व डॉ नारायण चौधरी की मौजूदगी में हुआ। जिला महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित ने बताया कि शिविर में 150 दिव्यांगों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत करोड़ों रुपये व्यय, लेकिन देश लक्ष्य से कोसों दूर : सांसद नीरज डांगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जयपुर।** सांसद नीरज डांगी ने सदन में उठाये गये तारांकित प्रश्न के द्वारा स्वच्छ भारत मिषन शहरी 2.0 के क्रियान्वयन पर शहरी क्षेत्रों में इस मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च किये जाने के बाद भी आज शहरी क्षेत्रों में आज भी खुले में शौच से मुक्ति नहीं मिल पाई है। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर को आड़े हाथों लिया, इस मिषन के लक्ष्य से देष अभी भी कोसों दूर है। सांसद नीरज डांगी ने बताया स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 का प्रारंभ 01 अक्टूबर 2021 को पांच साल के लिये किया गया था। परन्तु इसके कार्यान्वयन के लिये प्रयुक्त प्रौद्योगिकी और इस योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में खुले में शौच में प्रतिवर्ष दर्ज की गई औसतन गिरावट को देखते हुए केन्द्र सरकार के इस मिशन द्वारा खुले में शौच से मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने में अभी भी कई साल लग सकते हैं, जबकि इस मिशन का 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्धारित एक वर्ष ही शेष रहा है। श्री डांगी के प्रश्न के प्रत्युत्तर में आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने बताया कि एसबीएम-यू 2.0 के तहत प्रयुक्त जल प्रबंधन भी एक नया घटक जोड़ा है जिसका उद्देश्य 2011 की जनगणना के अनुसार एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में मल-कीचड़ और सेप्टेज का समग्र निपटान करना है। केन्द्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) के मैनुअल और समय समय पर जारी की गई एडवाइज़री में उल्लेखित किसी भी प्रामाणिक प्रौद्योगिकी को चुनने की अनुमति दी गई है। परन्तु वर्तमान में इस घटक एवं प्रौद्योगिकियों पर स्थानीय निकायों/राज्य सरकारों द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। नीरज डांगी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिषन (एसबीएम-यू) 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) बनाना था, अक्टूबर 2019 में 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 4371 शहरी निकाय खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है। 63.74 लाख व्यक्तिगत घरेल शौचालय इकाइयों के निर्माण बताया गया है परन्तु मौके पर इन इकाईयों का अता-पता नहीं है। वर्तमान में 1177.22 करोड़ रुपये आवंटित किये गये है जिससे 4889 शहरों/स्थानीय निकायों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है परन्तु असलियत में देखा जाए तो आज भी ये निकायें खुले में शौच से मुक्त नहीं है। डांगी ने केन्द्र सरकार से मांग कि की इस स्वच्छ भारत मिषन-षहरी 2.0 के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति का आंकलन कराया जाकर इस मिषन के तहत व्यय होने वाली राशि के दुरुपयोग को रोकने सहित उचित प्रबंधन किया जाना चाहिए ताकि लक्ष्य अनुसार शहरी क्षेत्रों का कायाकल्प हो सकें।

## NAME CHANGE

I JOGENDRA SINGH have changed my old name JOGENDRA SINGH BHATI in future. I may be known my new name JOGENDRA SINGH, 1/67, HOUSING BOARD, SUMERPUR (PALI)

## पांच हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** पुलिस की ओर से ऑपरेशन भौकाल के तहत लम्बे समय से मादक पदार्थ के तस्करी में वांछित पांच हजार का ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी दीपसिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत बागोडा में लम्बे समय से फरार आरोपी देशातंरी नाडी नगर पुलिस थाना रागेश्वरी गैस टर्मिनल नगर जिला बाडमेर निवासी सुजानाराम पुत्र छोगाराम विश्नोई को सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

## जयपुर की गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

### रुक-रुककर निकल रहा धुआं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर के हटवाड़ा रोड पर स्थित गद्दा फैक्ट्री में आज अचानक आग लगने से फरा-तफरी का माहौल हो गया। आग कंट्रोल से बाहर हुई तो लोगों ने दमकल और पुलिस को जानकारी दी। दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को फैक्ट्री से दूर किया गया। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद 5 दमकल की मदद से आग को कंट्रोल किया गया। फायर मैन मुकेश ने बताया कि करीब सवा 3 बजे फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। 5 से 7 मिनट में दमकल मौके पर पहुंची। आग को कंट्रोल करना शुरू किया। फैक्ट्री में गद्दे भरने का काम किया जाता था। गद्दे में रुई और नारियल जूट अधिक होने से आग कंट्रोल नहीं हुई, जिसके कारण आग को कंट्रोल करने में समय लगा। लगभग आग पूरी तरह से दोपहर 3.40 पर आग कंट्रोल हुई है।



**एक दमकल मौके पर मौजूद :** दमकल की टीमें अभी भी जहां से धुआं निकल रहा है, वहां पर पानी का छिड़काव कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से एक छोटी दमकल मौके पर अभी भी मौजूद है। क्योंकि गद्दों में आग कई प्रयास के बाद भी फिर लगने की सम्भावना रहती है। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि गोदाम के पीछे से एकाएक धुआं निकलते हुए दिखाई दिया। इस पर उसे कंट्रोल करने के लिए लोगों ने पानी का फेंकना शुरू किया। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग कंट्रोल से बाहर हुई तो दमकल को सूचना दी गई। इसके बाद दमकल मौके पर पहुंची और आग को कंट्रोल किया।

## ईरान-पाकिस्तान से आई हवा से राजस्थान में चली हीटवेव

### मार्च के अंत में बढ़ने लगेगा तापमान

**जयपुर।** राजस्थान में अचानक बढ़ी गर्मी ने लोगों को चौंका दिया। मार्च के पहले सप्ताह में ही कई जिलों में लू (हीटवेव) चलने लगी थी। अधिकांश शहरों में तापमान औसत से 5-7 डिग्री सेल्सियस ऊपर चला गया था। पश्चिमी राजस्थान के शहरों में तो दिन में कूलर-एसी तक चलाने की नौबत आ गई थी। अचानक इतनी गर्मी पड़ने के पीछे क्या कारण रहा? आने वाले 8-10 दिन में क्या इसी तरह की हीट वेव राजस्थान में चलने और तेज गर्मी रहने की संभावना है। जयपुर मौसम विज्ञान केन्द्र डायरेक्टर और सीनियर साइंटिस्ट राधेश्याम शर्मा ने बताया- पिछले दिनों ईरान-पाकिस्तान की सीमा और अरब सागर में एक स्ट्रॉन्ग एंटी साइक्लोनिक सिस्टम बना। इसके कारण मौसम में इतना बड़ा परिवर्तन देखने को मिला। ये सिस्टम धीरे-धीरे आगे बढ़कर गुजरात-राजस्थान की सीमा पर रुक गया। इसके चलते राजस्थान के बाड़मेर, जालोर, सिरोही समेत आसपास के एरिया में और दूसरे शहरों में तापमान तेजी से बढ़ गया। बाड़मेर-जालोर के एरिया में हीटवेव चली। इस सिस्टम का सर्वाधिक प्रभाव गुजरात के पश्चिमी बेल्ट में रहा, जहां पिछले दिनों कई शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। इसके चलते मौसम विभाग नई दिल्ली को गुजरात के पश्चिमी हिस्सों में हीटवेव चलने का रेड अलर्ट जारी करना पड़ा।

**एक सप्ताह में 10 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा तापमान :** राजस्थान में एंटी साइक्लोन का ही असर रहा कि एक सप्ताह (4 मार्च से 12 मार्च के दौरान) अधिकांश शहरों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया था। जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चूरू, जोधपुर, बीकानेर, झुंझुनूं, बाड़मेर, सिरोही, जालोर, उदयपुर समेत तमाम शहरों में गर्मी तेज हो गई। बाड़मेर, जालोर का पारा 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ, जो अमूमन 20 मार्च के बाद दर्ज होता है।

**ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ा फैक्टर :** ग्लोबल वार्मिंग तेज गर्मी का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। इसका असर अब विंटर (सर्दी) और समर (गर्मी) सीजन के समयावधि पर देखने को मिल रहा है। विंटर सीजन जो अमूमन साढ़े तीन माह (मध्य नवंबर से फरवरी तक) होता था। वह कम होकर अब दो माह या उससे भी कम का रह गया। कड़ाके की सर्दी के दिन भी बहुत कम हो गए हैं।

## बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सहित एमपी से आए भाजपा नेताओं का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय बसेड़ी रोड़ पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश के बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला प्रभारी महेंद्र सिंह यादव के साथ राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हरिकेश मेवाफरोश एवं भाजपा जिला कार्यालय मंत्री ग्वालियर महानगर जड़ेंल सिंह गुर्जर के साथ समाज सेवी रामू यादव,सोनू यादव का बाड़ी आगमन पर साफा एवं माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय पर अपने उद्बोधन में एमपी बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में लगी है। पार्टी का वर्चस्व लगातार बढ़ रहा है और उसके कार्यकर्ता की मेहनत के बदौलत ही आज पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। जिसमें सबसे अधिक सदस्यों की संख्या है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे विश्व में मान बढ़ रहा है,जो देश के लिए गौरव की बात है। हमें इसी एकजुटता से आगे बढ़ना है और आमजन की समस्याओं का ध्यान रखते हुए उसका समाधान करना है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह उर्फ बॉबी परमार, किसान मोर्चा के महामंत्री संतोष शर्मा, बिजौली मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह गुर्जर, सिंगोरई पूर्व सरपंच बालकिशन बंसल, नगर पालिका पार्षद हरिदेव शर्मा, शुभम मंगल सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

## केन्द्रीय मंत्री के पिता के निधन पर शोक जताया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के पिताजी कदम सिंह के देवलोक गमन पर उनके ग्राम जमालपुर-गुरुग्राम (हरियाणा) पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से टीकाराम जुली एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा की उनके पिताजी की जीवन चर्या के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि एकदम सहज और सादगी वाला जीवन जीते हुए 92 वर्ष की उम्र में पूर्णत: निरोगी रहते हुए उनका स्वर्गवास हो गया।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबादी गांव जोलपुर त. रेवदर जिला सिरोही मे ग्राम पंचायत जोलपुर मे श्री परखा पुत्र तेजाजी एवं अमरा पुत्र चमनाजी जाति सुथार निवासी जोलपुर के नाम से आवासीय भूखण्ड का पट्टा संख्या 08 दिनांक 04.09.1980 को जारी किया है। उक्त भूखण्ड का कुल नाप 6771 वर्गफीट है जिस पर पट्टाधारको व इनके विधिक वारिसानो का लगातार कब्जा चला आ रहा है। यह कि पट्टाधारक श्री अमरा पुत्र चमना के देहान्त के बाद मे इनकी हिस्से की 1/2 भूमि यानि 3385.50 वर्गफीट भूमि बाबत इनके वारिसदारो के मध्य पंजीबद्ध हकत्याग विलेख निष्पादित हुआ है जिसमे ममतादेवी पुत्री स्व0 अमराराम एवं रगुदेवी पत्नी स्व0 अमराराम ने अपना हिस्सा श्री धनराज, दिनेश सुथार, कमलेश कुमार सुथार पुत्र स्व0 अमराराम को दे दिया है जिससे अब 1/2 भूखण्ड यानि 3385.50 वर्गफीट पर श्री धनराज, दिनेश सुथार, कमलेश कुमार सुथार का मालिकाना हक अधिकार बन हुआ है। उक्त रिलीज डीड दिनांक 17.01.2025 को उपपंजीयक कार्यालय रेवदर से क्रम संख्या 202503300100144 पर पंजीबद्ध है। यह कि उक्त रिलीज किये गये भूखण्ड पर श्री धनराज, दिनेश सुथार, कमलेश कुमार सुथार का ही कब्जा व मालिकाना हक चला आ रहा है। उक्त आधार पर श्री धनराज, दिनेश सुथार, कमलेश कुमार सुथार ने हमारी बैंक एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शाखा रेवदर मे यह सम्पति मोरगेज रखने का आवेदन किया है। उक्त पट्टा भूखण्ड बाबत विधिवत एवं विधिक बंटवाड़ा पट्टाधारको एवं इनके वारिसानो के मध्य नही हुआ है, केवल मौके मौखिक बंटवाड़ किया हुआ है जिससे अपने अपने हिस्से पर काबिज है। उक्त सम्पति के मालिकाना हक अधिकार के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपति हो तो वह मुझ हस्ताक्षरकर्ता को सात दिवस के भीतर भीतर सूचित कर उक्त आपति संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद इस प्रकाशन मेरे असील बैंक एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शाखा रेवदर इस भूखण्ड को रहन रख कर श्री धनराज, दिनेश सुथार, कमलेश कुमार सुथार पुत्र स्व. अमराराम सुथार नि0 जोलपुर को ऋण प्रदान करेगी, जिस हेतु अन्य किसी व्यक्ति या संस्थान को होने वाले किसी प्रकार की क्षति की जिम्मेदारी उस व्यक्ति या संस्थान की रहेगी। मेरी बैंक की नहीं रहेगी।

सुरेश मेनन, एडवोकेट

## सार्वजनिक नोटिस

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती मनीषा निलेश जैन अनुसूची में विशेष रूप उल्लिखित भूमि और पैकटी के संबंध में अपने स्वामित्व की पुष्टि कर रही है (जिसे इसके बाद "उक्त भूखंड" के रूप में उल्लेख किया गया है)। मूल रूप से उक्त आवासीय भूखंड के लिए अखाजी के नाम से पट्टा विलेख संख्या 207, तहसील संख्या 18 दिनांक 16.06.1893 जारी किया गया था। तत्पश्चात, उक्त भूखंड के लिए उप पंजीयक कार्यालय पिंडवाड़ा मे रीटाबेन पत्नी निलेश जैन के पक्ष में प्रेमाराम पुत्र अखाजी, केवराम, नरसाराम, बाबूलाल, मोहनलाल पुत्रगण प्रेमाराम द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या 428 दिनांक 06.08.1983 निष्पादित किया गया। रीटाबेन पत्नी निलेश जैन की मृत्यु 20.08.1989 को हुई। तत्पश्चात, स्वर्गीय रीटाबेन के पति अचलदास जैन पुत्र नीलेश जैन और स्वर्गीय रीटाबेन के कानूनी वारिस प्रतीक जैन पुत्र नीलेश जैन द्वारा उक्त भूखंड के लिए मनीषा पत्नी नीलेश जैन को पट्टा जारी करने लिए सहमति पत्र सह शपथ पत्र दिनांक 11.03.2022 निष्पादित किया गया। उक्त मूल सहमति पत्र सह शपथ पत्र दिनांक 11.03.2022 पूरी तरह से खो गया है और गलत जगह पर है। पंजीकृत पट्टा विलेख संख्या 240 दिनांक 23.08.2022, 69-ए आवासीय फ्री होल्ड के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पिंडवाड़ा द्वारा मनीषा पत्नी निलेश जैन उप पंजीयक कार्यालय पिंडवाड़ा के पक्ष में क्रमांक 20220301010261 दिनांक 27.10.2022 को निष्पादित किया गया था। उपरोक्त के आधार पर श्रीमती मनीषा निलेश जैन उक्त भूखंड की हकदार है और अब मै किसी भी व्यक्ति , कानूनी उत्तराधिकारी, वित्तीय संस्थान से आह्वान करता हू कि संपति के संबंध मे कोई दावा हो, विशेष रूप से नीचे लिखित अनुसूची मे वर्णित, बिक्री, विनिमय, बंधक, उपहार, ट्रस्ट, शुल्क, रखरखाव, विरासत, कब्जे, पट्टे, ग्रहणाधिकार या अन्यथा किसी भी प्रकृति के माध्यम से अनुरोध किया जाता है कि वे इसे लिखित रूप मे दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ नीचे हस्ताक्षरकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 3 दिनों के भीतर बताएं, माफ कर दिया गया है और/या त्याग दिया गया है या छोड़ दिया गया है और उसके बाद उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

**उपर्युक्त संपत्ति की अनुसूची**

सेजारो का वास, पिंडवाड़ा, जिला सिरोही, राजस्थान मे स्थित 1170 वर्ग फीट के भूखंड पर निर्मित आवासीय भवन, दिनांक 23.08.2022 का पट्टा संख्या 240 है।

उत्तर: सुशिलाबेन पत्नी हिम्मतलाल जैन का घर, दक्षिण:- हाउस ऑफ रघुनाथ एस/ओ अखाजी प्रजापत पूर्व: हाउस ऑफ एस/ओ हंसाजी, पश्चिम: - सड़क 12 फीट चौड़ी

स्थान : पिंडवाड़ा
दिनांक : 11 मार्च 2025

मनीषा एन जैन
सेजारो का वास, पिंडवाड़ा
जिला सिरोही, मो. +919322258476

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, शिवगंज, जिला सिरोही

क्रमांक: न.पा.शि./भूमि/2024-25/6694-6696 दिनांक : 17.03.2025

**|| आपत्ति विज्ञप्ति पत्र ||**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक द्वारा निम्नानुसार उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | ऑनलाईन आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम व पता | आवेदित स्थल | भूखंड की चतुर्दशी | क्षैत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LSG/SDRC/2024-25/68558 | श्री प्रकाश कुमार पुत्र भीकमचंदजी, जाति-सोनी, निवासी- अम्बिका चौक, शिवगंज, तहसील-शिवगंज, जिला-सिरोही (राज.) | प्लॉट संख्या 19 दर्शन सागर सोसायटी, कलापुर- शिवगंज | उ. : प्लॉट संख्या 20 स्थित है। द. : प्लॉट संख्या 18 स्थित है। पू. : अन्य भूमि स्थित है। प. : आम रास्ता व निकास स्थित है। | 1000.00 वर्गफीट अर्थात 92.93 वर्गमीटर |

उक्त के संबंध मे किसी व्यक्ति विशेष को भी इस भूमि/भवन के उपविभाजन बाबत् आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 07 दिवस के भीतर-भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् उपविभाजन की कार्यवाही की जावेगी एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति को स्वीकार कर आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त आपत्ति विज्ञप्ति पत्र आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर से जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, शिवगंज

## सुविचार

आप अपने बारे में जैसा सोचेंगे वैसे ही बन जायेंगे। अगर आप खुद को कमजोर सोचते हो तो आप कमजोर व निर्बल बन जाओगे अगर आप को लगता है की आप शक्तिशाली हैं तो आप सच मे शक्तिशाली बन जाओगे ।

**- अज्ञात**

# जागरूक संपादकीय

## सुनीता विलियम्स की वापसी

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर की अंतरिक्ष से पृथ्वी पर वापसी एक महत्वपूर्ण घटना है, जो विज्ञान, तकनीक और मानव धैर्य की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत करती है। लगभग नौ महीने तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने के बाद, उनकी सुरक्षित वापसी न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, बल्कि यह मानव जिज्ञासा और अन्वेषण की असीम संभावनाओं का प्रतीक भी है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल के माध्यम से एक आठ दिवसीय मिशन के लिए आईएसएस गए थे। हालांकि, तकनीकी खामियों के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे उन्हें अपेक्षा से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ा। यह स्थिति अंतरिक्ष अभियानों की जटिलता और उनमें शामिल जोखिमों को उजागर करती है। इन चुनौतियों के बावजूद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन जारी रखा, जो उनके पेशेवर समर्पण और धैर्य का प्रमाण है। नासा और स्पेसएक्स ने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम किया। स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन, जिसमें नासा के अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के ताकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव शामिल थे, ने आईएसएस पर पहुंचकर संचालन का कार्यभार संभाला। इस हैंडओवर प्रक्रिया के बाद, विलियम्स और विल्मोर की पृथ्वी पर वापसी संभव हो सकी। यह घटना अंतरिक्ष अनुसंधान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व को रेखांकित करती है। विभिन्न देशों और एजेंसियों के बीच समन्वय ने इस मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, यह घटना अंतरिक्ष अभियानों में तकनीकी चुनौतियों और अनिश्चितताओं को भी उजागर करती है, जो भविष्य के मिशनों के लिए मूल्यवान सबक प्रदान करती है। सुनीता विलियम्स की यह यात्रा विशेष रूप से प्रेरणादायक है। भारतीय मूल की होने के नाते, उन्होंने न केवल अमेरिका बल्कि भारत और पूरी दुनिया में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। उनकी उपलब्धियाँ युवा पीढ़ी को विज्ञान, तकनीक और अन्वेषण के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। अंततः, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी मानव साहस, धैर्य और तकनीकी कौशल की विजय है। यह हमें याद दिलाती है कि अन्वेषण की भावना और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता हमें नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। यह घटना भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है और हमें यह विश्वास दिलाती है कि मानवता की संभावनाएँ असीमित हैं।

### तुलसी गबार्ड की यात्रा के बाद

# क्या अमेरिका कट्टरपंथियों पर नकेल कसेगा?



विजय कपूर

अपराधियों, आतंकियों व विदेशी तत्वों को सख्त संदेश भेजते हुए पंजाब पुलिस ने वैष्णव मंदिर पर बम फेंकने वाले एक संदिग्ध को मार गिराया है | गौरतलब है कि 15 मार्च 2025 को सुबह लगभग 12:35 पर दो मोटर साइकिल सवारों ने अमृतसर में लड्डू गोपाल (श्रीकृष्ण का एक रूप) को समर्पित ठाकुरद्वारा मंदिर पर बम फेंका था| हालांकि पुजारी मंदिर के अंदर ही सो रहा था व बाल बाल बचा, मंदिर का थोड़ा सा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ, लेकिन इस विस्फोट में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ| संदिग्ध हमलावरों की शिनाख्त गुरसिदक सिंह व विशाल के रूप में की गई| पुलिस का अनुमान है कि यह विस्फोट पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर किया गया ताकि पंजाब में अशांति फैलाकर खालिस्तानी मुहिम को पुनः जागृत किया जा सके|अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के अनुसार, पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में जो इस प्रकार के अनेक विस्फोट हुए हैं, उनमें आईएसआई का हाथ संदिग्ध है|

इमेज

बहरहाल, भुल्लर ने अपनी टीम के साथ दोनों संदिग्धों का पीछा किया, उन्हें अमृतसर के निकट गांव बाल सिकंदर में गिरफ्तार करने के उद्देश्य से घेर भी लिया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें एक हेड कांस्टेबल ज़ख़्मी हो गया। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलायीं। गुरसिदक तो वहीं ढेर हो गया, लेकिन विशाल भागने में सफल रहा। उसकी तलाश जारी है। बाद में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा, "हमारी शून्य-बर्दाश्त नीति है। हम गैंगस्टर्स, पाकिस्तान की आईएसआई और उसके आकाओं को ऐसा सबक सिखायेंगे कि वह पंजाब की तरफ आंख उठाकर देखने की भी हिम्मत नहीं करेंगे।" अप्रैल 1979 में पटियाला के पंजाबी विश्वविद्यालय में एक सम्मेलन चल रहा था, लम्बे लम्बे भाषणों से श्रोता बोर हो रहे थे, लेकिन लंच की प्रतीक्षा में बैठे हुए थे। तभी अचानक दो लोग हॉल के पीछे से दौड़ते हुए आये और मंच पर चढ़ गये। उन्होंने भारत के संविधान के विरोध में नारे लगाये और फिर कुछ पम्फलेट हवा में उछालकर जितनी तेज़ी से दौड़ते हुए आये थे उतनी ही तेज़ी से दौड़ते हुए बाहर चले गये। तब दुनिया ने पहली बार 'खालिस्तान' शब्द सुना था। अब काफी समय से पंजाब में स्थिति नियन्त्रण में है, बावजूद इसके कि कभी अमृतपाल सिंह के ज़रिये तो कभी मंदिरों पर बम फ़ेंक कर हालात को विस्फोटक व तनावपूर्ण बनाने का प्रयास किया जाता रहा है, विशेषकर इसलिए कि कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व न्यूज़ीलैण्ड में खालिस्तानी संगठन अब भी सक्रिय हैं। बीती 6 मार्च को जब भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रिटेन में थे तो उनके काफिले पर खालिस्तानी चरमपंथियों ने हमला करने का प्रयास किया था। कनाडा व ऑस्ट्रेलिया से तो नियमित खबरें आती रहती हैं कि खालिस्तानियों की भारत विरोधी गतिविधियाँ जारी हैं और वह मंदिरों पर भी हमले करते रहते हैं। यह सब न केवल चिंता का विषय हैं बल्कि ऐसी चिंगारी भी हैं जो कभी भी विकराल आग का रूप धारण कर सकती है। इसलिए सिर्फ़ देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी खालिस्तानी



गतिविधियों को नियंत्रित करना आवश्यक है। इस पृष्ठभूमि में अमेरिका की ख़ुफ़िया विभाग प्रमुख तुलसी गबार्ड की 17 मार्च 2025 से आरंभ हुई ढाई दिन की भारत यात्रा महत्वपूर्ण हो जाती है, जिस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से विशेष रूप से मुलाक़ात की। इन मुलाकातों में भारत ने खालिस्तान के मुद्दे को मुख्य तौरपर उठाया। भारत का कहना है कि खालिस्तानी चरमपंथी अमेरिकी धरती पर भारतीय हितों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। भारत ने अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए अमेरिकी प्रशासन से आग्रह किया है कि वह सिख फॉर जस्टिस जैसी संगठनों पर सख्त कार्यवाही करे, जिसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने के लिए देश में प्रतिबंधित किया गया है। इन मुलाकातों में रक्षा और सूचना साझा करने आदि विषयों पर भी गहन चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य भारत-अमेरिका की साझेदारी को अधिक गहरा करना है। गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा 2007 में स्थापित एसएफजे एक अमेरिकी संगठन है जो भारत में खालिस्तान नाम के एक अलग सिख राज्य की मांग करता आ रहा है। यह मुख्य रूप से कानूनी गतिविधियों, लॉबिंग और जनमत संग्रह आयोजित करने के माध्यम से अपने अलगाववादी एजेंडा को आगे बढ़ाता है। साथ ही यह पंजाब में खालिस्तानी आंदोलन को फिर से जीवित करने का प्रयास कर रहा है। एसएफजे को विदेशी ताकतों, विशेषकर पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई से समर्थन प्राप्त है ताकि भारत को अस्थिर किया जा सके। भारत सरकार ने 2019 में गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एसएफजे पर प्रतिबंध लगाया था। साथ ही इसे अलगाववादी गुट घोषित किया था। इसके अतिरिक्त भारत में एसएफजे की वेबसाइट ब्लॉक है और इसके प्रमुख सदस्यों की संपत्ति ज़ब्त कर ली गई है। पन्नू पर भारत में 104 अपराधिक मामले दर्ज हैं। भारत चाहता है कि अमेरिका पन्नू के खिलाफ भी कार्यवाही करे। ध्यान रहे कि भारत अपने दोस्त देशों को उनकी धरती पर हो रहीं भारत विरोधी गतिविधियों और अतिवादियों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता व अन्य लोकतांत्रिक आज़ादियों का दुरूपयोग करके आतंकवाद को महिमामंडित करने के बारे में सतर्क करता रहता है। तुलसी गबार्ड के समक्ष खालिस्तानी मुद्दे को उस समय उठाया गया है जब प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में न्यूज़ीलैण्ड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से द्विपक्षीय मुलाक़ात करते हुए कहा कि वह अपने देश में खालिस्तानी अलगाववादी गतिविधियों को नियंत्रित करें। भारत की मुख्य चिंता यह है कि अंग्रेज़ी बोलने वाले पांच देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया व न्यूज़ीलैण्ड) जो आपस में इंटेलिजेंस शेयर करते हैं, में खालिस्तानी तत्व मौजूद हैं, जो भारतीय हितों के विरुद्ध कार्य करते हैं। अमेरिका व कनाडा ने तो यह बेबुनियाद आरोप भी लगाये हैं कि भारत विदेशों में खालिस्तानियों को अपना निशाना बनाता है। भारत के एक पूर्व अधिकारी पर यह आरोप लगाया कि वह पन्नू की (असफल) हत्या सजिश में शामिल था। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि भारतीय अधिकारियों की खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप निज्जर की वैंकोवर में की गई हत्या में भूमिका थी। भारत ने इन दोनों आरोपों का सख्ती के साथ खंडन किया है। तथ्य यह है कि कनाडाई कमिशन की जनवरी 2025 में फाइल की रिपोर्ट में कहा गया है कि निज्जर की हत्या में 'किसी विदेशी राज्य का निश्चित लिंक नहीं है'। पिछले माह वाशिंगटन में मोदी व ट्रम्प की संयुक्त प्रेस वार्ता में अमेरिका में खालिस्तानी गुटों की मौजूदगी के बारे में सवाल किया गया था, जिसका ट्रम्प ने कोई सीधा उत्तर नहीं दिया था।

## पंचांग

बुधवार, 19 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - चैत्र |
| • पक्ष | - कृष्ण |
| • तिथि | - पंचमी 24.38 तक |
| • वार | - बुधवार |
| • नक्षत्र | - विशाखा 20.50 तक |
| • योग | - हर्षण 17.38 तक |
| • करण | - कौलव 11.26 तक |
| • सूर्योदय | - 06.45 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.47 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.46 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.51 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - तुला 14.07 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - नहीं |
| • राहु काल | - 12.46 से 14.17 |
| • व्रत, त्यौहार | - रंग पंचमी, श्री जयंती, शुक्रास्त पश्चिम, बिच्छुड़ा 14.07 प्रारंभ, कुमारयोग 20.50 तक, |
| • दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




धर्म-कर्म

## क्या लड़कियों को भी लगता है पितृदोष?

पितृदोष को लेकर लोगों के मन में अलग-अलग अवधारणाएं बनी हुई हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब हमारे पूर्वजों की आत्माएं तृप्त नहीं होती हैं या फिर उनका तर्पण, श्राद्ध या पिंडदान उचित तरह से नहीं होता या फिर वे हमसे किसी बात पर नाराज होते हैं तो ऐसी स्थिति में जातक को पितृदोष लग जाता है।

पितृदोष लगा हुआ है इस बात की जानकारी हमें कई बार हमारे कार्यों में आ रही रुकावट या हमारी कुंडली की गणना के बाद ज्योतिषाचार्यों द्वारा बताये जाने पर पता चलता है। लेकिन पितृदोष को लेकर लोगों के मन में कई दुविधाएं बनी रहती है। कई लोगों का तो इस बारे में यह मानना है कि पितृदोष सिर्फ लड़कों को लगता है, लड़कियों को पितृदोष नहीं लगता है। तो अगर आपको भी इस बारे में कोई आसमंजस्य की स्थिति बनी हुई है तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं ज्योतिषाचार्य व वास्तु सलाहकार डॉ अरविंद पचौरी से विस्तार से जानते हैं। दरअसल, जो लोग सोचते हैं कि पितृदोष सिर्फ पुरुषों को लगता, लड़कियों को नहीं, तो बता दें कि ऐसा बिलकुल भी नहीं है। सच तो ये है कि कई बार लड़कियां भी पितृ दोष से पीड़ित हो सकती हैं। पितृ दोष केवल पुरुषों को ही नहीं, बल्कि महिलाओं को भी प्रभावित कर सकता है। पितृदोष के प्रभाव से लड़कियां भी पीड़ित होती हैं।

शास्त्रों की मानें तो अगर कोई लड़की पितृदोष से पीड़ित होती है तो इसका उपाय वे स्वयं कर सकती हैं। हालांकि इस बारे में कई लोगों का मानना होता है कि लड़कियां पराया धन होती हैं, उन्हें अकसर परिवार के गौत्र से नहीं जोड़ा जाता है। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है, लड़कियों का परिवार के सक्त से संबंध होता है और कुल में उत्पन्न होने के कारण उनपर भी पितृदोष का प्रभाव पड़ता है। ज्योतिषाचार्य का कहना है कि इसे समय पर ठीक करवाना जरूरी होता है।



## गीता सार

**यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।**
**एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति सः पश्यति॥**

**हिंदी अर्थ–**
ज्ञानयोगियों द्वारा जो गति प्राप्त की जाती है, कर्मयोगियो द्वारा भी वही प्राप्त की जाती है इसलिए जो पुरुष ज्ञानयोग और कर्मयोग को एक समान देखता है, वही ठीक देखता है,

## तारीख विशेष

### भारत–बांग्लादेश मित्रता

भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत घनिष्ठ हैं। दोनों देशों के बीच मित्रता का आधार 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पड़ा, जब भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 19 मार्च इस मित्रता के प्रतीक के रूप में एक विशेष दिन है, जो दोनों देशों के बीच सहयोग और सौहार्द्र को दर्शाता है। 19 मार्च 1971 को बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सेना और मुक्ति बाहिनी के बीच सहयोग की शुरुआत हुई थी। इस दिन को भारत और बांग्लादेश की मजबूत मित्रता का प्रतीक माना जाता है। यह दिन दोनों देशों की साझी विरासत, सहयोग और परस्पर सम्मान को दर्शाता है। भारत और बांग्लादेश के संबंध द्विपक्षीय सहयोग पर आधारित हैं। 1971 के बाद से, दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। 2015 में भूमि सीमा समझौता दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, जिसने दशकों पुराने सीमा विवाद को सुलझाया। जल सुरक्षा और सीमा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहयोग कर रहे हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच नियमित बैठकें होती हैं, जिससे संबंध और मजबूत हो रहे हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच आर्थिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच व्यापार का कुल मूल्य 18 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। भारत बांग्लादेश को ऊर्जा, परिवहन और बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग देने के लिए कई आर्थिक सहायता कार्यक्रम चला रहा है। भारत ने बांग्लादेश को रेलवे, बिजली और जल परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में सहायता की है। इसके अलावा, भारत ने बांग्लादेश को रेखा ऋण के तहत अरबों डॉलर की वित्तीय सहायता दी है, जिससे बांग्लादेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। भारत और बांग्लादेश के सांस्कृतिक संबंध भी बहुत मजबूत हैं। बंगाली भाषा, साहित्य, संगीत और कला दोनों देशों में समान रूप से लोकप्रिय हैं। भारत में दुर्गा पूजा और बांग्लादेश में बंगाली [illegible]र्ष (पोइला बैसाख) दोनों देशों में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं।

### खेल-खिलाड़ी

# मुंबई इंडियंस ने जीता दूसरी बार डब्लूपीएल ट्रॉफी

सारिम अन्ना

नैट स्किवर-ब्रंट ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 523 रन बनाये और वह ऑरेंज कैप की हक़दार बनीं, जबकि एमेलिया केर ने सर्वाधिक 18 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया। नैट स्किवर-ब्रंट प्रतियोगिता की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर भी रहीं और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द सीजन भी मुंबई की अमनजोत कौर रहीं। प्रतियोगिता में सबसे अधिक डॉट गेंद फेंकने का श्रेय भी मुंबई इंडियन्स की शबनम इस्माइल को मिला, जिन्होंने 131 डॉट गेंदें फेंकी। अन्य पुरस्कारों पर गुजरात जायंटस की ऐशलीग गार्डनर (सर्वाधिक 18 छक्के), यूपी वारियर्स की शेनली हेनरी (सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट) और दिल्ली कैपिटल्स की एनाबेल सदरलैंड (सर्वश्रेष्ठ कैच) का कब्ज़ा रहा। गुजरात जायंटस को फेयर प्ले अवार्ड मिला। यह सभी पुरस्कार 5-5 लाख रूपये के थे। विजेता मुंबई इंडियन्स को 6 करोड़ रूपये मिले और रनर-अप दिल्ली कैपिटल्स को इसके आधे यानी 3 करोड़ रूपये मिले। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीसरा अच्छा सीजन खेला, लेकिन लगातार तीसरी बार फाइनल फ्रंटियर पार न कर सकी। उसकी कप्तान मेग लेनिंग निराश दिखीं कि बल्ले से 150 रन का मामूली लक्ष्य भी हासिल न किया जा सका।

इमेज

जब हरमनप्रीत कौर का दिन अच्छा होता है, तो मुंबई इंडियन्स आमतौर से मैच जीत जाती है। जब हरमनप्रीत कौर का सत्र अच्छा होता है, तो मुंबई इंडियन्स आमतौर से प्रतियोगिता जीत लेती है। बीती 15 मार्च 2025 को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में यही हुआ। विमेंस प्रीमियर लीग के लो-स्कोरिंग फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 44 गेंदों में शानदार 66 रन बनाये और मुंबई इंडियन्स ने डब्लूपीएल का अपना दूसरा ख़िताब जीत लिया। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के सामने निर्धारित 20 ओवर में मात्र 150 रन का लक्ष्य था, लेकिन जब पहले दो ओवर में ही उसकी दोनों सलामी बैटर्स मेग लेनिंग व शेफाली वर्मा, जिनकी अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने की प्रमुख भूमिका थी, आउट हो गईं तो लक्ष्य हासिल करना कठिन हो गया। दिल्ली कैपिटल्स 8 रन से हार गई। दिल्ली कैपिटल्स एक मात्र टीम है जो डब्लूपीएल के अब तक के तीनों सत्रों में फाइनल में पहुंची है, जिससे उसकी निरंतरता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है, लेकिन वह इतनी बदकिस्मत भी रही है कि एक बार भी ट्राफी नहीं उठा सकी है। दिल्ली कैपिटल्स 2023 के फाइनल में मुंबई इंडियन्स से 7 विकेट से हार गई थी, फिर 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उसे 8 विकेट से पराजित किया और 2025 में मुंबई इंडियन्स के सामने वह 8 रन से चूक गई। वर्तमान सत्र में मुंबई इंडियन्स की खिताबी जीत में उसकी दो हरफनमौला खिलाड़ियों की भूमिकाएं प्रमुख रहीं। नैट स्किवर-ब्रंट ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 523 रन बनाये और वह ऑरेंज कैप की हक़दार बनीं, जबकि एमेलिया केर ने सर्वाधिक 18 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया। नैट स्किवर-ब्रंट प्रतियोगिता की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर भी रहीं और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द सीजन भी मुंबई की अमनजोत कौर रहीं। प्रतियोगिता में सबसे अधिक डॉट गेंद फेंकने का श्रेय भी मुंबई इंडियन्स की शबनम इस्माइल को मिला, जिन्होंने 131 डॉट गेंदें फेंकी। अन्य पुरस्कारों पर गुजरात जायंटस की ऐशलीग गार्डनर (सर्वाधिक 18 छक्के), यूपी वारियर्स की शेनली हेनरी (सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट) और दिल्ली कैपिटल्स की एनाबेल सदरलैंड (सर्वश्रेष्ठ कैच) का कब्ज़ा रहा। गुजरात जायंटस को फेयर प्ले अवार्ड मिला। यह सभी पुरस्कार 5-5 लाख रूपये के थे। विजेता मुंबई इंडियन्स को 6 करोड़ रूपये मिले और रनर-अप दिल्ली कैपिटल्स को इसके आधे यानी 3 करोड़ रूपये मिले। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीसरा अच्छा सीजन खेला, लेकिन लगातार तीसरी बार फाइनल फ्रंटियर पार न कर सकी। उसकी कप्तान मेग लेनिंग निराश दिखीं कि बल्ले से 150 रन का मामूली लक्ष्य भी हासिल न किया जा सका। उनका मानना था कि एक और पार्टनरशिप हो जाती तो बात बन जाती। फिर भी उन्हें अपनी टीम पर गर्व है। उनके अनुसार, "हमारा सीजन अच्छा रहा। कुछ पल वास्तव में बहुत अच्छे रहे। लेकिन हम निराश हैं कि फाइनल में अच्छा प्रदर्शन एक बार फिर न कर सकीं, यही तो क्रिकेट है कि एक दिन ख़ुशी तो दूसरे दिन निराशा हाथ लगती है। गलती किसी की नहीं है। हम पूरी तैयारी से आयी थीं, बस बात बन न सकी।" दूसरी ओर कम स्कोर का लक्ष्य देने के बावजूद जीत हासिल करने का श्रेय हरमनप्रीत कौर ने अपनी टीम की गेंदबाज़ों को दिया। उन्होंने कहा, मुझे बहुत ख़ुशी है जिस तरह से इस्माइल, नैट स्किवर-ब्रंट और अन्य गेंदबाज़ों ने एक यूनिट की तरह गेंदबाज़ी की। हमें मालूम था कि हमारे पास चार अच्छे गेंदबाज़ हैं और टी-20 में शेष चार ओवर महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसलिए साईका के तीन ओवर अहम थे, जो उन्होंने बहुत अच्छे फेंके। फिर अमनजोत व संस्कृति ने भी अच्छी गेंदबाज़ी की। ये सभी अपनी भूमिकाएं जानती हैं और मुझे इनके साथ खेलने में आनंद आता है।"डब्लूपीएल 2025 में पांच टीमों (मुंबई इंडियन्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंटस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु व यूपी वारियर्स) ने 14 फरवरी से 15 मार्च तक कुल 22 मैच खेले। इस सत्र में कुछ ऐसी बातें देखने को मिली जो डब्लूपीएल के इतिहास में पहले कभी नहीं हुईं थीं। पहली बार सुपर ओवर खेला गया, जिसके टाईब्रेक में यूपी ने बेंगलुरु को 4 रन से पराजित किया। यह मैच 24 फरवरी को खेला गया था। प्रतियोगिता के पहले ही मैच में 200 से अधिक का स्कोर सफलतापूर्वक चेज़ किया गया यानी पूरे मैच में दर्शकों को अप्रत्याशित 400 से अधिक रन देखने को मिले। गुजरात जायंटस ने पहले खेलते हुए 5 विकेट पर 201 रन का विशाल लक्ष्य दिया, जिसे बेंगलुरु ने 7 गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट के नुकसान पर पार कर लिया। इस बार का फॉर्मेट भी 2024 जैसा ही था कि राउंड-रोबिन लीग में पांच टीमों ने एकदूसरे से दो-दो बार मुकाबले किये। टॉप साइड (दिल्ली कैपिटल्स) सीधे फाइनल में पहुंच गई और दूसरे व तीसरे स्थान वाली टीमों ने फाइनल में पहुंचने के लिए एलिमिनेटर खेला, जिसमें मुंबई ने गुजरात को 47 रन से हराया।

## पाठक पाती

### खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियाँ चिंता का विषय

महोदय, खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियाँ भारत में बढ़ रही हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। ये समर्थक न केवल भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि वे हिंदू मंदिरों पर भी हमले कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्हें विदेशी नागरिकों और पाकिस्तान से भी समर्थन मिल रहा है, जो इस समस्या को और भी जटिल बना देता है। भारत सरकार को इस मुद्दे पर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। हमारे नेताओं को खालिस्तान समर्थकों को पनाह देने वाले देशों के साथ सख्ती से बात करनी चाहिए और उन्हें अपने देश में खालिस्तान गतिविधियों को रोकने के लिए कहें। इसके अलावा, भारत सरकार को अपनी सुरक्षा एजेंसियों को मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि वे खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों पर नजर रख सकें और उन्हें रोक सकें। भारत सरकार को अपने नागरिकों को जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि वे खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के बारे में जागरूक रह सकें। इसके लिए सरकार को अपने नागरिकों को शिक्षित करने की आवश्यकता है, कि वे खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को पहचान सकें और उन्हें रोक सकें।

**-मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, मप्र**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



महाकुंभ में हमने हमारी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह राष्ट्रीय चेतना राष्ट्र को नए संकल्पों की तरफ ले जाती है, नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने उन आशंकाओं को भी उचित जवाब दिया है, जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती है।

**- नरेंद्र मोदी**



मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उसपर भी बोलना चाहिए था।

**- राहुल गांधी**



मैंने जो कुछ भी किया, खुलेआम किया। मैंने शिवसेना को औरंगजेब (कांग्रेस) से सहानुभूति रखने वालों से बचाने के लिए किया। यह कांग्रेस ही थी जिसने औरंगजेब की कब्र को सुरक्षा प्रदान की। अब उसी औरंगजेब को मुद्दा बनाकर प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

**-एकनाथ शिंदे**

## कुछ अलग | अजब गजब

# 117 साल की महिला के डीएनए की हुई जांच, वैज्ञानिकों को पता चल गया लंबी उम्र का राज!

इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो लंबी उम्र तक नहीं जीना चाहता होगा। पर हर किसी की किस्मत ऐसी नहीं होती कि वो अपने मन मुताबिक वक्त तक जीवित रह सके। ये तो परमात्मा के हाथ में है। हालांकि, वैज्ञानिकों को लंबी उम्र का राज पता चल गया है। वैज्ञानिकों ने क117 साल की एक मर चुकी महिला के डीएनए टेस्ट की जांच की। इस जांच में उन्हें काफी चौंकाने वाली चीज मिली। मिरर वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार स्पेन की रहने वाली मारिया को दुनिया का सबसे बुजुर्ग इंसान होने का दर्जा प्राप्त था। पिछले साल, यानी अगस्त 2024 में उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के करीब 8 महीने बाद वैज्ञानिकों ने उनकी लंबी उम्र का पता लगा लिया है। बार्सिलोना यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने मारिया के माइक्रोबायोम और डीएनए की जांच की। माइक्रोबायोम का अर्थ होता है माइक्रो-ऑर्गैनिज्म्स का एक समूह, जो इंसानी शरीर के ऊपर या अंदर रहता है।

**डीएनए में मिली ये खास चीजें-** जांच में पता चला कि उनके शरीर में बच्चों का सा माइक्रोबायोम है। इसके अलावा उनके शरीर में प्रिवलेज्ड जिनोम भी है। बार्सिलोना यूनिवर्सिटी के जेनेटिक प्रोफेसर, मैनल एस्टलर का कहना है कि ऐसे अनोखे जीन्स ने उनकी उम्र को 17 साल तक घटा दिया था। मारिया की बेटी रोजा मोरेट का कहना है कि उनकी मां इतने लंबे समय तक इस वजह से जी गईं, क्योंकि वो कभी बीमार नहीं पड़ती थीं। मारिया को अपनी मौत के कुछ वक्त पहले तक पहला विश्व युद्ध और स्पैनिश सिविल वॉर के बारे में सब कुछ पता था। पर मरने से कुछ दिनों पहले से ही उनकी याददाशत कमजोर हो रही थी और उन्हें सुनने में भी तकलीफ हो रही थी।



**कभी नहीं पीती थीं शराब-** मारिया के गुजर जाने के बाद जापान की टोमिको ईटूका दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गई थीं, पर दिसंबर 2024 में उनकी भी 116 साल की उम्र में मौत हो गई। माना जा रहा है कि इन खोज से एंटी-एजिंग दवाएं बनाने में काफी मदद मिलेगी। इसके साथ ही कौन सा खाना उम्र को बढ़ाता है, वो भी जानना आसान हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने पाया कि मारिया का कोलेस्ट्रॉल लेवल काफी अच्छा था और इम्यून सिस्टम भी अच्छा था। वो कभी शराब या सिगरेट नहीं पीती थीं। दिन में 3 बार योगर्ट लेती थीं।

# राजस्थान पुलिस ने शुरू किया सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा

## महिला और बालिकाओं को उनके अधिकार और सुरक्षा को लेकर करेगी जागरुक



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की ओर से पूरे प्रदेश में 31 मार्च तक सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस संवाद पखवाड़ा का उद्देश्य राज्य में महिला और बालिकाओं में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा स्थानीय पुलिस से संवाद स्थापित करना है।

एडीजी सिविल राइट्स मालिनी अग्रवाल ने बताया कि महिला सखी सुरक्षा पखवाड़ा एक अभियान है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस पखवाड़ा में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्हें हिंसा और उत्पीड़न से बचाने के लिए विभिन्न संसाधनों और सेवाओं तक पहुंचने में मदद करता है।

### थाना स्तर पर चिह्नित की गई है तीन सक्रिय सुरक्षा सखी

*प्रत्येक एसएचओ द्वारा तीन सुरक्षा सखियों को अभियान में भाग लेने के लिए चिह्नित किया गया है। अभियान के पर्यवेक्षण तीन सुरक्षा सखियों से संपर्क कर सहयोग और उनके कार्यों की समीक्षा करने एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।*

### » सुरक्षा साथियों को थानावार दी जाएगी कानूनी जानकारी

एसएचओ चिह्नित सुरक्षा सखियों को अभियान के तहत कानून की जानकारी देने के लिए महिला अत्याचार से संबंधित कानून एवं उनके कर्तव्यों के बारे में बताएंगे। नियमित रूप से ये लोग फील्ड में जाकर महिलाओं को इसे लेकर जानकारी शेयर करेंगी। इस का समय-समय पर फीडबैक किया जाएगा। इसके बाद सुरक्षा सखी अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से महिलाओं और बालिकाओं से संपर्क कर उनको महिला संबंधी कानूनों की जानकारी देकर उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं या सुझावों के बारे में पुलिस को जानकारी देंगी। जागरूकता अभियान पखवाड़ा के बाद जागरूकता अभियान में प्रत्येक जिले से सराहनीय कार्य करने वाली 5 सुरक्षा सखी को पुलिस आयुक्त और रेंज महानिरीक्षक रेंज स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।।

# आईएएस-आईपीएस की ट्रांसफर लिस्ट जल्द

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा सत्र के बाद आईएएस और आईपीएस अफसरों की ट्रांसफर लिस्ट आ सकती है। टॉप-10 पदों पर लगे अधिकारियों को बदलने की भी चर्चा है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर कुछ नहीं कहा गया है। मार्च महीने के अंत में या फिर अप्रैल के पहले में सप्ताह में तबादला लिस्ट आ सकती है। कुछ समय पहले पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी ने आरोप लगाया था कि प्रदेश में जनप्रतिनिधियों को जनता के मुद्दे उठाने के लिए अफसरों के दफ्तर के बाहर कतार में लगना पड़ता है। देवी सिंह भाटी ने पिछले फरवरी महीने में आईपीएस अधिकारी डॉ. प्यारेलाल शिवरान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। विधानसभा में पूर्व मंत्री अजय सिंह क्लिक ने नागौर जिले का मामला उठाकर अफसरशाही को निशाने पर ले लिया था।

# जयपुर पुलिस ने वन्यजीव तस्कर पकड़ा, 45 कछुए मिले

## बैग में भरकर भरतपुर से लाया



**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने वन्यजीव तस्करी मामले में अंतरराज्यीय गैंग के मेंबर को अरेस्ट किया है। आरोपी तस्करी के कब्जे से भरतपुर से बैग में भरकर लाए 45 कछुए बरामद किए गए है। पूछताछ में राजस्थान सहित तीन राज्यों में कछुओं की सप्लाई करना आरोपी ने स्वीकार किया है। रामगंज थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी तस्कर से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ) राशी डोगरा डूडी ने बताया कि वन्य जीव तस्करी में आरोपी सोनू (37) पुत्र भूरा निवासी मथुरागेट भरतपुर हाल कली का भट्टा गलतागेट करे अरेस्ट किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मिले बैग से 45 कछुओं को जब्त किया है। वन्यजीवों की अवैध रूप से तस्करी कर मोटा पैसा कमाने की लगातार सूचना मिल रही थी। डीएसटी नॉर्थ के हेड कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र पाल सिंह ने सूचना को डब्लप किया।

मंगलवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का बाबू का टीबा चौपड़ी तोपखाना हुजुरी में बैग लटका कर घूम रहा है। उसके बैग में बड़ी संख्या में कछुए रखे है। तस्करी कर लाए कछुओं को बेचने की फिराक में घूम रहा है। डीसीएटी प्रभारी दिलीप सोनी व एसएचओ रामगंज देवेन्द्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंद कर संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी लेने पर बैग में कछुए भरे मिले। पुलिस ने आरोपी सोनू को वन्यजीव तस्करी में अरेस्ट कर उसके कब्जे से मिले 45 कछुओं को जब्त किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि वह भरतपुर इलाके से कछुआ की अवैध रूप से बड़े स्तर पर तस्करी करने वली अंतरराज्यीय गैंग का मेंबर है। वह तौफिक नाम के व्यक्ति से खरीदकर कछुओं को खरीदकर लाया था। तस्करी कर कछुओं की सप्लाई जयपुर, अजमेर, सिरोही, दिल्ली और हरियाणा आदि स्थानों पर करनी थी। इनसे कमाए मोटे प्रॉफिट से वह नशे की लत व अय्याशी की पूर्ति करना है।

# मोदी जैसे व्यक्तित्व सदी में एक बार ही होतेः दीया कुमारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और जयपुर राजघराने की वंशज दीया कुमारी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व सदी में एक बार ही होते हैं। जिस तरह वह पूरे समाज की सोच को बदल रहे हैं, उसके लिए उन्हें जितना भी धन्यवाद दिया जाय, कम है।



एक निजी टीवी चैनल के कार्य में उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी मेरे आदर्श हैं। जिस तरह से वह भारत की सोच बदल रहे हैं, जिस तरह महिलाओं को आगे बढा रहे हैं, बेटी बचाओ, 'बेटी पढ़ाओ' लागू कर रहे हैं, स्वच्छता, उज्ज्वला योजना, गरीबों, किसानों और युवाओं की योजनाओं के माध्यम से मदद कर रहे हैं, समाज की सोच को बदल रहे हैं, एक बहुत बड़ा काम मोदीजी कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें जितना धन्यवाद दिया जाय, कम है। मेरे आदर्श तो वही हैं।

# बच्चा चोरी कर शादी करना चाहते थे प्रेमी-प्रेमिका

## खाने से लेकर पहनने तक का पहले से इंतजाम कर रखा था



**जयपुर।** जयपुर रेलवे जंक्शन से 4 साल के मासूम को किडनैप करने के मामले में जीआरपी पुलिस ने आरोपी प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने पूछताछ में बताया लिव-इन में पिछले एक साल से साथ रह रहे थे। करीब 8 महीने पहले बच्चा चोरी की प्लानिंग कर ली थी। दो बार रेलवे स्टेशन पर रेकी के लिए घंटों समय भी बिताया था। बच्चा चोरी करने से पहले खाने-पहनने से लेकर ठहरने के लिए पूरी व्यवस्था कर रखी थी।

जीआरपी एसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि किडनैपिंग के मामले में सुंदर कश्यप (28) पुत्र शिवाजी कश्यप निवासी सदर करौली और उसकी प्रेमिका जीविका (28) पत्नी देवीलाल निवासी रानोली सीकर को गिरफ्तार किया है। विश्वकर्मा के रोड नंबर-14 पर रहने वाला सुंदर कश्यप मजदूरी का काम करता है। करीब दो साल पहले पति और दो बच्चों को छोड़कर आई जीविका मजदूरी के दौरान उसके कॉन्टैक्ट में आई थी। बातचीत के दौरान दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। पिछले करीब एक साल से सुंदर के साथ ही जीविका लिव-इन में रहने लगी।

### » बच्चे के बाद करनी थी शादी

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के दौरान सुंदर व जीविका ने एक-दूसरे से शादी करने का निर्णय लिया। करीब 2-3 महीने के रिलेशनशिप के दौरान प्रेमी सुंदर कश्यप को पता चला कि प्रेमिका जीविका की नसबंदी हो चुकी है। नसबंदी के चलते वह मां नहीं बन सकेगी। इस बात को लेकर सुंदर व जीविका के बीच में झगड़ा भी हुआ। दोनों के बीच सहमति बनी की बच्चा होने के बाद ही शादी करेंगे।

### » पीछा करते हुए पहुंची पुलिस

सूचना मिलने पर धुलंडी की रात करीब 11 बजे पुलिस टीम बच्चे को ढूंढने में जुट गई। सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर पीछा करते हुए अगले दिन दोपहर करीब 3 बजे पुलिस ऑटोरिक्शा ड्राइवर तक पहुंच गई। ऑटोरिक्शा ड्राइवर ने बच्चे के साथ आए दोनों आरोपियों को नारायण सिंह सर्किल छोड़ना बताया। नारायण सिंह सर्किल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उत्तर प्रदेश की रोडवेज बस में बैठकर जाने का पता चला। कंडेक्टर से कॉन्टैक्ट कर इस तरह की सवारी के ऑनलाइन पेमेंट कर महुवा उतरने का पता चला।

### » टॉफी का लालच देकर पास बुलाया

बुकिंग विंडो के पास खड़ा होकर सुंदर निगरानी रखने लगा। जीविका ने बच्चे की नजर खुद पर पड़ते ही उसे पास बुलाने के लिए इशारा किया। बच्चे के नहीं आने पर टॉफी दिखाकर उसे अपने पास बुलाया। बच्चे के पास आने के दौरान टॉफी दिखाते हुए उसे बाहर रेलिंग तक ले गई। टॉफी खिलाकर उसे अपनी गोद में उठाकर रेलवे स्टेशन से बाहर निकल गई। उसके पीछे-पीछे ही सुंदर भी बाहर आ गया। बच्चा चोरी कर बाहर निकले आरोपी प्रेमी-प्रेमिका ने रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटोरिक्शा किराए पर किया। बस स्टैंड छोड़ने की कहने पर ऑटोरिक्शा ड्राइवर ने दूसरे सवारियों को बैठाने के लिए कहा। पकड़े जाने के डर से दोनों बच्चे को लेकर ऑटोरिक्शा से उतर गए। पकड़ में आने से बचने के लिए छोटी-छोटी गलियों से पैदल निकलकर बस स्टैंड जाना तय किया। बच्चे को गोद में लेकर दोनों पैदल-पैदल गलियों में होते हुए गवर्नमेंट हॉस्टल के पास तिराहे पर जा पहुंचे। तिराहे पर पहुंचने पर वहां ऑटोरिक्शा रिक्शा खड़ा मिला। नारायण सिंह सर्किल स्थित बस स्टैंड जाने के लिए दोनों ने 150 रुपए ऑटोरिक्शा ड्राइवर को किराया दिया। रात करीब 3.30 बजे नारायण सिंह बस स्टैंड से उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस पकड़ी। सफर के दौरान आरोपी सुंदर व जीविका ने महुवा (दौसा) जाने के लिए ऑनलाइन पेमेंट भी किया। सुबह करीब 5 बजे बस ने उन्हें महुवा उतार दिया।

# सरकार में किसान ठगा महसूस कर रहे : अशोक गहलोत

## सरसों की उपज बाजार में आने के बावजूद एमएसपी पर खरीद क्यों नहीं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सरसों की सरकारी खरीद शुरू नहीं करने को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके आरोप लगाया है कि सरकार में किसान खुद को उपेक्षित और ठगा महसूस कर रहे हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों को परेशान करने में कोई कसर नहीं रखी जा रही है। सरसों की उपज बाजार में आ चुकी है, लेकिन अभी तक एमएसपी पर सरकारी खरीद की प्रक्रिया शुरू तक नहीं हुई है। गेहूं की अभी कटाई भी नहीं हुई। गेहूं की एमएसपी पर खरीद का पंजीयन शुरू कर दिया है।



### किसान अपने को उपेक्षित व ठगा हुआ महसूस कर रहे

गहलोत ने आगे लिखा कि यह सरकार किसानों को न बिजली दे पा रही है, न पानी दे पा रही। न ही उपज का सही दाम दे पा रही है। ऐसा लगता है राजस्थान के किसानों को भाजपा सरकार ने केन्द्र सरकार की ही भांति अपने हाल पर छोड़ दिया है।

### सरसों की एमएसपी पर खरीद नहीं होने का मुद्दा कल विधानसभा में उठाने की तैयारी

विधानसभा में कल कांग्रेस विधायक फिर सरसों की एमआईपी पर खरीद शुरू नहीं करने का मुद्दा उठाने की तैयारी कर रहे हैं। कल शून्यकाल के दौरान सरसों खरीद में देरी का मुद्दा उठाने के लिए विधायक तैयारी कर रहे हैं।

### सरसों की एमएसपी पर खरीद को लेकर विधानसभा में भी कई विधायक उठा चुके मुद्दा

सरसों की एमएसपी पर खरीद के मुद्दे पर पहले भी कई किसान विधानसभा में मुद्दा उठा चुके हैं। विधायकों ने जल्द सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग उठाई थी। रबी और खरीफ सीजन की फसलों की एमएसपी पर खरीद में अव्यवस्थाओं और लेटलतीफी का मुद्दा पहले भी उठाया जाता रहा है।

# फर्नीचर गोदाम में लगी आग

## पांच दमकलों ने पाया काबू



**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार सुबह फर्नीचर के एक गोदाम में आग लग गई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में लाखों रुपए का नुकसान होना सामने आया है। पुलिस प्रथमदृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना सामने आया है। थानाधिकारी (आदर्श नगर) धर्मसिंह चौधरी ने बताया कि आदर्श नगर श्मशान के पास मोहम्मद इलियास का फर्नीचर का गोदाम है। शनिवार सुबह करीब 7.15 बजे बंद फर्नीचर गोदाम से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते धुंए के साथ ही आग की लपटे उठने लगी। गोदाम में आग लगने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। गोदाम में रखे फर्नीचर के चपेट में आने पर आग की भीषण लपटे उठने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर बिग्रेड को तुरंत आग लगने की सूचना दी। फायरमैन मीनाक्षी वर्मा का कहना है कि फायर बिग्रेड की पांच गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। करीब 2.30 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। करीब 4-5 दिन पहले ही ऑनर मोहम्मद इलियास ने इस बिल्डिंग में गोदाम को शिफ्ट किया था। आग से गोदाम में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।

# जयपुर में तीन साइबर ठग गिरफ्तार

## क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर खाता किराए पर लिया



**जयपुर।** जयपुर में साइबर फ्रॉड करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस टीम को 8 मोबाइल, 11 एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, 2 चैक, एक एयरटेल का डोंगल और एक पासबुक मिली है। जो लोगों से बैंक खाते लेकर गलत काम कर रहे थे। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि 11 मार्च को पुलिस टीम को एक पीड़ित से सूचना मिली। पीड़ित ने बताया कि 4 महीने पहले उसका सुरेश नाम के व्यक्ति से फेसबुक पर संपर्क हुआ। सुरेश ने वॉट्सऐप नंबर पर कॉल कर बताया- वह यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) का काम करता है। मुझे अपना अकाउंट, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड दे दो। तुम्हारे अकाउंट में बिल्कुल सुरक्षित लेनदेन करूंगा।

आरोपी सुरेश पीड़ित को 23 फरवरी को पाच्यावाला श्रीराम ढाबे पर बुलाया। यहां सुरेश अपने दो साथी रमेश व धारा सिंह के साथ आया। पीड़ित को अपने फ्लैट पर ले गया। तीनों ने सिम कार्ड अकाउंट नंबर एटीएम कार्ड मांगे। जो पीड़ित ने उन्हें दे दिए। इसके बाद अकाउंट में 600204 रुपए क्रेडिट कर दिए। उसी दिन ऑनलाइन और एटीएम के जरिए 600130 वापस निकाल लिए। इसकी जानकारी पीड़ित को हुई। वो समझ गया कि ये लोग गलत काम कर रहे हैं। इस पर पीड़ित ने सुरेश, रमेश और दारा सिंह के खिलाफ लिखित शिकायत की। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर इस केस को गम्भीरता से लिया।

### डीएसटी वेस्ट ने कुछ दिन जांच कर की कार्रवाई

एडिशनल डीसीपी वेस्ट आलोक सिंघल ने बताया कि टीम ने संदिग्ध आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी इनपुट जुटाने के बाद कार्रवाई की। नाम और हुलिये के आधार पर तीनों आरोपी को पकड़ा। इनको बाद पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

# राजस्थान के 12 आईपीएस को मिलेगी डीजीपी डिस्क

## प्रफुल्ल कुमार, राहुल प्रकाश और तेजस्विनी गौतम का नाम शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था और इंटेलिजेंस में बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल से नवाजा गया है। डीजीपी राजस्थान उत्कल रंजन साहू ने 12 आईपीएस अधिकारी समेत 55 पुलिसकर्मियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल से सम्मानित करने का ऐलान किया है।

डीजीपी ने बताया कि इस बार 12 आईपीएस अधिकारियों में आईपीएस प्रफुल्ल कुमार, राहुल प्रकाश, अनिल टॉंक, गौरव यादव, तेजस्विनी गौतम, सुधीर जोशी, धर्मेंद्र सिंह, राजेश मीणा, राजेश मीणा, रिचा तोमर, विकास कुमार और अंशुमन भोमिया शामिल है। वहीं, तीन एडिशनल एसपी कीर्ति सिंह, कालूराम और सतीश चंद्र को डीजीपी डिस्क से नवाजा गया है। दो डिप्टी एसपी गिरिराज मीणा और विवेक सिंह को भी डीजीपी डिस्क से नवाजा गया है।

डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोड मिलने वाले पुलिस कर्मियों में एफएसएल के तीन सहायक डायरेक्टर भी शामिल हैं। यही नहीं आईपीएस प्रफुल्ल कुमार को इससे पहले दो बार राहुल प्रकाश को तीन बार विकास कुमार को दो बार अंशुमन भोमिया को दो बार गौरव यादव को तीन बार तेजस्विनी गौतम को दो बार धर्मेंद्र सिंह को तीन बार राजेश मीणा दो बार और एडिशनल एसपी कीर्ति सिंह को दो बार डीजीपी डिस्क से नवाजा जा चुका है। आपको बता दें पुलिस कर्मियों और पुलिस अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए साल 2016 से डीजीपी डिस्क देने का ऐलान किया गया था।

# जयपुर में पड़ोसी ने किया युवती से रेप

**जयपुर।** जयपुर में पड़ोसी युवक के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। सब्जी मांगने के बहाने घर आए पड़ोसी ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बस्सी थाने में पीड़िता ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच आईपीएस (प्रोविजनल) अभिजीत पाटिल कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बस्सी की रहने वाली 30 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पड़ोसी होने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि रविवार रात को वह घर पर अकेली थी। रात करीब 9 बजे आरोपी पड़ोसी ने गेट खटखटाया। गेट खोलने पर बनी हुई सब्जी देने की कहा। सब्जी लेने के लिए अंदर जाने पर वह चुपचाप पीछे से घर में घुस आया। गेट लॉक कर उसको पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर मुंह दबाकर आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ रेप किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बस्सी थाने में पीड़िता ने सोमवार शाम आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# गुड सेमेरिटन को मिला मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना सम्मान

## भांकरोटा अग्निकांड में घायलों की हेल्प करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**जयपुर।** जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे 48 पर 20 दिसंबर 2024 को हुए अग्निकांड में अपनी जान जोखिम में डालकर घायलों की हेल्प करने वाले गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना सम्मान के तहत सम्मानित किया गया है। सभी 23 गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को डीजीपी राजस्थान द्वारा पुलिस मुख्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अजमेर रोड पर देहली पब्लिक स्कूल के पास एलपीजी गैस से भरे टैंकर और कंटेनर के बीच हुई टक्कर के कारण टैंकर से गैस रिसाव हो गया था, जिसके बाद हुए अग्निकांड में बड़ी संख्या में जान-माल की हानि हुई थी। जहां स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी जान को जोखिम में डालकर आगजनी में झुलसे लोगों को बचाने का काम किया था और उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया।

डीसीपी वैस्ट अमित कुमार ने बताया कि ऐसे गुड सेमेरिटन व्यक्तियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्य पर उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए और आमजन में यह संदेश भी जाना चाहिए कि ऐसी दुर्घटनाओं के समय पीड़ित की मदद करने पर कोई विधिक अड़चन नहीं आती, बल्कि उचित सम्मान के साथ उनके द्वारा की गई सहायता की सराहना होती है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना होने पर आमजन आगे आकर प्रशासन के साथ मिल मदद करें।

### » अग्निकांड के समय मच गई थी अफरा-तफरी

घटना वाले दिन घटनास्थल पर काफी भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति हो गई थी, ऐसे में गुड सेमेरिटन लोगों की पहचान करना मुश्किल काम था। इसलिए एसीपी बगरु के नेतृत्व में कार्यालय की तकनीकी शाखा और पुलिस थाना भांकरोटा से 6 सदस्यीय एक संयुक्त टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा आसपास स्थित सीसीटीवी कैमरे चैक कर वहां घटना के समय मौजूद लोगों से जानकारी जुटाई और अन्य तकनीकी जांच के बाद 25 गुड सेमेरिटन व्यक्तियो की पहचान कर उन्हें चिह्नित किया गया। सभी 25 गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को डीजीपी राजस्थान द्वारा पुलिस मुख्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### » गुड सेमेरिटन व्यक्तियों की बनाई डॉक्युमेंट्री

साथ ही सभी गुड सेमेरिटन व्यक्तियों द्वारा घायलों की मदद में किए गए सहयोग का वर्णन बुकलेट में करवाया गया तथा डाक्युमेंट्री भी बनाई गई। सभी गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया सेल द्वारा प्रतिदिन एक गुड सेमेरिटन व्यक्ति के द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड और प्रचारित कर आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया और उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।

### » 23 गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को मिला सम्मान

इन गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को राजस्थान मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के तहत प्रोत्साहन राशि दिलवाए जाने और पुलिस उपायुक्त पश्चिम कार्यालय द्वारा चिकित्सा विभाग को अधिकारियों से पत्राचार करने पर दो एम्बुलेंस कर्मियों को छोड़कर (मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना में नहीं आने पर) अन्य सभी 23 गुड सेमेरिटन व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के तहत दस-दस हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करवाया गया।

# बाड़मेर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तनातनी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर से सटे इंटरनेशनल (भारत-पाकिस्तान) बॉर्डर पर तनातनी की स्थिति है। बॉर्डर से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी करते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा पर बंकरों का निर्माण करा लिया है। भारत ने इस पर आपत्ति जताई तो बंकरों को टॉयलेट बताते हुए अपना बचाव किया। अब भारत ने भी बॉर्डर पर तीन बंकर बना लिए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों ने साफ किया है कि जब तक पाकिस्तान अपने बंकरों को ध्वस्त नहीं कर देता, तब तक भारत के भी बंकर बने रहेंगे। राजस्थान के चार जिले (श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर) पाकिस्तानी बॉर्डर से लगे हुए हैं। बॉर्डर पर रह-रहकर पाकिस्तान की ओर से खुराफात चलता रहता है। भारतीय जवानों के सतर्कता से पाकिस्तान की चाल कामयाब नहीं हो पाती है। बीएसएफ के डीआईजी राजकुमार बसाटा ने बताया- डेढ़ महीने पहले की बात है। बाड़मेर से सटे बॉर्डर (गडरा क्षेत्र) के जीरो लाइन से डेढ़ सौ मीटर के अंदर पाकिस्तान ने दो बंकरों का निर्माण कराया था। इसकी खबर बीएसएफ के अफसरों को लगी। इसका भारत ने जोरदार तरीके से विरोध किया था। बॉर्डर से 150 गज के अंदर का एरिया 'नो मेंस लैंड' होता है। इस एरिया में किसी भी तरह के निर्माण की इजाजत नहीं होती। न ही पाकिस्तान कोई निर्माण कर सकता है, न ही भारत। बावजूद इसके पहले पाकिस्तान ने निर्माण करा डाला।

▶▶ पाकिस्तान ने जीरो लाइन पर बंकर बनाए



### बैकफुट पर आया पाकिस्तान

सूत्रों की मानें तो तमाम विरोध के बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से सटे एक और बंकर का निर्माण कराना शुरू कर दिया था। इसको लेकर फिर से आपत्ति की गई। भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी थी। फिर भी नहीं माना। इसके बदले में भारत ने भी कठोर कदम उठाया। बीएसएफ डीआईजी राजकुमार बसाटा ने बताया करीब 22 दिन पहले ही जीरो लाइन के पास भारत की ओर से तीन बंकर बनवा दिए गए। यह देख पाकिस्तान बैकफुट पर आ गया और अपना एक बंकर ढहा दिया। उसका एक बंकर अब भी मौजूद है।

## जैसलमेर में बीएसएफ ने स्कूल में मनाया सिविक एक्शन प्रोग्राम

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा की सुरक्षा में लगी भारत की पहली रक्षा पंक्ति बीएसएफ सरहद की सुरक्षा के साथ-साथ सरहद के गांवों में सामाजिक सरोकार के काम भी करती है। इसी कड़ी में बीएसएफ ने मिठराउ और केरला गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। बीएसएफ की 192वीं बटालियन ने भारत-पाक सरहद के सीमावर्ती गांव मिठराउ और केरला के हायर सेकेंडरी स्कूल में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान बीएसएफ ने स्कूल में और ग्राम पंचायत में उपयोग में आने वाली सभी सामग्री के साथ-साथ बच्चों के खेलने के लिए खेल सामग्री व किताबें-कॉपियां, कुर्सी मेज, डेजर्ट कूलर, पंखे आदि बांटे। साथ ही मेडिकल कैंप व पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। आईजी बीएसएफ एम एल गर्ग के मार्गदर्शन में व बीएसएफ डीआईजी विक्रम कुंवर, क्षेत्रीय मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल जैसलमेर दक्षिण के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।


# जैसलमेर : करंट से हिमालयन ग्रिफॉन गिद्ध की हुई मौत

- वतन वापसी से पहले प्रवासी पक्षी की गई जान
- देगराय ओरण इलाके में हुआ हादसा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर के देगराय ओरण इलाके में मंगलवार को एक प्रवासी पक्षी गिद्ध की हाइटेंशन लाइन से टकराकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह सावंता मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण इलाके के छोड़िया गांव की सरहद पर एक प्रवासी हिमालयन ग्रिफॉन गिद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। गिद्ध हाइटेंशन लाइनों की चपेट में आया और मौके पर ही करंट लगने से दम तोड़ दिया। सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण इलाके में इन दिनों प्रवासी पक्षियों के वतन वापसी का समय चल रहा है। लेकिन इससे पहले ही गिद्ध की दर्दनाक मौत से सभी पक्षी प्रेमी दुखी है।

### हिमालय से आते हैं जैसलमेर



- दरअसल, दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध सर्दी के मौसम में हिमालय से जैसलमेर पहुंचते हैं। ये गिद्ध अक्टूबर के अंतिम हफ्ते व नवंबर के पहले सप्ताह तक यहां पहुंचते हैं और फरवरी तक यहीं रहते हैं। इस बार भी हिमालयन ग्रिफॉन के साथ अन्य प्रजातियों के गिद्धों ने जिले में डेरा डाला है। झुंड के रूप में अलग-अलग प्रजाति के 200 से अधिक गिद्ध यहां पहुंचे हैं। इनमें से कुछ संकटग्रस्त प्रजाति के भी गिद्ध हैं, जो पर्यावरण को शुद्ध रखने में काफी मददगार होते हैं।

### पर्यावरण प्रेमी कहलाते हैं गिद्ध

पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि इस साल अब तक यूरेशियन ग्रिफॉन, हिमालयन ग्रिफॉन व सिनेरियस वल्चर प्रजाति के गिद्धों ने जिले का रुख किया है। हिमालयन ग्रिफॉन प्रवासी गिद्ध है, जो सर्दी के मौसम में भोजन की तलाश में यहां पहुंचते है। ये गिद्ध हिमालय के उस पार मध्य एशिया, यूरोप, तिब्बत आदि शीत प्रदेश क्षेत्रों में निवास करते हैं। सर्दी के मौसम में नदियों, झीलों, तालाबों में बर्फ जम जाने और भोजन नहीं मिलने पर ये गिद्ध हजारों किलोमीटर का सफर तय कर पश्चिमी राजस्थान का रुख करते हैं। जैसलमेर जिला पशु बाहुल्य क्षेत्र है। ऐसे में इन गिद्धों को यहां भोजन आसानी से मिल जाता है। मुख्य रूप से गिद्ध मृत पशुओं को ही खाते हैं जिससे पर्यावरण भी शुद्ध रहता है। इसलिए गिद्धों को पर्यावरण प्रेमी भी कहा जाता है।

## जोधपुर के महफिल-ए-जोशी स्टूडियो में म्यूजिक फेस्टिवल



**जोधपुर।** जोधपुर के महफिल-ए-जोशी स्टूडियो में होली के मौके पर होली म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जोधपुर सहित संभाग के 60 से अधिक कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत जोधपुर के पारंपरिक होली गीत के साथ की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में मुकेश व्यास ने तुझे किन होरी खिलाई रे से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद प्रसिद्ध क्लासिकल भजन गायक अजय पुरोहित ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से जुड़ी प्रस्तुति दी। उन्होंने भर गुलाल गालों पर रंग डाल गयो रे की प्रस्तुति दी तो हर कोई होली के रंग में झूम उठा। कार्यक्रम में आरजे रेक्स ने सखि मंगल गावो री पर प्रस्तुति देकर यूथ को नाचने पर मजबूर कर दिया। आरजे शैलेन्द्र ने हिंदी, अंग्रेजी और मायड़ भाषा में मंच संचालन कर एंटरटेन किया। उषा पुरोहित ने युवा कलाकारों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम आयोजक अरविंद जोशी ने बताया शहर के कलाकारों को एक मंच देने के उद्देश्य से हर साल इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। साल 2007 से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जो आज भव्य रूप ले चुका है।

## महिला ने की 10 लाख रुपए की ठगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ एक महिला ने अपने अन्य साथियों से मिलकर ठगी कर ली। महिला ने उसे शेयर बाजार में इन्वेस्ट करने का झांसा दिया और उससे 10 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली गई। फिलहाल पीड़ित की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। मामले की जांच थाना अधिकारी ईश्वरचंद पारीक कर रहे हैं। थाने में दी रिपोर्ट में कुलदीप शर्मा पुत्र नंदकिशोर शर्मा निवासी 17 सेक्टर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया- मुझे मीरा पटेल ने ऑनलाइन शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट करने के नाम पर झांसे में लिया। उससे शेयर बाजार में मुनाफे के नाम पर 10 लाख 42000 से अधिक की धोखाधड़ी कर ली गई। इसको लेकर अब थाने में रिपोर्ट दी गई। बता दें कि इन दोनों साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान के बावजूद साइबर ठग लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। पूर्व में भी कृष्णा नगर क्षेत्र के एक डाक्टर के साथ 62 लाख की ठगी कर ली गई थी।



▶▶ शेयर बाजार में इनवेस्ट के नाम पर बनाया शिकार

## दो घरों के ताले तोड़कर कैश-गहने ले गए चोर

**जोधपुर।** जोधपुर शहर में चोर लगातार सूने मकानों को निशाना बना रहे हैं। मकान मालिकों के गेट पर ताला लगाकर बाहर या रिश्तेदारी में जाने के बाद चोर घरों में घुसकर कैश व गहने पार कर ले जाते हैं। शहर में ऐसे कई मकानों में चोरी के मामले सामने आ चुके हैं। मंगलवार को भी चोरी के दो मामले पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में सामने आए। पहला मामला देवनगर थाने में हेमंत शर्मा ने दर्ज करवाया। बताया कि उनका मकान चीरघर मोड़ के पास शांति प्रिय नगर में है। यहां पर चंद्र प्रकाश नाम का आरोपी उनके घर से सोने-चांदी के आभूषण चुरा कर ले गया। घर से जब सोने चांदी के आभूषण गायब मिले तब चोरी का पता चला। दूसरा मामला राजीव गांधी नगर थाने में महेंद्र चौधरी निवासी शिव सारणों की ढाणी महादेव नगर बेरू रोड ने दर्ज करवाया।

## जैसलमेर में तीन दिन नहीं होगी पानी की सप्लाई

▶▶ लीकेज को सही करने का होगा काम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर शहर में आगामी तीन-चार दिनों तक पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। मोहनगढ़ से गजरुप सागर तक 600 एमएम डीआई पाइप लाइन में लीकेज बढ़ने के कारण पाइप संधारण कार्य के लिए 19 से 21 मार्च तक शटडाउन लिया जाएगा। एईएन गोपालसिंह मीणा, परियोजना उपखंड मोहनगढ़ ने बताया कि शटडाउन के दौरान पाइप लाइन के लीकेज को ठीक करने का काम किया जाएगा। ऐसे में प्रोडक्शन शून्य रहेगा।



मीणा ने शहरवासियों से पानी का सीमित मात्रा में उपयोग कर विभाग को सहयोग करने की अपील की है। गौरतलब है कि जैसलमेर शहर में पिछले कई समय से पानी को लेकर किल्लत की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर में चार से पांच दिन तक पेयजल सप्लाई की जा रही है। पहले बिजली कि समस्या और अब पाइप लाइन लीकेज की समस्या को सही करवाने का कहकर तीन दिन पानी की सप्लाई बाधित रहने की बात कही जा रही है। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या पहले से ही जारी है और ऐसे में तीन दिन पेयजल सप्लाई नहीं होने से कच्ची बस्तियों सहित कई इलाकों में पानी को लेकर हाहाकार मचने की संभावना है।

## होली पर घर आया 20 हजार रुपए का इनामी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की रीको पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस मामलों के वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। वांटेड बीते पांच साल से फरारी काट रहा था। आरोपी 20 हजार रुपए का इनामी है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार साल नवंबर 2024 और जनवरी में अलग-अलग मादक पदार्थों पर कार्रवाई करते हुए जब्त किए थे। इन मामलों में वांटेड आरोपी महेंद्र कुमार पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। एसपी बाड़मेर ने दो मामलों में अलग-अलग 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। पुलिस टीमें सूचना व तकनीकी मदद से लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी महेंद्र होली पर्व पर अपने घर पर आया हुआ है। रीको थाने की टीम ने घर पर दबिश दी। आरोपी को भनक लगने पर घर से भागने लगा, पुलिस ने पीछा करके आरोपी को डिटेन किया। रीको थानाधिकारी मनोज सामरिया ने बताया- एसपी नरेंद्र सिंह मीना के नेतृत्व में वांटेड आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने पांच माह से फरार और थाने के टॉप-10 आरोपी महेंद्र कुमार पुत्र अजमलराम निवासी कुड़ला को गिरफ्तार किया है।

## नशाखोरी की रील शेयर करने वाला युवक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की गिड़ा और स्पेशल टीम ने नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। युवक ने नशाखोरी की रील बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। फिलहाल पुलिस टीम उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर क्राइम को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार, बालोतरा पुलिस की सोशल मीडिया टीम सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर निगरानी रख रही है। इसी कड़ी में 16 मार्च को सोशल मीडिया पर नशाखोरी को बढ़ावा देने वाली रील बनाकर अपलोड करना सामने आया। इस पर टीम ने संज्ञान लेते हुए रील शेयर करने वाले यूजर की तकनीकी आधार पर जानकारी ली गई। टीम ने यूजर की तलाश शुरू की। गिड़ा थाने के हैड कॉन्स्टेबल चैनाराम के अनुसार- पुलिस टीम ने यूजर्स कुंभाराम पुत्र आसुराम निवासी दानपुरा गिड़ा बालोतरा को डिटेन कर पूछताछ की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कुंभाराम को गिरफ्तार किया गया। नशाखोरी को बढ़ावा देने वाली शेयर की गई रील के संबंध में पूछताछ व जांच की जा रही है। कार्रवाई में बालोतरा डीसीआरबी के कॉन्स्टेबल मोहनलाल, मिश्रे खान, गिड़ा थाने का कॉन्स्टेबल डालूराम, हनुमानराम और महिला कॉन्स्टेबल शीला शामिल रहे।

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की निगरानी, पूछताछ जारी



# व्यापार जगत

## 6.36 लाख करोड़ की लॉटरी बड़े दिनों बाद आई गुड न्यूज

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए बड़े दिनों बाद गुड न्यूज मिली है। घरेलू शेयर मार्केट में मंगलवार को काफी तेजी देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 1131.31 अंक यानी 1.53% तेजी के साथ 75,301.26 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 325.55 अंक यानी 1.45% की उछाल के साथ 22,834.30 अंक पर पहुंच गया। फाइनेंशियल और मेटल कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। सभी सेक्टर हरे निशान में थे। दुनिया भर के बाजारों के अच्छा प्रदर्शन, घरेलू अर्थव्यवस्था में सुधार और तकनीकी रूप से बाजार के मजबूत होने से बाजार में तेजी आई है। इस तेजी से बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 6.36 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 399.53 लाख करोड़ रुपए हो गया। शेयर मार्केट में लगातार दूसरे दिन तेजी आई है। निफ्टी के 50 शेयरों में से अधिकांश तेजी के साथ बंद हुए। केवल बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और भारती एयरटेल में गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 2.71 फीसदी और निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स में 2.10 फीसदी तेजी रही। एनएसई पर सभी सेक्टोरल इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुए। भारतीय शेयर बाजार ने वॉल स्ट्रीट और एशियाई बाजारों का अनुसरण किया। अमेरिका में शेयर बाजार स्थिर रहा। लेकिन निवेशक अभी भी अप्रैल को लेकर सतर्क हैं। अप्रैल में ट्रंप द्वारा प्रस्तावित टैरिफ लगने वाले हैं। चीन घरेलू मांग को बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रहा है। अमेरिका में खुदरा बिक्री के आंकड़े अच्छे आने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। यूरो और अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया।



▶▶ सेंसेक्स 1100 अंक से अधिक उछला

## एलन मस्क की स्टारलिंक को देना होगा स्पेक्ट्रम टैक्स

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक भारत में आने के लिए तैयार है। कंपनी ने इंटरनेट सर्विस देने के लिए जियो और एयरटेल के साथ हाथ मिलाया है। अगर आप स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस का इंतजार कर रहे हैं तो इसके लिए आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। अगर ऐसा होता है तो इसका बड़ा कारण स्पेक्ट्रम टैक्स होगा। दरअसल, स्टारलिंक को भारत में स्पेक्ट्रम टैक्स देना पड़ सकता है। कुछ साल पहले रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों के लिए यह टैक्स हटा दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि अगर यह टैक्स लगाया जाता है तो स्टारलिंक की सर्विस भारत में महंगी हो जाएगी। यह अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी के लिए एक और मुश्किल होगी। कंपनी नियमों पर बातचीत कर रही है। सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को टेलीकॉम की एयरवेव्स मिलेंगी। यह आवंटन नए टेलीकॉम कानून के हिसाब से होगा, जो दिसंबर 2023 में पास हुआ था। इसके लिए स्टारलिंक को अपने कमाई का लगभग 3% स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज देना होगा। एक सूत्र ने कहा कि स्पेक्ट्रम नीलामी से नहीं मिलेगा, बल्कि सरकार देगी। इसलिए स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज लगेगा। अभी इसकी दरें तय हो रही हैं। सभी टेलीकॉम कंपनियों को 8% लाइसेंस फीस देनी होती है। इसके अलावा सैटेलाइट कंपनियों को स्पेक्ट्रम के लिए अलग से चार्ज देना होगा। सूत्र ने यह भी कहा कि यह 3% से ज्यादा भी हो सकता है, लेकिन अभी इस पर बात चल रही है। सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की कीमत, उसकी अवधि और टैक्स से जुड़े मामलों पर ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि ट्राई इस नतीजे पर पहुंची है कि सैटेलाइट कंपनियों को स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज देना चाहिए। क्योंकि उन्हें स्पेक्ट्रम एक तय कीमत पर मिलेगा।




## आरबीआई ने तो रेट कट किए, बाजार में पैसा भी आया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनवरी के मध्य से बैंकों में पांच लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डाले हैं। यह पैसा बॉन्ड खरीदकर, विदेशी मुद्रा स्वैप करके और अप्रैल की शुरुआत में मैच्योर होने वाले रेपो के जरिए डाला गया है। आरबीआई चाहता है कि बैंकों के पास पर्याप्त पैसा रहे। इससे वो अपनी ब्याज दर में कटौती का फायदा ग्राहकों तक पहुंचा सकें। इसलिए आरबीआई मंगलवार को बॉन्ड दोबारा खरीदकर 50,000 करोड़ रुपए और डालेगा। फरवरी में आरबीआई ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी। इससे घर खरीदने वालों को थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन, इस कटौती और बैंकों में रिकॉर्ड पैसे डालने के बाद भी कंपनियों के लिए कर्ज लेना सस्ता नहीं हुआ है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कंपनियों के लिए ब्याज दर इस बात पर निर्भर करती है कि बैंकों को पैसा जुटाने में कितना खर्च आ रहा है। इसे एक साल की मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट्स (MCLR) कहते हैं। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक साल की MCLR 9% पर स्थिर है। यह आरबीआई के ब्याज दरें बढ़ाने के बाद से सबसे ज्यादा है। रिजर्व बैंक ने बैंकों में खूब पैसा डाला है। लेकिन इसका असर बाजार पर ज्यादा नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि साल के आखिर में पैसे की मांग बढ़ जाती है। साथ ही दुनिया भर में ब्याज दरें बढ़ रही हैं। बैंक टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरें कम करने से हिचकिचा रहे हैं। क्योंकि कर्ज की मांग जमा की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। जब से आरबीआई ने रेपो रेट कम किया है, तब से किसी भी बड़े बैंक ने अपनी जमा दरों को कम नहीं किया है। FD दरों में जो कमी आई है, वह ज्यादातर कुछ छोटे फाइनेंस बैंकों ने की है। ये बैंक सेक्टर में तनाव को देखते हुए अपने विकास लक्ष्यों का फिर से आकलन कर रहे हैं। फिलहाल, सात छोटे फाइनेंस बैंक और चार प्राइवेट बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8% से ज्यादा की दरें दे रहे हैं। आरबीआई बैंकों में खूब पैसा डाल रहा है। लेकिन, वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार से डॉलर बेचकर बैंकिंग सिस्टम से रुपए भी निकाल रहा है। डॉलर की बिक्री से सिस्टम को स्थिर करने में मदद मिली है। लिक्विडिटी उपायों से तत्काल कमियों को दूर करने में मदद मिली है। लेकिन वे अभी तक चल रही लिक्विडिटी की कमी और आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण अल्पकालिक ब्याज दरों को कम करने में पूरी तरह से सफल नहीं हुए हैं।



## मिडिल क्लास की पहुंच से दूर हुआ सोना

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत आसमान छूने लगी है। सोमवार को इसमें 1300 रुपए की तेजी आई। इसके साथ ही 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। 99.5% शुद्धता वाला सोना भी 1300 रुपए उछलकर 90,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। सोने की कीमत बढ़ने से यह लोअर और मिडिल क्लास की पहुंच से दूर होने लगा है। वहीं इसका असर ज्वेलर्स पर भी दिखाई दे रहा है। सोना महंगा होने से ज्वेलर्स पर ग्राहक खरीदारी के लिए कम आ रहे हैं। नोएडा के एक ज्वेलर ने बताया कि पिछले एक महीने से सोने के आभूषणों की बिक्री काफी कम हो गई है। शादी के सीजन में भी सोने की ज्वेलरी की बहुत ज्यादा बिक्री नहीं हुई। वहीं एक अन्य ज्वेलर ने बताया कि इस समय सोने के आभूषण खरीदने वाले कम और बेचने वाले ज्यादा आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण सोने की कीमत में आई तेजी है। एक लाख से एक करोड़ रुपए। साल 2022 में किए गए एक सर्वे के मुताबिक दो से 10 लाख रुपए की सालाना आय वाले लोग सबसे ज्यादा सोना खरीदते हैं। कुल सोने की बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 50 फीसदी से ज्यादा होती है। सोना महंगा होने से सबसे ज्यादा असर भी लोअर और मिडिल क्लास पर पड़ा है। वह मिडिल क्लास जो सोना खरीदने में आगे रहता था, अब उसने हाथ पीछे खींच लिए हैं। कुछ ज्वेलर्स ने बताया कि उनकी शॉप पर आने वाले ग्राहकों में मिडिल क्लास के लोगों की संख्या काफी है। सोना महंगा होने से अब काफी कम ग्राहक आ रहे हैं। सोने की खरीदारी कम होने से ज्वेलर्स का धंधा मंदा पड़ गया है। ज्वेलर्स के मुताबिक शादी में भी सोने की बहुत ज्यादा बिक्री नहीं हुई। सबसे ज्यादा मांग 18 कैरेट सोने की रही। हालांकि 22 कैरेट का सोना भी कुछ ज्यादा बिका, लेकिन मात्रा के अनुसार कम। मान लीजिए किसी ग्राहक को 24 कैरेट की 10 ग्राम सोने की ज्वेलरी लेनी थी। चूंकि सोना महंगा है, ऐसे में उसने 24 कैरेट के बजाए 22 कैरेट या 18 कैरेट का सोना लेना बेहतर समझा। अगर किसी ग्राहक ने 24 कैरेट का भी सोना खरीदा है, तो वह कम मात्रा में खरीदा गया। ज्वेलर्स को उम्मीद है कि आने वाले समय में सोने की कीमत में कुछ गिरावट आ सकती है। जानकारों के मुताबिक ट्रेड वॉर, कमजोर डॉलर और मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण सोने की कीमत में तेजी आ रही है।



## आप का राशिफल 19 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

# सिक्सर किंग बनने की रेस



**नई दिल्ली।** अगले कुछ दिनों के भीतर ही इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही मेगा इवेंट में फैंस फिर से चौकों-छक्कों की बारिश में तर होंगे। सभी को इसका बेसब्री से इंतजार है क्योंकि पिछले 17 सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड बना था। बहरहाल, जब सब इंतजार कर ही रहे हैं, तो बहस फैंस की इसको लेकर भी हो चली है कि इस बार कौन सबसे ज्यादा छक्के जड़ेगा। चलिए हम आपको बताते हैं कि वे शीर्ष पांच बल्लेबाज कौन हैं, जिनके बीच छक्के जड़ने की रेस लगने जा रही है। ये वो पांच हैं, जिन्होंने गुजरे साल टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाए। चलिए जानिए उनका पिछले साल कैसा रहा और आईपीएल में छक्कों के मामले में ये कैसे रहे। लेकिन यहां सबसे ज्यादा जो चौंकाने वाला नाम है, वह विंडीज के निकोलस पूरन का है, जो सबसे बड़े दावेदार के रूप में सामने आए हैं।

### शीर्ष पांच में अभिषेक इकलौते भारतीय

पिछले साल जिन बल्लेबाजों ने टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़े हैं, उसमें अभिषेक शर्मा इकलौते हैं। वह 39 मैचों में 87 छक्कों के साथ चौथे नंबर पर हैं। वहीं, आईपीएल में अभिषेक पिछले साल आईपीएल में गेंदबाजों के लिए टेर थे और वह 16 मैचों में 42 छक्कों के साथ नंबर एक पर रहे थे। अभिषेक शुरुआत से ही छक्कों से सुर लगाना पसंद करते है। खासियत यह है कि देश के लिए खेलते हुए भी उनकी एप्रोच समान रहती है। अब कॉन्फिडेंस उनका बढ़ा हुआ है, तो वह बाजी मार सकते हैं।

### ट्रेविस हेड से जरा बचके!

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बन चुके लेफ्टी ट्रेविस हेड को हवाई शॉट खेलना बहुत ही भाता है। हैदराबाद ने उन्हें 14 करोड़ रुपए में खरीदा है। पिछले साल हेड टी20 में दुनिया में छक्के लगाने के मामले में पांचवें नंबर पर रहे। उन्होंने 39 मैचों में 83 छक्के लगाए, लेकिन आईपीएल में पिछले साल पांचवां नंबर रजत पाटीदार का था, जिन्होंने 15 मैचों में 33 छक्के लगाए थे।

### आंद्रे रसेल खूब रुलाएंगे!

विंडीज के आंद्रे रसेल भी बॉलरों को खूब रुलाने जा रहे हैं। वह साल 2024 में टी20 में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने में तीसरे नंबर पर रहे। रसेल ने 61 मैचों में 91 छक्के जड़कर तीसरे नंबर पर रहे। पिछले साल आईपीएल में 15 मैचों में 16 छक्के जड़कर 27वें नंबर पर थे। उनका समग्र रूप से पिछले साल तीसरे नंबर पर रहना बॉलरों को डराने के लिए काफी है।

### कमाल के क्लासेन!

हैदराबाद ने इस दक्षिण अफ्रीका को अगर 23 करोड़ रुपए में रिटेन किया है, तो यूं ही नहीं किया। क्लासेन पिछले साल पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेले 58 मैचों में 105 छक्के जड़कर दूसरे नंबर पर रहे। आप आप इसे संयोग ही कहें कि आईपीएल में भी वह 2024 में दूसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने 16 मैचों में 38 छक्के लगाए थे।

### छिपे रुस्तम निकोलस!

अगर विंडीज के इस बल्लेबाज को बॉलरों ने हल्के में लिया, तो वह इनके पिछले साल के कारनामे पर नजर दौड़ा ले। निकोलस ने पिछले साल खेले 76 मैचों में 170 छक्के जड़े। वह पिछले साल टी20 में सिक्सर किंग रहे। मतलब हर मैच में तकरीब ढाई छक्के। वहीं, आईपीएल में वह पिछले साल चौथे नंबर पर रहे थे। उन्होंने 14 मैचों में 36 छक्के जड़े थे।

# इंडियन वेल्स का खिताब



**कैलिफोर्निया।** रूस की महिला वर्ग की टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। यहां फाइनल के मुकाबले में एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स दुनिया की नंबर वन और तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 2-6 6-4 6-3 से हराया। यह एंड्रीवा का लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 स्तर के टूर्नामेंट का खिताब है। एंड्रीवा 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की चैंपियन खिलाड़ी बन गई हैं। मैच के बाद ट्रॉफी उठाते हुए एंड्रीवा ने कहा कि मैं अंत तक लड़ने के लिए, हमेशा विश्वास रखने के लिए और कभी हार न मानने के लिए खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी। मैंने आज खरगोश की तरह दौड़ने का प्रयास किया बस बने रहना वाकई मुश्किल था, इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने भी इसमें अपनी भूमिका निभाई है।

## शेफाली वर्मा की हैट्रिक से जीता हरियाणा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है। शेफाली मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं, लेकिन अंडर-23 वनडे ट्रॉफी में उन्होंने हरियाणा के लिए खेलते हुए गेंदबाजी में जलवा दिखाया।



▪ कर्नाटक को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

शेफाली ने कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक ली और अपनी टीम को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई।

# पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार

### ▸▸ न्यूजीलैंड ने पांच विकेट से जीता मैच



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी20 सीरीज के दूसरे मैच में मंगलवार को पांच विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। न्यूजीलैंड ने उसे सीरीज के पहले मैच में भी हरा दिया था। टिम सीफर्ट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 45 रनों की विस्फोटक पारी खेली। सीफर्ट ने शाहीन अफरीदी के एक ओवर में चार छक्के जड़ दिए थे। उनके साथ-साथ फिन एलन ने भी अच्छा परफॉर्म किया। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 13.1 ओवरों में मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए टिम सीफर्ट और फिन एलन ओपनिंग करने आए थे। सीफर्ट ने 22 गेंदों का सामना करते हुए 45 रन बनाए। उनकी इस पारी में पांच छक्के और तीन चौके शामिल रहे। एलन ने 16 गेंदों में 38 रनों की पारी खेली। उन्होंने भी पांच छक्के लगाए।

# संजू सैमसन सर्जरी के बाद राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन पिछले महीने उंगली की सर्जरी के बाद सोमवार को फ्रैंचाइजी टीम में शामिल हो गए। सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान 23 मार्च को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने इंडियन प्रीमियर लीग सीजन की शुरुआत करेगी। सैमसन बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे थे और अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि वह पहले मैच से ही विकेटकीपिंग करेंगे या नहीं। अगर सैमसन फिट नहीं होते हैं तो ध्रुव जुरेल विशेषज्ञ कीपर के रूप में खेल सकते हैं। फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20आई के दौरान जोफ्रा आर्चर की गेंद बल्लेबाजी करते समय सैमसन की उंगली में लगने के बाद जुरेल ने सैमसन की जगह विकेटकीपिंग की थी। पिछले सीजन में 16 मैचों में सैमसन ने 15 पारियों में 48.27 की औसत और 153.46 की स्ट्राइक रेट से 531 रन बनाए थे, उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 86 और पांच अर्धशतक थे। कंधे की चोट से उबर चुके ऑलराउंडर रियान पराग का राजस्थान के लिए शुरुआती ग्यारह में शामिल होना तय है। दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी20आई से बाहर रहने के बाद पराग ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के दौरान वापसी की और असम के लिए सौराष्ट्र के खिलाफ अर्धशतक बनाया और 26 ओवर गेंदबाजी की।

# हैरी ब्रूक को किया आईपीएल से बैन



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की टीम के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली इस बात से हैरान नहीं है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई हैरी ब्रूक पर दो साल का बैन लगाने जा रही है। मोईन अली का मानना है कि आईपीएल से ऐन मौके पर नाम वापिस ले ने वाले हैरी ब्रूक पर बीसीसीआई का दो साल का प्रतिबंध सख्त नहीं है। ब्रूक ने लगातार दूसरी बार आईपीएल से नाम वापिस लिया है। मोईन ने कहा, ''यह सख्त नहीं है। मैं इससे सहमत हूं। कई लोग नाम वापिस ले लेते हैं और फिर वापिस आकर बेहतर वित्तीय पैकेज लेते हैं। इससे बहुत कुछ गड़बड़ हो जाता है। बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं।" ब्रूक 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के इस सत्र से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अनुबंध से पीछे हट गए। उन्होंने कहा है कि वे नेशनल टीम को लेकर प्रतिबद्ध हैं। मोईन अली ने कहा, उसे भूल जाइये, अगर आप नाम वापिस लेते हैं तो नियम यही है कि आप पर प्रतिबंध लगेगा बशर्ते पारिवारिक कारण या चोट ना हो।

## मनोरंजन

# विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का टीजर आउट



रश्मिका मंदाना का फिल्मी करियर बहुत ही शानदार चल रहा है। अब वो सलमान की अपकमिंग फिल्म सिकंदर का हिस्सा हैं। दूसरी तरफ उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा एक ऐसी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिससे बंपर कमाई की उम्मीद लगाई जा रही है। विजय देवरकोंडा की उस फिल्म का नाम है 'किंगडम', जिसे तुलुगु सिनेमा के डायरेक्टर गौतम तिन्नानुरी बना रहे हैं। इस फिल्म का टीजर वीडियो सामने आ चुका है, जिसे खुद विजय ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ये एक म्यूजिकल टीजर है, जिसमें सिर्फ म्यूजिक प्ले हो रहा है और युद्ध से जुड़े कुछ सीन दिखाए जा रहे हैं। अनिरुद्ध ने इसे म्यूजिक दिया है, जो काफी शानदार है। वहीं इसमें जो वॉर सीन दिखाए गए हैं वो भी काफी अट्रैक्टिव है। इस टीजर को देखने के बाद फैंस इस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड हो गए हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "शानदार वीडी। ये कमबैक है।" एक दूसरे यूजर ने लिखा, "काफी असरदार" इस टीजर पर एक और यूजर ने लिखा, "ब्लॉकबस्टर लोड हो रहा है।" ऐसे ही एक और यूजर ने लिखा, "2000 करोड़ ब्लॉकबस्टर लोडिंग।" इस वीडियो पर इस तरह के और भी कई कमेंट देखने को मिल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर विजय लंबे समय से चर्चा में हैं।

# बड़ा धमाल मचाने को तैयार चिरंजीवी, फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल



चिरंजीवी अपनी आने वाली फिल्म के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसकी स्क्रिप्ट अब फाइनल हो चुकी है। फिल्म की दिलचस्प पृष्ठभूमि दर्शकों रोमांचित कर सकती है। निर्देशक अनिल रविपुडी ने इस संक्रांति के मौके पर वेंकटेश के साथ 'संक्रांतिकी वस्तुन्नम' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी। फिल्म ने वैश्विक रूप से बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर संक्रांति के त्योहार को और भी ज्यादा खास बना दिया था। अब अनिल एक नए प्रोजेक्ट के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म में मेगास्टार चिरंजीवी नजर आने वाले हैं। खबर है कि अनिल ने इस फिल्म में एक खास फ्लैशबैक सीन तैयार किया है जो रायलसीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। चिरंजीवी इसमें लंबे समय बाद सीमा बोली में बात करते नजर आएंगे जो फैंस के लिए एक बड़े तोहफे से कम नहीं होगा।

# तापसी पन्नू की फिल्म 'गांधारी' की शूटिंग पूरी



**बॉलीवुड**
अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म 'गांधारी' की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म निर्माता कनिका ढिल्लों ने अपनी आगामी फिल्म 'गांधारी' की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की है। कनिका ढिल्लों ने इंस्टाग्राम पर फिल्म गांधारी के सेट से पर्दे के पीछे की कई तस्वीरें साझा करके फिल्म की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की। एक तस्वीर में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू, इश्वाक सिंह और क्रू और कनिका के साथ पोज़ देते नजर आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने की घोषणा करते हुए कनिका ने लिखा, यह पूरा हो गया है! अंतिम टेक भले ही हो गया हो, लेकिन कहानी अभी शुरू ही हुई है। गांधारी, जल्द ही आ रही है !! आपसे मिलते हैं। फिल्म गांधारी, कनिका ढिल्लों लिखित है और उनके बैनर कथा पिक्चर्स के तहत निर्मित की गई है। इस फिल्म का निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया है। 'गांधारी' कनिका और तापसी के बीच एक और सहयोग है, इससे पहले वे 'मनमर्जियां', 'हसीन दिलरुबा' और 'फिर आई हसीन दिलरुबा' जैसी सफल परियोजनाओं में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म में 'पाताल लोक' के अभिनेता इश्वाक सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं। तापसी फिल्म गांधारी में अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। कनिका ढिल्लों ने बताया, गांधारी हमारे लिए एक समृद्ध और चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा है। यह एक वीरतापूर्ण कहानी है जिस पर मुझे बेहद गर्व है। तापसी ने पूरी टीम की तरह ही फिल्म में अपना शत प्रतिशत दिया है। हम इसे दर्शकों के सामने लाने का इंतजार नहीं कर सकते। तापसी पन्नू ने कहा, फिल्म गांधारी न केवल मानसिक रूप से बल्कि शारीरिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण फिल्म है। हमने सभी बाधाओं के बावजूद इतना कुछ हासिल करने की कोशिश की जो पूरी टीम एकजुट न होती तो संभव नहीं होता। फिल्म गांधारी की शूटिंग करते समय मुझे एक नवागंतुक की तरह महसूस हुआ जो हर शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती है। एक कलाकार के रूप में मेरा काम खत्म हो गया है, इसलिए अब मैं इस कड़ी मेहनत के परिणामों को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

# 'जाट' के लिए रणदीप हुड्डा ने बदला हुलिया और आवाज



सनी दओल की 'जाट' साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। इस अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। फिल्म में सनी देओल के अलावा रणदीप हुडा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा अहम भूमिका में हैं। जाट के लिए रणदीप हुड्डा ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अपकमिंग फिल्म से उनका खूंखार लुक सोशल मीडिया पर छा गया है। रणदीप हुडा अपने किरदारों मे जान फूंकने के लिए जाने जाते हैं और इसके लिए वे अपना ट्रांसफॉर्मेशन करने से भी पीछे नहीं हटते। एक्टर अब अपनी अपकमिंग फिल्म जाट में एक खतरनाक और खूंखार गैंगस्टर रणतुंगा की भूमिका निभाते नजर आएंगें। रणदीप ने अपनी फिल्मोग्राफी के सबसे बुरे और खतरनाक किरदार को पर्दे पर लाने में खुद को पूरी तरह झोंक दिया है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया, "रणदीप अपनी हर भूमिका के लिए अपने मैथोडिकल अप्रोच के लिए जाने जाते हैं, और जाट भी अलग नहीं हैं, पहले दिन से, वह रणतुंगा को वास्तव में डरावना खलनायक बनाने के लिए कमिटेड थे। उन्होंने किरदार को एक रॉ रूप देने के लिए अपने बाल बढ़ाए और अपनी बॉडी पर भी काम किया। वह यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके परफॉर्मेंस का कोई भी पहलू फेक न लगे, चाहे वह सरबजीत हो, स्वतंत्र वीर सावरकर हो, या अब जाट हो। रणदीप एक्स्ट्रा एफर्ट करने से कभी नहीं कतराते। उनके फैंस उनके द्वारा निभाए गए किरदारों में पूरी तरह से ढलने की क्षमता के लिए उनकी तारीफ करते हैं, और रणतुंगा के साथ, वे रणदीप का एक ऐसा वर्जन देखने जा रहे हैं जो स्क्रीन ज्यादा डार्कर, खतरनाक और वास्तव में डरावना है।" इससे पहले, रणदीप ने शेयर था कि हालांकि उन्होंने पहले भी डार्क और मुश्किल किरदारों को निभाया है लेकिन रणतुंगा की भूमिका एक अलग लेवल पर है। उन्होंने कहा, "मैंने पहले भी गहरे और परतदार किरदार निभाए हैं, लेकिन रणतुंगा पूरी तरह से दुष्ट है। वह हिंसक है, संयमित है और एक तरह की क्रूरता के साथ काम करता है,जिसे निभाते समय मुझे भी झटका लगा था।" रणदीप ने फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की तारीफ करते हुए कहा, "मुझे लगता है कि हमारे निर्देशक, गोपीचंद मालिनेनी इस बारे में बहुत क्लियर थे कि उन्होंने इस किरदार की कल्पना कैसे की, और उन्होंने इस भूमिका के लिए जो कल्पना की थी, मैंने उसे पूरी तरह से अपना लिया।" गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित, जाट में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं। फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन है, जिसे अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने कोरियोग्राफ किया है। साउंडट्रैक थमन एस द्वारा कंपोज किया गया हैं।

# पंकज त्रिपाठी की बेटी की इंडस्ट्री में एंट्री



पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी त्रिपाठी अपने पहले म्यूजिक वीडियो 'रंग डारो' के साथ डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पत्नी मृदुला के लिए अपनी बेटी को स्क्रीन पर देखना एक खास पल है। बेटी के डेब्यू के बारे में पंकज त्रिपाठी ने कहा, "आशी को स्क्रीन पर देखना हम दोनों के लिए एक भावनात्मक और गर्व का क्षण है। वह हमेशा से ही परफॉर्मिंग आर्ट्स को लेकर जुनूनी रही है और अपने पहले ही प्रोजेक्ट में शानदार काम करते देखना खास रहा।" उन्होंने कहा, "अगर यह उसका पहला कदम है, तो मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि उसका सफर उसे कहां ले जाता है।" मैनाक भट्टाचार्य और संजना रामनारायण के गाए गए 'रंग डारो' को अभिनव आर कौशिक ने कंपोज किया है। यह एक सॉफ्ट, रोमांटिक गाना है, जो प्यार और कला के सार को खूबसूरती से दिखाता है। जब संगीतकार अभिनव आर। कौशिक ने वीडियो में आशी को शामिल करने के लिए मृदुला त्रिपाठी से संपर्क किया, तो उन्होंने पंकज से इस बारे में बात करने का फैसला किया और पंकज ने इस निर्णय का समर्थन किया। पंकज की पत्नी मृदुला त्रिपाठी ने कहा, "जब अवसर आया, तो मैं यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि आशी कुछ ऐसा करें जो उनकी कलात्मकता के अनुरूप हो। 'रंग डारो' एक खूबसूरत प्रोजेक्ट है और उसे स्क्रीन पर भावनाओं को सजाते देखना हमारे लिए बेहद खास रहा। हम उसे आगे बढ़ते और इंडस्ट्री में अपना रास्ता बनाते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।" जार पिक्चर्स ने इस वीडियो को जारी किया है, जिसमें आशी एक पेंटर की भूमिका में हैं।

# थिक शेक व सॉफ्टी आइसक्रीम मशीन का किया उदघाटन

## कैबिनेट मंत्री कुमावत ने सरस डेयरी बूथ पर किया शुभारंभ






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पशुपालन व कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को सरस डेयरी पार्लर कलक्ट्रेट परिसर बूथ पर थीक शेक व सॉफ्टी अ इस‘ीम मशीन का उदघाटन किया। पाली डेयरी संघ द्वारा सॉफ्टी व थीक शेक के लोगो का विमोचन भी किया गया। कुमावत ने कहा कि पाली जिला डेयरी संघ ने पाली शहरवासियों के लिए आइसक्रीम व थीक शेक की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नगर पालिका, उपखंड एवं पंचायत समिति स्तर पर सरस डेयरी बूथ स्थापित करने का प्रयास कर रहे है। पाली डेयरी के उत्पाद शुद्धता और गुणवत्ता पूर्ण होने की वजह से बाजार में अन्य डेरियों से ज्यादा पाली डेयरी के घी की मांग बनी हुई है। राजस्थान दूध उत्पादन में देश में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि डेयरी संघ का उत्पादन आमजन को गुणवत्ता युक्त घी, दूध व अन्य उत्पादन के लिए पर्याप्त संसाधन व सुविधाएं उपलब्ध है। डेयरी संघ जिलाध्यक्ष प्रतापसिंह बिठिया ने स्वागत उदबोधन में कहा कि डेयरी प्रबंधन में शुद्धता व उत्पादक की गुणवत्ता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कार्य‘म में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, जिला कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, एडीएम सीलिंग अश्विन पंवार, डेयरी एमडी मदनलाल, तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, बूथ संचालक रणजीतसिंह ,सुनील भंडारी, तिलोकराम चौधरी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मकसूद अहमद के सान्निध्य में सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष नेपालसिंह जोधा पावा के नेतृत्व में मंगलवार को फोरलेन हाइवे पर एक निजी होटल में बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए। प्रभारी मकसूद अहमद ने कहा कि यदि कोई पार्टी पदाधिकारी पार्टी की बैठक में यदि लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसे पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा शासन में लोग तंग आ चुके है। हम सभी को राज्य सरकार की नाकामियों को अपने क्षेत्र की जनता के सम्मुख रखना होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी महासचिव शिशुपालसिंह निंबाड़ा, सुमेरपुर विधायक पद के प्रत्याशी रहे हरीशंकर मेवाड़ा, सुमेरसिंह मनवार,



शोभा सोलंकी, महेश जोशी, पेमाराम देवासी ने एकसुर में कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी को अब एक जाजम पर आना होगा। आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी के लिए काम करना होगा। तब जाकर आने वाले नगर पालिका चुनाव, पंचायतराज चुनाव कांग्रेस जीत सकती हैं। कांग्रेस पिछले 15 सालों से सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में हारती जा रही है। हारने का कारण कांग्रेस का एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ना है। बैठक में कार्यकर्ता एवं नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए भी दिखाई दिए। कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार इस तरह की बैठक देखने को मिली है।

# गीत संगीत के बीच मनाया स्नेहमिलन समारोह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** वरिष्ठ नागरिक समिति के तत्वावधान में करणसिंह चाली सभागार में जिलाध्यक्ष डॉ रामलाल मोहबारसा की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। महामंत्री ने बताया कि इससे पहले हुई बैठक में संगठन संबंधी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सादड़ी शाखा के भीखाराम चौधरी का देहवासन होने के पश्चात छोगालाल मेवाड़ा को अध्यक्ष बनाया गया। जिले में 32वीं शाखा ढालोप में बनने पर सभी ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। पुष्प वर्षा कर होली की शुभकामना दी गई। समिति के सलाहकार डॉ केएम शर्मा ने अपना होली पर विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती नूतन बाला कपिला ने भगवान राधा कृष्ण से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। महामंत्री ने हो गई होली लेख का वाचन किया। समिति सचिव दिनेश दवे ने होली के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। समिति सदस्य जगदीश दुबे ने गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामजीवन तापड़िया ने उत्साह वर्धन हंसी मजाक से भरपूर गीत प्रस्तुत किया। कांतिलाल मुथा ने होली क्यों मनाई जाती है विषय पर एक आलेख पढ़ा। समिति सदस्य हिम्मताराम फुलवारी ने अपने साथ घटित घटना का जि‘ किया। मदनलाल शर्मा ने गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसे सभी लोगों ने बहुत सराहा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्नमल गुप्ता, सचिव सुवालाल पेड़ीवाल, कोषाध्यक्ष गोपालदास मुंदड़ा, गणपतसिंह दहिया, ताराचंद जैन, पुष्पा परिहार, श्रवणकुमार तंवर, चैनसिंह खींची, वृद्धिचंद मेवाड़ा, धनसिंह बडगुजर, राधेश्याम भाटी, सुरेशमोहन शर्मा, पीसी शाह, बाबूलाल अग्रवाल, विष्णुकुमार गोयल, कमलकिशोर अग्रवाल, सुनीलकुमार, ज्ञानसिंह बेस, प्रमोदकुमार माथुर, गणेशाराम परमार, घीसालाल, रामदयाल गांधी, कालूप्रकाश शर्मा, शांतिलाल पोखरणा, गोविंदराम किरीट, मोहनलाल पवार, अंजू जैन, गुलाबदास आदि उपस्थित रहे। महामंत्री नरपतसिह कुंपावत ने आभार ज्ञापित किया।

# काणा गांव में परंपरागत तरीके से मनाई सौपा गैर

## महिलाओं ने की पुरुषों की पिटाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** दुदापुरा पंचायत के काणा गांव में रंगपंचमी पर्व को लेकर सौपा गैर आयोजन किया, जिसमें महिलाओं ने पुरुषों की जमकर पिटाई की। इससे पूर्व दिनभर गांव में रंगपंचमी पर्व धूमधाम से जारी रहा। ढोल की ताल पर गेरियों ने नृत्य किया। शाम होते ही भगवान शिव के मंदिर से हूजूम के रूप में ग्रामीण ग्राम के चौहट्टे पर पहुंचे। जहां पहले से दो कतारों में आमने सामने खड़ी सौ से अधिक महिलाएं इन पुरूषों का इंतजार कर रही थी। शाम पांच बजे जैसे ही यह गैर शुरू हुई। पुरूष सहर्ष इन महिलाओं की कतार के बीच से गुजरने लगे। महिलाओं ने बीच में से गुजरते पुरूषों की आक की कच्ची डालियों से जमकर पिटाई की। इस गैर में पुरूष दूसरे छोर पर खड़े पुरूष से सूखे नारियल लेकर लौटे। जिन पुरूषों को दो नवजात लड़के हुए हैं, उन्हें चार आधे नारियल व जिनके लड़कियां पैदा हुई उन्हें दो आधे सूखे नारियल लेकर पुनः पिटाई सहन करते हुए महिलाओं के बीच से खुशी-खुशी लौटना पड़ा। वहीं सौपा गैर को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री के निर्देशानुसार मंगलवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विमलेन्द्र राणावत ने निर्वाचन संबंधी विषयों पर बैठक ली। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। राजनैतिक दलों द्वारा बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति को आयोग द्वारा प्राप्त प्रपत्र बीएलए-1 एवं बीएलए-2 उपलब्ध करवाए गए। साथ ही मतदाता सूची में पंजीकरण से शेष, वंछित व्यक्तियों के नाम जोड़ने व मृत/ स्थानान्तिरित/ दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम विलोपित करने एवं लिंगानुपात, मतदाता जनसंख्या अनुपात में वृद्धि करने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई।

# महाकुंभ से लौटे वरिष्ठजनों का किया स्वागत

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति फालना खुडाला का होली स्नेहमिलन समारोह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति फालना खुडाला के तत्वावधान में गोपालसिंह चौहान की अध्यक्षता, डॉ. भैरौसिंह गुर्जर के मुख्य अतिथि व हरीपाल शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यालय सागर प्याऊ में होली स्नेहमिलन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्रयागराज महाकुंभ में दर्शन व स्नान कर लौटे वरिष्ठ नागरिकों एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान डॉ. गुर्जर ने बुढ़ापे में अपने आप को रिटायर नहीं मानकर कार्य करते रहने व अच्छे स्वास्थ्य के बारे में बताकर फागुन गीतों से मंत्र मुक्त कर दिया। चंपालाल भाटी, सुखसिंह खंगारोत, कैलाश बी जोशी, कमल श्रीमाली, हरीपाल शर्मा आदि ने होली के चुटकुले व गीत प्रस्तुत कर सभी को हर्षित कर दिया। एक दूसरे पर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। वयोवृद्ध हाजी सत्तारभाई पठान ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए रुचि पूर्ण अल्पाहार की व्यवस्था की। इस अवसर पर रामकिशोर गोयल, मांगीलाल वैष्णव, रुपाराम सुथार, नैनसिंह पंवार, कैप्टन नारायणसिंह चौहान, पुखराज वैष्णव, नरेंद्र मेवाड़ा, नारायणलाल गर्ग, प्रतापराम राठौड़, राजेंद्रसिंह चौहान, सुखसिंह खंगारोत, वरदीचंद मालवीय, मांगीलाल सुथार, मदन दत्ता, हस्तीमल कंसारा, सखाराम, रतनसिंह चौहान, मोहनलाल सांखला, भुधराम दहिया, भोमाराम लोहार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मंच संचालन सचिव कैलाश जोशी ने किया।

# सीआइ हनवंतसिंह सोढ़ा को मिलेगा डीजीपी सम्मान

## उत्तराखंड से फायरिंग के बदमाशों को पकड़ने की उपलब्धि पर मिलेगा सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** राजस्थान पुलिस विभाग में विशेष योगदान के लिए सादड़ी के सीआइ हनवंतसिंह सोढ़ा को सम्मानित किया जाएगा। सोढा ने कांकरोली थाने में तैनाती के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की थी। उन्होंने फायरिंग कर फरार हुए इनामी बदमाशों को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई में आरोपियों से 14 पिस्टल और बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए थे जो कि पुलिस के लिए एक उपलब्धि थी। पुलिस विभाग की ओर से अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाता है। इसी के तहत सम्मान के लिए जिला, रेंज और यूनिट स्तर से प्रस्ताव मंगवाए गए। चयन समिति ने अपराध नियंत्रण, प्रशासन, कानून-व्यवस्था और इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का चयन किया। इस कड़ी में सीआइ सोढ़ा को डीजीपी प्रशस्ति डिस्क और रोल से सम्मानित किया जाएगा।

# स्कूल की वाटिका में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में रूद्राक्ष वाटिका में गर्मियों को देखते हुए पक्षी संरक्षण को प्रधानाचार्य दलपतसिंह राजपुरोहित के सान्निध्य में परिंडा लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। प्रधानाचार्य राजपुरोहित ने कहा कि अभियान का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण व पक्षियों के प्रति आत्मीय संबंध को बढ़ावा देना है। पर्यावरण प्रेमी व शिक्षक भरत शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में प्रकृति व मानव के बीच आत्मीय संबंधों को पुनर्जीवित किए जाने की आवश्यकता है। रुद्राक्ष वाटिका में सनातन संस्कृति के पूजनीय पेड़ रोपित कर छात्रों व शिक्षकों द्वारा संरक्षण किया जा रहा है। समारोह में व्याख्याता नरपतदास लश्करी, समंदरसिंह, नारायणलाल, मुकेश गुर्जर, गजेन्द्र दहिया, पंचायत शिक्षक गेनाराम मेघवाल, लक्ष्मी मेघवाल, रेखा मीणा, वैशाली राजपुरोहित भी उपस्थित थे। अभियान में विद्यार्थियों द्वारा गर्मियों में अपने घरों की छत पर पक्षियों के संरक्षण के लिए एक मुट्ठी बाजरी, एक लोटा पानी रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# बरसों पुरानी निभाई परंपरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** समीपवर्ती सेवाड़ी में मीणा समाज की ओर से बरसों पुरानी परंपरा को यथावत मनाया गया। रंगपंचमी के दिन बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों ने होली के गीतों व डीजे पर नाचते हुए कडावा परंपरागत तरीके से मनाया गया। महिलाएं रंग व फुलों से सजे कडावा के चारों ओर गोल घेरा बना कर गीतों पर नाचते नजर आई।

# बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति पर किया विचार विमर्श



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** उपखंड क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) दिनेश विश्नोई ने की। बैठक में विधानसभा क्षेत्र बाली के विभिन्न राजनीतिक दलों के ब्लॉक और मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) की नियुक्ति से जुड़े निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्र बाली के मतदान केंद्रों के इपी अनुपात और लैंगिक अनुपात की जानकारी साझा की। साथ ही मतदान केंद्रों में सुधार के लिए उपस्थित सदस्यों से सुझाव मांगे। बैठक में सूचना सहायक नितिश कुमार और निर्वाचन शाखा के सोहनलाल सरेल भी मौजूद रहे। बैठक राजस्थान निर्वाचन विभाग और जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) पाली के निर्देशों के अनुसार आयोजित की गई थी।

# अध्ययन के लिए भेंट किया बेबी फर्नीचर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** कस्बे में स्थित राजकीय बालिका विद्यालय की प्राथमिक कक्षाओं हेतु भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं भामाशाह शांतिलाल लोढ़ा व उत्तमचंद धनराज सिंघवी की ओर से आकर्षक फर्नीचर भेंट किया गया। अतिथियों ने एकमत से विद्यार्थियों को जीवन में सदैव उन्नति के पद पर अग्रसर होने और अपने मूल स्थान घाणेराव गांव को सदैव स्मरण में बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यार्थी जीवन में सफलताएं अर्जित करें और अपने उल्लास में अपने गांव और गांव के प्रति कर्तव्य को सदैव याद रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य तरुण प्रसाद के अनुसार 20 विद्यार्थियों की आवश्यकता पूर्ति हेतु बेबी फर्नीचर का विधिवत अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया। इस फर्नीचर को खरीदने में विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्राप्त राशि का पूर्ण रूप से उपयोग कर लिया गया। भारतीय एयरटेल फाउंडेशन द्वारा आधी राशि का भुगतान किया गया। भामाशाह उत्तमचंद सिंघवी और शांतिलाल लोढ़ा द्वारा शेष चालीस विद्यार्थियों के लिए भी फर्नीचर सेट देने की घोषणा की गई। जिससे सभी विद्यार्थी टेबल कुर्सी पर बैठकर पढ़ सके। विद्यालय की कर्मचारी श्रीमती गिरिजा दवे ने भी एक ऑफिस टेबल भेंट स्वरूप दी। समस्त विद्यालय परिवार ने भामाशाह का आभार प्रकट किया।

# शीतला माता का मेला 21 को

» रांधण षष्ठी 20 तथा शीतला सप्तमी 21 को



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शीतला सप्तमी चैत्र कृष्ण सप्तमी शुक्रवार को मान्य रहेगी। इसी दिन जिले के कई स्थानों पर मेले का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को राधन छठ मनाई जाएगी। शीतला माता पुजारी ओम प्रकाश वैष्णव तथा ज्योतिष एवं वास्तुविद् आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि शीतला माता पूजन का शुभ मुहूर्त सूर्योदय के बाद सवेरे 6:44 से 11:15, 12:21 से 2:15 मध्यान्ह 2:31 से सायं 6:51 बजे एवं सायं 07:32 से रात्रि 9:10 बजे तक श्रेष्ठ है।

## बास्योड़ा बनाने का मुहूर्त

साथ ही इस बार वीदर (बिच्छुडा) मंगलवार एवं रविवार रहित सौभाग्यदायक सप्तमी होने से पूजन का श्रेष्ठ मुहुर्त् प्रातः 06:44 से रात्रि 9:10 बजे तक श्रेष्ठ है। शीतला माता का महाप्रसाद (भोग) बनाने का शुभ मुहूर्त चैत्र कृष्ण षष्ठी (रांधण षठ) गुरुवार सवेरे 6:46 से 8:15, मध्यान्ह 12:21 से 1:09 अभिजित मुहुर्त एवं सायं 05:15 से 6:45 बजे तक शुभ वेला में श्रेष्ठ रहेगा।

## शीतला माता के यह है नियम

» शीतला माता के ज्योत नहीं होती है।
» अगरबत्ती व कपूर नहीं जलाना चाहिए।
» दूध, दहीं, मट्ठा, छाछ, पंचामृत आदि खाद्य सामग्री माताजी के सम्मुख प्रसाद के रुप में चढाई जाती है अतः इन खाद्य सामग्रियों को माताजी के सिर पर या शरीर पर नहीं चढाना चाहिए।
» यह ध्यान रहे कि खंडित फल एवं श्रीफल भगवान को नहीं चढते है। इसलिए नारियल पर यथाशक्ति भेंट के रखकर अखण्ड नारियल ही भगवान को अर्पण करना चाहिए, इससे घर में सुख-शांति एवं समृद्धता बढती है तथा अकाल मृत्यु का नाश होता है।



## बासी भोजन का वैज्ञानिक महत्व

वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाय तो इस मौसम में खाना एक या दो दिन पडा रहता है तो खाने पर फफूंद लगनी शुरु हो जाती है। वैज्ञानिक इस फफूंद को 'पेनासिलीन' नाम से पुकारते हैं। फफूंद शरीर में जाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा होती है। जिससे चेचक, घमोरिया, फोडे-फुन्सी व गर्मी जनित बीमारियां नहीं होती है। वहीं मान्यतानुसार शीतला माता व ओरी माता को प्रसन्न करने से चेचक नहीं होती है। इसके लिए होलिका दहन से लेकर शीतला सप्तमी तक अगता पालते हुए माताजी के गीत गाकर, बासोडे का भोग लगा कर तथा माताजी की कहानियां-वार्ता सुन कर व सुना कर माताजी को



फाइल फोटो

प्रसन्न किया जाता है। आज भी घर में ही पनघट पर शीतला माता व ओरी माता के रुप में दो ईंटें स्थापित कर बासोडे का भोग लगाने की परंपरा चलती आ रही है।

# मूक बधिरों ने उत्साह से मनाया होली महोत्सव

## दिव्यांग सेवा समिति का होली स्नेहमिलन समारोह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** दिव्यांग सेवा समिति पाली से जुड़े जिले के मूक-बधिरों का होली स्नेहमिलन समारोह/होली महोत्सव समिति के अशोक नगर स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। सभी ने सांकेतिक भाषा से हंसी ठिठोली करते हुए रंग गुलाल से जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। पश्चात सभी ने एक पंक्ति में बैठकर भोजन किया। एक दूसरे से विशेष लेंग्वेज भाषा में बात कर परिचय बढ़ाया। लक्ष्मी रांका के निर्देशन में कई प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें मूक-बधिरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कोषाध्यक्ष विनोद जैन ने संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्य म में निखिल शर्मा पाली और मोहनसिंह



सिलोरा गिरादडा ने भी विचार व्यक्त किए। मूक-बधिरों ने सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसेबल आइडी कार्ड बनाने में सरकारी स्तर पर हुई गलतियों से हो रही परेशानी के बारे में पदाधिकारियों को अवगत करवा कर समाधान करवाने की मांग की। मंत्री घेवरचंद आर्य ने जिला कलक्टर एवं संबंधित विभाग से मिलकर समाधान का भरोसा दिलाया। सभी दिव्यांगजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रत्युत्तर में मूक-बधिरों ने हाथ ऊपर उठाकर अंगुलियां हिलाकर सांकेतिक भाषा में तालियां बजाकर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सदस्य मंयक अरोड़ा पाली, महेन्द्र मालवीय बगड़ी नगर, नितिन गौराणा, हार्दिक जैन पाली, शालिनी जैन पाली, ज्योति मालवीय बगड़ी नगर, पूजा गौराणा, वंदिता जैन सहित जिले के कई मूक-बधिर मौजूद थे।

# बजट घोषणाओं का लाभ हर तबके को मिलेः असावा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** अगर जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं दिला पाए तो हमें अपराधबोध की अनुभूति होनी चाहिए। क्योंकि यह हर व्यक्ति का अधिकार है,कि उसे समुचित ढंग से योजनाओं-कार्यक्रमों का लाभ मिले। यह हमारा भी कर्तव्य है कि कोई वंचित न रहे। यह बात जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार को अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। एडीएम नरेश बुनकर, एसडीओ बृजेश गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जिला कलक्टर ने बैठक की शुरुआत बजट घोषणा 2025-26 की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि अब हर काम ई फाइल पर होगा। ऐसे में सभी विभाग इसका सख्ती से पालन करें। अगर प्रशिक्षण की



आवश्यकता है तो डीओआईटी देगा, लेकिन हर हाल में 1 अप्रैल के बाद सभी काम ई फाइल पर ले जाएं। डीईओ (प्रारम्भिक) राजेन्द्र गगगड़ से अपार आईडी, बच्चों के आधार कार्ड की स्थिति, मिड डे मिल को लेकर निर्देश दिए। नाथद्वारा उपखंड में जन्म प्रमाण पत्रों में आ रही समस्या पर कलक्टर ने हाथों-हाथ उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक को फोन कॉल कर तहसीलदार, बीडीओ और सीबीईओ के साथ बैठक कर समन्वय से समाधान करने के निर्देश दिए। ताकि बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र समय पर जारी हो। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता से कलक्टर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल सप्लाई के एक्शन प्लान पर चर्चा की और कहा कि गत वर्षो के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए आमजन को गर्मी में समुचित ढंग से पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करें। कलक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यालयों में काम आने वाली सामग्रियों जैसे फाइल, फोल्डर, कवर, मिड डे मिल के मसाले, बैग आदि राजीविका एसएचजी से क्रय करें क्योंकि ये सामग्रिया न सिर्फ गुणवत्ता से पूर्ण हैं बल्कि बाजार से कम दाम में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सहयोग करेंगे तो एसएचजी की ग्रामीण महिलाएं और सशक्त होंगी।

# ऋणी सदस्य बकाया अल्पकालीन ऋण जमा कर ब्याज अनुदान का ले सकेंगे लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड जालोर की सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अल्पकालीन फसली ऋणी सदस्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा खरीफ सीजन-2024 में लिए फसली ऋण की अंतिम देय तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। ऋणी सदस्य देय तिथि से पूर्व अपना बकाया अल्पकालीन ऋण जमा करवाकर राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा देय 4 प्रतिशत एवं 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ उठा सकते हैं। दी जालोर सेण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. के प्रबंध निदेशक नारायणसिंह चारण ने बताया कि ऋण चुकाने की निर्धारित समयावधि 31 मार्च, 2025 तक अथवा इससे पूर्व बकाया ऋणों का चुकारा करने पर ही किसानों को 4 प्रतिशत एवं 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त होगा साथ ही जो कृषक सदस्य देय निर्धारित तिथि तक बकाया ऋ्रण जमा करवाएंगे, वे अवधिपार होने से बच जाएंगे एवं आगामी खरीफ2025 में पुनः ऋण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने फसली ऋण के सभी कृषक सदस्यों को सूचित किया है कि यदि ऋणी कृषक सदस्य द्वारा निर्धारित देय तिथि तक ऋ्रण नहीं चुकाने से ऋण अवधिपार होने की स्थिति में उन्हें 4 एवं 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान की छूट प्राप्त नहीं होगी। ऋ्रण अवधिपार हो जाने पर कृषक से ऋण वितरण की दिनांक से ब्याज वसूल किया जाएगा तथा वे कृषक पुनः प्राप्त करने के लिए पात्रता नहीं रखेंगे। उन्होंने सभी ऋणी सदस्यों से आग्रह किया हैं कि वे बकाया अल्पकालीन फसली ऋण का चुकारा निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च से पूर्व अपना ऋण यथाशीघ्र जमा करावें।

# शिविरों में अब तक 133936 किसानों ने करवाया पंजीकरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 133936 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत 20 व 21 मार्च को खोखा, वाडा भाडवी, चैनपुरा, नांदिया, सोबडावास व वाडानया में, 20 से 22 मार्च तक भंवरानी, रोडला, पावटा, उम्मेदाबाद, लेटा, सांथू, केशवना, बागरा, रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, मालवाड़ा, सूरजवाड़ा, खारा, पहाड़पुरा, जाखल, मेड़ा जागीर, पुर तथा 21 व 22 मार्च को पांचोटा, बाला व वलदरा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने बताया कि किसानों को इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आईडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा। खराबे की स्थिति में किसानों का चिह्निकरण करना आसान होगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा।

# नए नंदघरों का शुभारंभ

## विधायक माहेश्वरी और हिन्दुस्तान जिंक के सीइओ अरुण मिश्रा ने किया उदघाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक हिन्दुस्तान जिंक की ओर से अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से राजसमंद जिले में 70 नए नंद घरों का शुभारंभ किया गया। कुरज के मंगलपुरा विद्यालय प्रांगण में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा, सीएफओ संदीप मोदी, सीएचआरओ मुनीश वासुदेवा, वेदांता ग्रुप सीएसआर हेड अनुपम निधि, हिंदुस्तान जिंक, जिला प्रशासन के अधिकारी, ग्राम सरपंच और स्थानीय समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों ने कुरज नंदघर का रिबन काटकर एवं अन्य नंदघरों का डिजिटल उद्घाटन किया। आंगनबाडी कार्यकताओं को प्रतिकात्मक चाबी एवं नंदघर के बच्चों को लर्निंग किट दिए। विधायक माहेश्वरी ने समग्र सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में आधुनिक आंगनवाड़ियों के महत्व पर जोर दिया। राजस्थान के प्रारंभिक बाल्यअवस्था में देखभाल और शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में हिन्दुस्तान जिंक और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह राजसमंद के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। नंद घर पहल सरकार, जिला प्रशासन, अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन और हिन्दुस्तान ज़िंक के बुनियादी स्तर पर महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और सशक्ति करण की दिशा में साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है।



## हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं की भूमि है और हिन्दुस्तान जिंक में हम बुनियादी स्तर पर अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 100 से अधिक नंद घरों का उद्घाटन महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पोषण तक पहुंच प्रदान करके ग्रामीण समुदायों को बदलने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। साथ मिलकर हम एक अधिक सशक्त भारत का निर्माण कर रहे हैं। नंद घर अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन की प्रमुख सामुदायिक पहल है। जिसे भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। ये आधुनिक आंगनवाड़ियां पोषण कार्य' मों, डिजिटल प्रारंभिक बाल्यअवस्था की देखभाल व शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और महिला सशक्तिकरण गतिविधियों के माध्यम से व्यापक विकास के अवसर प्रदान करती हैं। यह विस्तार अगले दो वर्षों में राजस्थान भर में 25 हजार नंद घर स्थापित करने के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो स्थायी ग्रामीण परिवर्तन को बढ़ावा देता है।

## महिलाओं पर पड़ा सकारात्मक प्रभाव

नंद घर आधुनिक आंगनवाड़ी हैं जो समग्र महिला और बाल विकास के केंद्र के रूप में कार्य करते हैं। इस मील के पत्थर से पूर्व 31 नंद घरों का उद्घाटन दिसंबर माह में किया गया। जिससे जिले में इन अत्याधुनिक बाल देखभाल और महिला सशक्तिकरण केंद्रों की कुल संख्या इस वर्ष 100 से अधिक हो गई है। राजस्थान में 15 जिलों में 4200 केंद्रों और राजसमंद में लगभग 700 केंद्रों की उपलब्धि का लक्ष्य है। राष्ट्रीय स्तर पर नंद घर पहल ने 15 राज्यों में 7,500 से अधिक आंगनवाड़ियों का आधुनिकीकरण किया है। जिससे 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



# महिला मंडल ने हर्षोल्लास से मनाया फागोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** कस्बे में 24 श्रेणी पालीवाल समाज कांकरोली की महिला मंडल की ओर से पहली बार होली फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिलाएं पारंपरिक वस्त्र पहनकर पहुंची और नाचते गाते फूलों की होली खेली। ठाकुरजी



को फूलों से फाग खेलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर महिला मण्डल की ओर से स्नेह भोज रखा गया।

## न्यूज ब्रीफ

# आवासीय प्रशिक्षण शिविर के लिए मांगे आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** माउंट आबू में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की ओर से 21 मई से 10 जून तक 65 वें केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न खेलों में भाग लेने के इच्छुक खिलाडी 23 अप्रैल तक जिला खेल अधिकारी कार्यालय अरविन्द पैवेलियन सिरोही में आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला खेल अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि शिवर में हैण्डबाल, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स तथा तीरन्दाजी खेलों के खिलाडी आवेदन कर सकते हैं।

# गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

## वॉइस ऑफ सिरोही ग्रुप लगाता है परिंडे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** कस्बे के हडमतिया हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को वॉइस ऑफ सिरोही ग्रुप की ओर से पंक्षियों के लिए महंत प्रकाश गिरी महाराज के सानिध्य एवं विप्र फाउंडेशन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष टाइगर अशोक राजपुरोहित के मुख्य अतिथ्य परिंडे लगाने का अभियान शुरु किया। इस दौरान आश्रम में परिंडे लगाकर उसमे नियमित पानी भरने का संकल्प लिया गया। महंत प्रकाशगिरी ने कहा कि पंक्षियों के लिए भीषण गर्मी मे पेयजल की व्यवस्था करना पुण्य परोपकार और परमार्थ का कार्य है। राजपुरोहित ने कहा कि जीव जन्तुओं की सेवा करना ही ईश्वरीय उपासना है। वॉइस ऑफ सिरोही ग्रुप के नेक सहरानीय कार्य की तारीफ की। गौरतलब है कि पिछले करीब दस वर्ष से ग्रुप की ओर से परिंडे लगाने का कार्य किया जा रहा है। वॉइस ऑफ सिरोही ग्रुप संयोजक सुरेश जुगनू ने सभी का आभार व्यक्त किया। महंत कन्हैया गिरी एवं लक्ष्मणसिंह समेत कई जने मोजूद थे।

# वाहनों की नीलामी कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला आबकारी कार्यालय में गुरुवार को जब्त वाहनों की नीलामी की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया में इन वाहनों की बोली लगाने से पूर्व 20 मार्च को प्रातः कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी में नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाई जाकर टॉकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। टॉकनधारी ही बोली लगाने के लिए पात्र होगा। इस निलामी में कुल 34 वाहनों की नीलामी होगी। जिसमें 9 भारी वाहन, 22 हल्के चार पहिया वाहन तथा 3 दो पहियां वाहन सम्मिलित है। वाहनों के अतिरिक्त विभाग के नकारा घोषित दो सरकारी वाहन जीप एवं महिन्द्रा बोलेरो की सार्वजनिक नीलामी 20 मार्च को रखी गई है।

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कस्बे में कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन को लेकर चर्चा की जाएगी। निर्वतमान ब्लॉक अध्यक्ष सुशीला गोड ने बताया कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार दोपहर 2 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीता बेनिवाल, बद्रीराम जाखड़ पूर्व सांसद, जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, बाली विधानसभा क्षेत्र प्रभारी देवीसिंह सिसोदिया, संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधि बैठक में भाग लंगे। बूथ अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी।

# जूट और कपड़े के बैग की डिमांड अब छू रही आसमान

## जिला प्रशासन के प्रयासों से आमजन अब बढ़ रहे प्लास्टिक से मुक्ति की ओर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद ।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में शुरू किये गए प्रोजेक्ट सक्षम सखी एवं प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत राजीविका एसएचजी की सदस्य ग्रामीण महिलाएं जुट और कपड़े के बैग बना रही है। ताकि समय पर ये जिलेभर में वितरित हो और आमजन में सिंगल यूज प्लास्टिक के बजाय पर्यावरण अनुकूल बैग उपयोग में लाने की आदत विकसित हो सके। जिला कलक्टर भी अभियान की क्लोज मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक ऑर्डर एसएचजी को मिले और बैग भी समय पर तैयार होकर वितरित हो सकें। राजीविका के जिला तकनीकी विशेषज्ञ मुकेश कुमार नवल ने बताया कि



जिला कलक्टर द्वारा फिलहाल 51 हजार जुट और कपड़े के बैग वितरण करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न संस्थाओं द्वारा राजीविका को ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ सुमन अजमेरा ने भी एसएचजी को समय पर ऑर्डर की पूर्ति करने के निर्देश दिए है। ताकि समय पर भुगतान हो सके तथा आगे भी और ऑर्डर मिल सकें। नवल ने बताया कि कलक्टर के प्रयासों से महज चंद दिनों में ही नगर परिषद द्वारा 2000 कपड़े के बैग, 2000 जुट के बैग, पालिका नाथद्वारा ने 4000 कपड़े और 3000 जुट के बैग, पंचायतराज विभाग ने 11000 कपड़े के बैग, खान एवं भू विज्ञान विभाग ने 1000 जूट के बैग और 4000 कपड़े के बैग, पालिका देवगढ़ ने 1000 जुट के बैग और 3000 कपड़े के बैग के एडवांस ऑर्डर दिए हैं। इस तरह अब तक कुल 31 हजार बैग के ऑर्डर मिले हैं और शेष 20 हजार ऑर्डर भी विभिन्न संस्थाओं से चंद दिनों में मिलने की उम्मीद है। जिला कलक्टर असावा ने आमजन से प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# पशुपालकों के हितों के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कुमावत



## कैबिनेट मंत्री कुमावत ने ली गौशाला संचालकों की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** कैबिनेट व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार गोपालकों, पशुपालकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए हर संभव कार्य कर रही है। वे मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिले के गौशाला संचालकों व पशुपालकों की विशेष बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गाय को भारतीय संस्कृति में माता का दर्जा दिया गया है और पूजनीय माना गया है। हमें इनकी सेवा करनी चाहिए और पूरा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर से अनेक लाभकारी वस्तुएं बनाई जाती है जो अत्यंत लाभकारी है।

**गोवंश के संरक्षण व संवर्धन पर दिया जोर**

उन्होंने सरकार द्वारा विभिन्न पशुओं के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, गौशालाओं के अनुदान में बढोतरी, गौवंश व नंदी पशुओं के संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों, पशुओं के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट व निशुल्क चिकित्सा वैन में डाक्टर व कम्पाउंडर की व्यवस्था, जिले में पशु चिकित्सों की नियुक्ति, बछड़ियों की संख्या बढ़ाने के केन्द्र व राज्य सरकार की योजना में सब्सिडी, नए भवनों के लिए स्वीकृतियां, अन्य साधन सुविधाओं व पाली जिले में पंचायत स्तर पर सुविधाओं के विस्तार, जिले में ज्यादा से ज्यादा नंदीशाला खोलने व उनके ध्यान रखने के लिए कार्य तथा गौपालकों के लिए और सुविधाएं दिए जाने के बारे में जानकारी दी।

### निराश्रित गौवंश को मिलेगा सहारा

कुमावत ने गौशाला संचालकों की बैठक में अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए कि जिन गौशालाओं में कम गौवंश हैं, उन गौशालाओं में बाहर सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंशों को पहुंचाकर गौशालाओं को राजकीय अनुदान दिलाने की व्यवस्था करें। उन्होंने गौशाला संचालकों से रूबरू होकर व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। गौशाला संचालकों ने बजट घोषणाओं के लिए सरकार का आभार जताया।

### इन्होंने भी किया संबोधित

कलक्टर एलएन मंत्री ने जिले में चल रही गौशालाओं और विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी। पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने भी अपनी बात रखी। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक ओपी बुनकर और उप निदेशक डॉ मनोज पंवार ने जिले में गौशालाओं के अनुदान व अन्य कार्यों के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष राजस्थान गौ सेवा संघ गिरधारीसिंह ने गौशाला संचालको की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। अतिथियों का स्वागत किया गया।

### पशुपालकों के हितों का रखा जाएगा ध्यान

उन्होंने गौशाला संचालकों व पशुपालकों द्वारा रखी गई समस्याओं और सुझावों को सुना व हरसंभव समस्याओं के समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पशुपालकों के सभी हितों को ध्यान रखा जाएगा।

### यह भी रहे मौजूद

अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनीसिंह पंवार, पूर्व उपसभापति मूलसिंह भाटी, पशुपालन विभाग के संबंधित अधिकारी, संतोष महाराज, मोतीसिंह राजपुरोहित, भीमसिंह, सुनील भंडारी सहित बड़ी संख्या में गौशाला संचालक व पशुपालक मौजूद थे।

---

**विप्र फाउंडेशन राजस्थान की बैठक में किया निर्णय**




# सर्व जातियों का जयपुर में होगा यज्ञोपवीत संस्कारः गौड

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पारीक आश्रम पुष्कर में विप्र फाउंडेशन राजस्थान की रीजनल बैठक राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी की अध्यक्षता, संस्थापक संयोजक सुशील ओझा के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय महामंत्री केके शर्मा व पवन पारीक के सानिध्य में आयोजित की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के जितेंद्र गौड़ ने बताया कि पूर्ववत कार्यो सेंटर फॉर एक्सीलेंस (भगवान परशुराम ज्ञान पीठ) अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम कुण्ड पर चौदह करोड़ की लागत से बन रही भगवान परशुराम की 54 फीट की प्रतिमा, ई शंकर लाइब्रेरी, हर जिले में ई मित्र का शुभारंभ समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। विफा के संगठनात्मक संरचना में प्रत्येक दायित्वधारी कार्यकर्ता को पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करने पर जोर दिया। विप्र फाउंडेशन की ओर से अगस्त -सितंबर माह में समस्त सनातनी समाज को विधि विधान से यज्ञोपवीत धारण करवाने को लेकर विराट यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम जयपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के जिलए गिरीश जोशी को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में विप्र फाउंडेशन जोन प्रथम से जोन प्रभारी नवीन जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन राहुल शर्मा, प्रदेश महामंत्री दिनेशकुमार दवे, पाली जिलाध्यक्ष प्रमोद दवे समेत राजस्थान के समस्त जिलाध्यक्ष समेत 133 कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

>> पिण्डवाड़ा आबू विधानसभा क्षेत्र का होली स्नेह मिलन समारोह

# 'भाजपा का हर कार्यकर्ता मजबूती के साथ पार्टी में करें काम'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

*__पिण्डवाड़ा।__ वरली स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विधायक समाराम गरासिया की ओर से मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित के आथित्य में पिण्डवाड़ा आबू विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज मां भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विधायक गरासिया ने कार्यकर्ता तथा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने संगठन की ओर से प्रेमभाव से किए जा रहे कार्य की सराहना की। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को होली की बधाई दी।*





### यह भी रहे मौजूद

प्रदेश किसान मोर्चा गणपतसिंह, महामंत्री नरपतसिंह राणावत, योगेंद्र गोयल, जिला उपाध्यक्ष किरण राजपुरोहित, हेमेंद्रसिंह, जिला मंत्री भुवनेश राजपुरोहित, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशु वशिष्ठ, झाड़ोली मंडल कालूराम माली, रोहिड़ा मंडल कसनाराम देवासी, माउंट से सुनील आचार्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश थिंगर, साबिर कुरैशी, पिण्डवाड़ा मण्डल संतोष गहलोत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महावीर यति, पूर्व महामंत्री रमेश खांडेलवाल, रमेश मूमल, पूर्व चैयरमेन भंवर पटेल, कमलेश राजगुरु, सुशील प्रजापत, हितेश रावल, जितेन्द्र पुरोहित, हनीश रावल, नकुल ओझा, श्रीपालसिंह कबावत, शक्तिपालसिंह, सुरेंद्रसिंह, वरली सरपंच बाबूलाल गरासिया, मोरस सरपंच सरमाराम गरासिया, कालूराम सेन, एसटी मोर्चा धन्नाराम मीना, वागाराम देवासी, रम्बादेवी, रतन गरासिया लोटाना, वीरवाड़ा सरपंच योगेश रावल, पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र प्रजापत, रमेश रावल मालेरा, रोहिड़ा सरपंच पवन राठौड़, शांतिलाल रावल, विनोद दवे, हिम्मत पुरोहित, हीरालाल चौधरी, लक्ष्मण राजपुरोहित, पुनीत रावल, रमेश राजपुरोहित, नारायण प्रजापत, गोरधन मोरेशा, जीतू देवासी, राधेश्याम गर्ग, कल्पेश सोनी, प्रवीण जीनगर, आशाराम गरासिया, भंवर गरासिया, भंवर प्रजापत, नारायण प्रजापत, दीपाराम पुरोहित, केवल प्रजापत, माधव विवि के चैयरमेन राजकुमार राणा, पुलिस उप अधीक्षक भंवरलाल चौधरी, थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत, ओमप्रकाश विश्नोई, अधिशाषी अधिकारी महेंद्र राजपुरोहित समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

# सर्पदंश से बालक की मौत

> खेत में काम करते समय हुआ हादसा, अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** खाखरवाड़ा में मंगलवार को खेत में काम करते बालक को कोबरा सांप के डसने से मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन, बीच रास्ते में बालक ने दमतोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार खाखरवाड़ा निवासी दस वर्षीय रुद्रकुमार उसके पिता वरधाराम चौधरी के साथ खेत में था। इसी दौरान अचानक कोबरा सांप ने उसके पैर में डस लिया। बच्चे के चिल्लाने पर परिजनों ने देखा कि एक कोबरा सांप बिल में घुस गया है। कुछ ही देर में बच्चे के मुंह से झाग निकलने लगे एवं वह बेहोश हो गया। परिजन तुरंत उसे सरूपगंज अस्पताल ले कर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे अन्यत्र रैफर किया। परिजन उसे आबूरोड लेकर जा रहे थे। उसी दौरान रूद्र ने रास्ते में दमतोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों के सुपुर्द किया।

---



# पेंथर को शिकार करते देख पर्यटक हुए रोमांचित

*जंगल सफारी के दौरान काफी करीब से शिकार होते देख पर्यटक काफी देर तक स्तब्ध ही रहे*

**दिलदार भाटी @ जागरूक टाइम्स**

**देसूरी।** सृष्टि का जीवनचक्र जैव विविधता पर आधारित है। मांसाहारी प्रवृति के जीवों को जीवन यापन के लिए अपने से कमजोर अथवा छोटे जीवों का शिकार करना ही पड़ता है। इसे यूं कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जंगल में हर जीव किसी न किसी पर आश्रित है। अरावली पर्वतमाला सदियों से जंगली जीवों की बहुतायत वाला क्षेत्र रहा है। पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू से लेकर विशाल भू भाग में फैली अरावली पर्वतमाला कालांतर में शेर, चीतों सहित असंख्य शाकाहारी व मासाहारी जीवों से भरी रही है। समय के साथ जैव विविधता घटती गई तो कई जीवों का जीवन खतरे में पड़ गया अथवा उन्हें अन्यत्र पलायन करना पड़ गया। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में सिरोही, जालोर, पाली व समीपवर्ती उदयपुर जिले की पहाड़ियों व जंगलों में पेंथर, भालू आदि की संख्या में बढ़ोतरी होने से अक्सर इन्हें देखा जाने लगा है। पाली जिले में जवाई लैपर्ड कंजर्वेशन एरिया बनने के बाद गोडवाड़ क्षेत्र में लेपर्ड/पेंथर/तेंदुआ की तादाद बढ़ी है। जंगली जीवों को देखने में रूचि रखने वाले देसी विदेशी पर्यटकों की आवक भी इस क्षेत्र में बढ़ने से रोजगार बढ़ने से कई लोगों को आर्थिक संबल मिला है।

### कभी कभार ही नजर आते है ऐसे पल

खैर, इस क्षेत्र में पेंथर की तादाद बढ़ने के साथ श्वानों के साथ कई पालतू पशु भी इनका निवाला बनने लगे है। बहरहाल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिला है एवं आए दिन लोग जंगल की सेर करने आने लगे है। कई बार पर्यटकों को कई घंटों गाड़ियों में विचरण के बाद भी जंगली जीवों की झलक तक नहीं मिलती लेकिन, कई बार पेंथर अठखेलियां करते मिल जाते है तो पर्यटकों के आनंद की सीमा नहीं रहती। लेकिन, बहुत कम मौका ऐसा आता है जब कोई पेंथर किसी अन्य जीव का शिकार करते नजर आ जाए।

### अचानक ऊंछला पेंथर और दबोच लिया श्वान

उपखंड क्षेत्र के छोड़ा गांव में मंगलवार को घूमने निकले पर्यटकों के दल को करीब से ऐसा नजारा देखने को मिल गया। एक सफारी चालक पर्यटकों के दल को जंगल में घुमाने ले गया था। इस दौरान जैसे ही वाहन क्षेत्र के तिरकी माताजी क्षेत्र के पास की पहाड़ी के करीब पहुंचा। अचानक पहाड़ी चट्टान पर एक तेंदुआ (पेंथर) नजर आ गया। पर्यटक उसे देख ही रहे थे कि अचानक पेंथर हवा में ऊंछला। पर्यटक एक बार तो समझ ही नहीं पाए कि हुआ क्या है। लेकिन, दूसरे ही पल पेंथर के जबड़ों में श्वान फंसा नजर आया जो चिल्ला रहा था। यह पल देख पर्यटक रोमांचित हुए बिना नहीं रह पाए। सफारी चालक ने इस पूरे घटनाक्रम को कैमरे में कैद कर लिया। अचानक घटे घटनाक्रम से एकाध पर्यटक ने भी वीडियो बनाया, नहीं तो शेष पर्यटक तो अचंभित ही खड़े रहे। पेंथर श्वान को दबोच चट्टान के पीछे ओझल हो गया। देसूरी क्षेत्र तेंदुओं के संरक्षण के लिए जाना जाता है। यह जवाई लैपर्ड कंजर्वेशन एरिया के बाद दूसरे नंबर का सबसे बड़ा तेंदुआ संरक्षण क्षेत्र है। यहां रोजाना सैकड़ों पर्यटक तेंदुए देखने के लिए आते हैं।

---

**नाडोल-गुड़ा मांगलियान रोड पर हुआ हादसा**

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार चाचा की मौत, भतीजा घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** थाना क्षेत्र में नाडोल-गुड़ा मांगलियान रोड पर मंगलवार दोपहर पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई एवं अन्य एक युवक घायल हो गया। मृतक व घायल आपस में चाचा-भतीजा है। पुलिस के अनुसार गुड़ा मांगलियान गांव निवासी हिम्मतराम प्रजापत (42) और उसका भतीजा पेमाराम (32) बाइक से सादड़ी जा रहे थे। नाडोल-गुड़ा मांगलियान रोड पर पीछे से आ रही एक पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। दोनों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हिम्मतराम को मृत घोषित कर दिया। पेमाराम का अस्पताल में इलाज जारी है। सादड़ी थाने के हैड कांस्टेबल खेताराम मीणा ने बताया कि फिलवक्त दोनों वाहन जब्त कर लिए गए है।



---

# सुरक्षा एजेंसियों ने किया अमीरगढ़ बॉर्डर का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गुजरात के पालनपुर एसपी अक्षयराज के नेतृत्व में सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार रात को अमीरगढ़ बॉर्डर का निरीक्षण किया। असामाजिक तत्वों व असामाजिक गतिविधियों पर सरकार के आदेश के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बनासकांठा के पालनपुर व डीसा समेत कई शहरों में असामाजिक तत्वों और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। हालांकि, राजस्थान और गुजरात को जोड़ने वाली सीमा पर भी पुलिस का विशेष अभियान चल रहा है। संवेदनशील अमीरगढ़ सीमा पर एएसपी, डीवाईएसपी, एलसीबी, एसओजी व डॉग स्क्वॉयड की टीमों ने जिला पुलिस अधीक्षक के साथ जांच की। अमीरगढ़ सीमा पर पुलिस ने वाहनों की सघन जांच की। वाहन चालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया गया। एसपी ने घातक हथियारों, नशीले पदार्थ की गुजरात में तस्करी की रोकथाम के निर्देश दिए। पुलिस की ओर से अवैध रूप से रहने वाले व अवैध रूप से कब्जा किए हुए 221 असामाजिक तत्वों की सूची तैयार की गई है। जिन पर पुलिस बुलडोजर चलाएगी। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



**पालनपुर एसपी के नेतृत्व में किया निरीक्षण**

---

# चोरी के आरोपियों की ओर से छोड़े गए कट्टे में मिला मोर का शव

>>> सोमवार को हुई चोरी की वारदात में ग्रामीणों ने पकड़े थे चोरी के दो आरोपी

**ग्रामीणों में आक्रोश**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे में सोमवार दिन दहाड़े हुई चोरी की वारदात के सीसीटीवी फुटैज के आधार पर पुलिस कुछ करती, इससे पहले ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को ढूंढ निकाला व पुलिस के हवाले कर दिया। चोरी की वारदात को लेकर सरपंच श्रीमती दाखुदेवी भील की ओर से थाने में रिपोर्ट देने पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई थी। लेकिन, ग्रामीणों की तत्परता ही आरोपियों को ढूंढ निकालने में काम आई। उधर मंगलवार को चोरों द्वारा आखरिया चौक में छोड़े गए प्लास्टिक कट्टे को अलसुबह कुत्तों के नोचने व उससे आती तेज बदबू के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर फिर से पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के समक्ष प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली गई। जिस पर उसमें भंगार/स्क्रेप के साथ शिकार किया हुआ राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिला। इस पर लोगों में आ'ोश बढ़ गया। पुलिस ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग के रेंजर पुष्पेन्द्रसिंह ने वन विभाग की रितू भाटी के साथ च' वर्तीसिंह, प्रवीणसिंह, मांगीलाल सहित पूरी टीम को पशु चिकित्सालय भेजा। जहां सुमेरपुर पशु चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ मुकेश चावला ने डॉ शिवचरणसिंह राणावत के साथ तीन डॉक्टरों की टीम गठित कर मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव का पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद मोर के शव का ससम्मान सुमेरपुर वन विभाग रेंज में अंतिम संस्कार करने की बात कही। सरपंच की ओर से मोर के शिकार को लेकर थाने में अलग से रिपोर्ट दी गई है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.



--
सांडेराव फोटो 01 व 02